ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 02:16
उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 5 जून 2025
वर्ष 3, अंक 292, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात 12

तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली 13

## दो चरणों में होगी राष्ट्रीय जातीय जनगणना, 16 जून को अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में 1 अक्टूबर 2026 से
- देश के बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से शुरू होगी

लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी जबकि बाकी देश में इस प्रक्रिया की शुरुआत एक मार्च, 2027 से होगी।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जातिगत गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 2026 के पहले अक्टूबर की आधी रात बारह बजे होगी। इस आशय की अधिसूचना संभवतः 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।

भारत की पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहला चरण एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 के बीच चला था और दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2011 तक चला था। मंत्रालय ने बताया कि जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था।

पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा।

## केंद्रीय करों में 50 प्रतिशत दी जाए राज्य को हिस्सेदारी

### लखनऊ में 16वें वित्त अयोग की बैठक में उठाई गई मांग, मुख्यमंत्री योगी ने वित्त आयोग को पत्र भी सौंपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त आयोग से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। राज्य ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए की मांग भी की।



राजधानी पहुंचे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी साझा की। लोकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में कहा कि इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है।

### आयोग बाद में लेगा निर्णय : पनगढ़िया

आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकारों से कहा कि 28 में से 22-23 राज्यों ने करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये मांग बहुत ज्यादा है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय आयोग बाद में लेगा। आयोग की केंद्र व राज्य सरकार के बीच करों की हिस्सेदारी को लेकर सिफारिशें आगामी वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।

### बेहतर कार्य से निकाला हल

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उप्र. में राजस्व की दिक्कतों का हल बेहतर कर किया गया है। राजकोषीय घाटा भी करीब तीन % के आसपास है। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) द्वारा मापी गई आय अंतर (इनकम डिस्टेंस) मानदंड का भार पहले की तरह 45 % रखने की मांग की है।

# मातम में बदला जश्न, 11 की मौत

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के प्रयास में भगदड़, 33 लोग घायल | स्टेडियम के बाहर आरसीबी टीम के स्वागत को उमड़ी थी लाखों की भीड़ | मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की मृतकों के परिजनों को 10 लाख देने की घोषणा

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब जीतने का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब जश्न में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने से मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और लगभग 33 लोग घायल हो गए। टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए ।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास दो-तीन लाख से अधिक लोग आए थे, किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी।



आईपीएल 2025 जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सम्मान समारोह के दौरान उमड़ी प्रशंसकों की भीड़। ● एजेंसी

### फिर भी स्टेडियम के भीतर जारी रहा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू कर दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के भीतर हालांकि खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जारी रहा जिसमें खिलाड़ियों ने भाषण दिए, संगीज बजा और आतिशबाजी भी हुई। कोहली ने कहा कि यह आप सभी के लिए है, प्रशंसकों के लिए और इस शानदार शहर के लिए, उन लोगों के लिए जिन्होंने कठिन समय में भी आरसीबी का साथ दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। घटना की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है और मृतकों की संख्या बढने की आशंका है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिए थी और सुरक्षा को ध्यान में रखना था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।



भगदड़ में घायल प्रशंसक को अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के मुद्दे पर दलों में चर्चा शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसद में संयुक्त रूप से लाया जाए महाभियोग प्रस्ताव : रीजीजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने में सभी राजनीतिक दलों को साथ लेने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को 'राजनीतिक चश्मे' से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के उद्देश्य से की जा रही यह कवायद एक 'सहयोगात्मक प्रयास' हो। उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने दोषी ठहराया है।

रीजीजू ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सरकार चाहती है कि सभी दल न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए 'संयुक्त रूप से' प्रस्ताव लाएं। रीजीजू ने कहा कि वह छोटे दलों से संपर्क करेंगे, जबकि सभी प्रमुख दलों को न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला किसी एक राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं होता। भ्रष्टाचार के खतरे से लड़ना सभी दलों का रुख है, चाहे वह न्यायपालिका हो या कोई और क्षेत्र। मंत्री ने कहा कि अधिकांश दल इस मुद्दे पर आंतरिक चर्चा के बाद अपना रुख बताएंगे।



### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

## सिक्किम में फंसे हैं 113 पर्यटक

गंगटोक, एजेंसी

- बचाव को लाचेन गांव तक पहुंचे सेना के जवान

सेना के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन गांव तक पैदल मार्ग बनाकर वहां फंसे 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाने में सफल हो गए हैं। यह क्षेत्र मंगन जिले में भारी बारिश के बीच हुए कई भूस्खलनों की वजह से बाकी राज्य से पूरी तरह से कटा हुआ था।

बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में फंसे इन पर्यटकों को जल्द ही निकाला जाएगा। बयान में कहा गया है कि सेना ने लाचेन गांव तक पैदल संपर्क स्थापित किया है और फंसे हुए 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाई है, जिन्हें जल्द ही निकाला जाएगा। भारतीय सेना के जवान उत्तरी सिक्किम में स्थानीय लोगों और फंसे हुए पर्यटकों की सहायता के लिए खतरनाक इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। दो दिन पहले लाचुंग और चुंगथांग से कम से कम 1,678 पर्यटकों को बचाया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को सिक्किम में आंधी और भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

### अमेरिकी नागरिकों सहित 33 को निकाला

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने सिक्किम के सुदूर चाटेन क्षेत्र से दो अमेरिकी नागरिकों सहित 33 लोगों को निकाला है। वायु सेना ने एक्स पर बचाव अभियान की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में कहा गया कि हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान शुरू किया।

### कर्नल और परिजनों की तलाश में तेजी

उत्तरी सिक्किम में लाचेन के चाटेन क्षेत्र में सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीतपाल सिंह संधू, उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर आरती संधू (सेवानिवृत्त) और बेटी अमायरा संधू सहित छह लोगों की तलाश और तेज कर दी है। रविवार शाम को चाटन क्षेत्र में भूस्खलन के कारण सेना के एक शिविर के ध्वस्त हो जाने के बाद से इन लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

## अपने जन्मदिन पर श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे योगी

- राजा राम समेत देवों की प्राण प्रतिष्ठा के बनेंगे साक्षी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में राजा राम और परकोटे में विराजमान अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का गुरुवार को भव्य आयोजन होगा जिसके साक्षी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। अपने 53वें जन्मदिन पर वे श्रीराम का आशीर्वाद भी लेंगे। मुख्यमंत्री के सरयू नदी के त्रयोदशी महोत्सव में पहुंचने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। सरयू तट पर रामकथा पार्क के समीप पुष्प वाटिका में एक पेड़ मां के नाम लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी करेंगे।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तात्पर्य अपमानजनक टिप्पणी नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ



- सेना पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को नहीं दी राहत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका को 29 मई को खारिज किया था। हालांकि तब न्यायालय ने विस्तृत फैसला बाद में देने को कहा था, इसी क्रम में विस्तृत फैसला देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का तात्पर्य किसी व्यक्ति या संस्था पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने दिया है। न्यायालय ने कहा है कि परिवादी उदय शंकर श्रीवास्तव के वाद पत्र व गवाहों के बयान को देखने से प्रथम दृष्टया राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत सेना का अपमान कारित करने का मामला बनता है लिहाजा मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उनको विचारण के लिए तलब करने के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उक्त परिवाद में राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए तमाम बातें कही थीं जिनमें उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि सभी व्यक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और इसलिए राहुल गांधी को भी अपनी असहमति प्रकट करने का अधिकार है। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को यह कहकर नकार दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का तात्पर्य किसी व्यक्ति या सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

न्यायालय ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की इस दलील को भी नामंजूर कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धारा 500 के तहत मानहानि का मुकदमा सिर्फ सीधे तौर पीड़ित व्यक्ति ही दाखिल कर सकता है।

## ट्रक के वैन पर पलटने से नौ की मौत, दो घायल

झाबुआ, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के हुआ हादसा

मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के सीमेंट से लदे एक ट्रक के वैन पर पलट जाने से पांच नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री की ओर से मृतकों के वारिसों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना आधी रात के बाद करीब ढाई बजे हुई जब कुछ लोग वैन से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतकों में पांच नाबालिग हैं। मरने वालों में दो परिवारों के लोग हैं। झाबुआ के एसपी पद्म विलोचन शुक्ला ने बताया कि ट्रक मेघनगर के संजेली रेलवे फाटक के पास एक अस्थायी सड़क से निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज को पार कर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर वैन पर पलट गया।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी में यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। वह जासूसी के आरोपों में नई दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में था और पड़ोसी देश की तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से कमजोर होता है जन विश्वास

### ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में गोल मेज सम्मेलन में बोले प्रधान न्यायाधीश गवई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है।

ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशयल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी प्रणाली की शुचिता में विश्वास खत्म हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि, इन मसलों पर त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई करके ही इस विश्वास को फिर से कायम किया जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्ति अक्सर बहस का मुद्दा बनी रहती हैं, इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी नियुक्तियों का समय और प्रकृति न्यायपालिका की शुचिता में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि सरकारी नियुक्तियों या राजनीति में आने से लिए न्यायिक निर्णय लिया गया।



### भारत में कदाचार से निपटने को उचित उपाय किए

सीजेआई ने कहा कि भारत में जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार से निपटने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है। वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि प्रत्येक लोकतंत्र में, न्यायपालिका को न केवल न्याय प्रदान करना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रख सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायिक वैधता और जनता का विश्वास शब्द आपस में जुड़े हुए हैं।

# सबसे बड़ी रिकवरी : साइबर थाना ने 3.72 लाख लोगों के वापस कराए 2.15 करोड़

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रसाद वितरण के नाम पर 6.30 लाख लोगों से ठगे गये थे 3.85 करोड़

▸▸ साइबर थाना पुलिस ने विदेशी नागरिक आशीष कुमार को किया था गिरफ्तार

▸▸ फर्जी वेबसाइट बनाकर की गई थी वारदात

अयोध्या कार्यालय।


डॉ. गौरव ग्रोवर एसएसपी

**अमृत विचार :** साइबर थाना पुलिस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान फर्जी वेबसाइट बनाकर प्रसाद वितरण के नाम पर 3.72 लाख लोगों से ठगे गए 2.15 करोड़ रुपये वापस कराने में सफलता पाई है। साइबर फ्रॉड की जिले में अब तक की यह सबसे बड़ी रिकवरी मानी जा रही है। उक्त वेबसाइट के माध्यम से ठग ने 6.30 लाख लोगों से 3.85 करोड़ रुपये की ठगी की थी। इस संबंध में साइबर थाना पुलिस ने 17 जनवरी 2024 को केस दर्ज कर आरोपी विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर उसके खाते को सीज किया था।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 17 जनवरी 2024 को तत्कालीन साइबर थाना प्रभारी आलोक वर्मा को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति राम जन्मभूमि क्षेत्र में लोगों से 22 जनवरी 2024 को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले अनुष्ठान के बाद फ्री प्रसाद उपलब्ध कराने की बात कह रहा है। इसके नाम पर वह भारतीय नागरिकों से न्यूनतम 51 रुपये व विदेशी नागरिकों से न्यूनतम 11 डालर आपूर्ति शुल्क के नाम पर वेबसाइट khadiorganic.com के माध्यम से अपने खाते में ले रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने विदेशी नागरिक आशीष कुमार के विरुद्ध धोखाधड़ी, पासपोर्ट अधिनियम 1967 समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### केवीआईसी की जांच में फर्जी निकली थी वेबसाइट


जनवरी 2024 में बनी khadiorganic.com वेबसाइट से ठगी करने की शिकायत पर खादी व ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा वेबसाइट के खिलाफ जांच की गई थी। जिसमें पता चला था कि यह वेबसाइट फर्जी है। यह भी पता चला था कि कंपनी की वेबसाइट पर पता नोएडा का है, जबकि जो नंबर दिए गए हैं, उसमें से कई बंद और कुछ व्यस्त मिले, जिससे बात नहीं हो पाई है। जिसके बाद खादी नाम का इस्तेमाल करने पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था।


प्रतीकात्मक

### पुलिस प्रशासन ने की थी अपील, झांसे में न आएं

उक्त वेबसाइट के माध्यम से आरोपी प्रसाद के साथ भगवान राम की तस्वीर वाली टी-शर्ट, रामनाम की चरण पादुका, भगवान राम के नाम के झंडे, व अन्य वस्तुएं प्रदान करने का भी झांसा दे रहा था। इसको लेकर राम मंदिर से जुड़े लोगों ने स्पष्ट भी किया था कि इस तरह से प्रसाद वितरण के लिए ट्रस्ट ने किसी को भी अधिकृत नहीं किया है। विहिप नेताओं ने कहा था कि भगवान श्रीराम के प्रसाद और खादी दोनों को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने भी लोगों से अपील की थी कि इस तरह के झांसे में न आएं।

एसएसपी के अनुसार विवेचना के दौरान पता चला कि उसने प्रसाद वितरण के नाम पर करीब 6 लाख 30 हजार 695 लोगों से 3 करोड़ 85 लाख 55 हजार 739 रुपये ठगी कर विभिन्न पेमेंट गेट-वे जैसे यस बैंक, पेटीएम, फोनपे, यूपीआई समेत अन्य माध्यम से रुपये को अपने खाते में लिया था। इसके बाद उसका खाता सीज कर दिया गया था। बाद में वर्तमान साइबर थाना प्रभारी अरशद खान द्वारा कार्रवाई करते हुए पीड़ित श्रद्धालुओं में 3 लाख 72 हजार 520 को 2 करोड़ 15 लाख 8 हजार 426 रुपये की धनराशि विभिन्न पेमेंट गेट-वे के माध्यम से वापस कराया। एसएसपी के अनुसार शेष राशि 1 करोड़ 70 लाख 47 हजार 313 रुपये वापस कराए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही अन्य सभी के रुपये भी वापस करा दिए जाएंगे।


डीआरसी के जमादार लाला परेड ग्राउंड 5 वीं अग्निवीर पासिंग आउट परेड की सलामी लेते एडीजी राष्ट्रीय राइफल्स मेजर जनरल अनुपम भागी व डीआरसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर जितेन्द्र शर्मा।

## प्रशिक्षण पूरा कर 401 बने अग्निवीर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** डोगरा रेजीमेंटल सेंटर के ऐतिहासिक जमादार लाला परेड ग्राउंड में बुधवार को पांचवीं अग्निवीर कोर्स की पासिंग आउट परेड गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। एडीजी राष्ट्रीय राइफल्स मेजर जनरल अनुपम भागी वाईएसएम, एसएम व डोगरा रेजीमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर जितेन्द्र शर्मा ने परेड की सलामी ली।

समारोह में 401 अग्निवीरों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर देश की सेवा व संविधान के प्रति निष्ठा और सेना के आदर्शों के पालन की शपथ ली। अग्निवीरों को 31 सप्ताह तक सामरिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार संचालन, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट व बैटल क्राफ्ट का कठोर सैन्य प्रशिक्षण दिया गया। परेड में अग्निवीरों ने सटीक व समन्वित कदमों से अपनी सैन्य दक्षता व उच्च मनोबल का प्रदर्शन किया। यह आयोजन न केवल डोगरा रेजीमेंट की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक था, बल्कि सेना की भावी पीढ़ी के निर्माण की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह परेड भारतीय सेना के प्रति अग्निवीरों के संकल्प और समर्पण के साथ देश की रक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की ओर संकेत करती है। इस अवसर पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, गणमान्य व अग्निवीरों के परिजन मौजूद रहे।

# पेयजल, स्वच्छता व मार्ग में आया सुधार : महापौर

## नगर निगम के दो वर्ष पूरे होने पर नगर उपलब्धि समारोह आज

अयोध्या कार्यालय।


सर्किट हाउस में वार्ता करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व अन्य।

**अमृत विचार:** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि नगर निगम के नए बोर्ड के दो साल पूरे होने के मद्देनजर रामकथा पार्क में गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे नगर उपलब्धि समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शामिल होने का अनुरोध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकार कर लिया है।

वह बुधवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि नगर के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। पेयजल, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, नालों-नालियों, सड़कों एवं गलियों के निर्माण, स्वच्छता के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है, जिसकी नीति आयोग ने भी प्रशंसा की है। इन उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सरयू नदी स्थित पुष्प वाटिका पर पौधरोपण किया जाएगा। सफाई-कर्मियों का सम्मान होगा। रामकथा पार्क में समारोह को मुख्यमंत्री योगी आदित्य संबोधित करेंगे। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आठ प्रकार की इकाइयां स्थापित की गई हैं। उपवन योजना के तहत कुशमाहा, अब्बूसराय क्षेत्र में मियावाकी पार्क एवं ओपन स्पेस के माध्यम से हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए दो करोड़ 88 लाख रुपये की परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।

उन्होंने बताया कि 31 स्थानों पर दो करोड़ रुपये की लागत से जर्जर पाइप लाइन बदली जा रही है। 24 गुणे 7 परियोजना के तहत नल से जल के लिए 109 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहा है। इसके अलावा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को 12 से बढ़ाकर 18 एमएलडी किया गया। इससे उपचारित कर पानी सरयू नदी में छोड़ा जाएगा। सेप्टिक टैंक से निकलने वाले फ़ीकल स्लज के निस्तारण के लिए 32 के केएलडी क्षमता का एफएसटीपी प्लांट विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि 25 नगर स्मार्ट वाटर एटीएम, 22 वाटर किओस्क, 82 वाटर टावर व 50 ट्यूबवेल का निर्माण कराया गया है, जिससे नगर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं के समाधान के लिए 'स्थानीय सरकार आपके द्वार' अभियान महापौर की अगुवाई में संचालित किया जा रहा है। इस मौके पर उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद अनिल सिंह, सूर्यकुमार तिवारी, विशाल पाल, सौरभ सूर्यवंशी त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

### राजेश गौड़ की अगुवाई में आयोजन समिति गठित

नगर निगम के दो वर्ष पूर्ण होने पर 05 जून को आयोजित नगर उपलब्धि समारोह के लिए उपसभापति राजेश गौड़ के नेतृत्व में आठ सदस्य कमेटी गठित की गई है। जिसमें पार्षद गरिमा, अनिल सिंह, विशाल पाल, सौरभ सूर्यवंशी, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, अंकित त्रिपाठी, अर्चना श्रीवास्तव शामिल हैं।

### चूहों ने उड़ाई 15 हजार उपभोक्ताओं की बिजली

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शहर अंगूरीबाग रोड पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर का तार चूहों ने मंगलवार रात करीब आठ बजे कुतर दिया। इससे हुए शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में आग लग गई और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इससे क्षेत्र की करीब 15 हजार उपभोक्ताओं को रातभर परेशानियों का सामना करना पड़ा। जेई नरेश जायसवाल ने बताया कि अंगूरीबाग रोड पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में अक्सर चूहे घुस जाते हैं। जिसका मुख्य कारण है कि ट्रांसफार्मर के निकट कूड़ा-करकट डाला जाता है। बताया कि विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग के बाद ट्रॉली-ट्रांसफार्मर मंगवाकर लगाया गया। जिससे बुधवार सुबह करीब चार बजे विद्युत सप्लाई बहाल करा दी गई। ट्रांसफार्मर भी ठीक करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अक्सर चूहे वायर काट देते हैं जिसके कारण ट्रांसफार्मर से आपूर्ति प्रभावित होती है। इसके लिए अलग केबल बक्सा लगवा दिया जाएगा।

## नव प्राणप्रतिष्ठित मंदिरों में कुछ दिन बाद शुरू होगा दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** श्री राम जन्म भूमि परिसर में नव प्राण प्रतिष्ठित मंदिरों में दर्शन कुछ दिन बाद शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आने-जाने में कोई रोक नहीं है। सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक मंदिर में दर्शन बंद रह सकते हैं। हालांकि यह ट्रस्ट के निर्णय के अधीन होगा। यह जानकारी जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने बुधवार को पत्रकारों को बातचीत में दी।

उन्होंने बताया कि पांच जून को श्री राम जन्म भूमि परिसर में नए मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। अयोध्या दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच जून को लगभग साढ़े दस बजे पहुंचेंगे। टेढ़ी बाजार से नया घाट तक चार पहिया वाहन प्रतिबंधित होगा लेकिन यदि मीडिया के लोगों को इस क्षेत्र में कवरेज करना होगा तो बताने पर गोल्फ कार्ट उपलब्ध कराई जा सकती है।

डीएम ने बताया कि नव प्रतिष्ठित मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन अभी कुछ दिन बाद शुरू होगा। वह इसलिए की अभी वहां निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि दर्शन शुरू होने पर पहले राम दरबार में दर्शन व्यवस्था शुरू होगी। इसके बाद परकोटे में स्थित छह अन्य मंदिरों में दर्शन शुरू होगा। बताया कि सात जून के ट्रस्ट की बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है। बताया कि पराण प्रतिष्ठा को लेकर 30 से 40 की सीमित संख्या में अतिथियों को ट्रस्ट की ओर से बुलाया गया है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के साथ होम स्टे सहित अन्य स्थानों पर अभद्रता के मामले सामने आने के सावल पर उन्होंने कहा कि इसमें सुधार का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने होम स्टे पालिसी जारी कर दी। इसके तहत काम किया जाएगा।

## भूमि विवाद में कहासुनी, बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

**सोहावल, अयोध्या : अमृत विचार।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सत्तीचौरा क्षेत्र के मुस्तफाबाद के मजरे सहजौरा में बुधवार सुबह दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर हुई कहासुनी में बुजुर्ग की मौत हो गयी। मृतक हृदय रोगी था।

गांव निवासी हनुमान व निजाम गुर्जर (62) के बीच सहन व रास्ते की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पंचायत द्वारा फैसला हनुमान कोरी के पक्ष में किया गया था। हनुमान बुधवार सुबह उक्त जमीन की मिट्टी हटाकर नाली की सफाई कर रहा था। इस दौरान निजाम अपने परिवार के लोगों के साथ पहुंचकर विरोध करने लगे। दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी, इस दौरान निजाम नीचे गिरकर बेहोश हो गए। यह देख मृतक के पुत्र गयासुद्दीन व विपक्षी हनुमान कोरी आपसी विवाद को छोड़ उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सत्तीचौरा चौकी प्रभारी राकेश राय दल बल के साथ पहुंचे। ग्राम प्रधान नदीम मलिक व मृतक के बेटे गयासुद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह हृदय रोगी थे, पहले भी उन्हें दो बार अटैक आ चुका है। संभवतः उनकी मौत तीसरी बार अटैक आने से हुई है। चौकी प्रभारी ने बताया कि बेटे ने शव का पोस्टमार्टम भी कराने से इनकार किया। परिवारों के अनुरोध पर शव उन्हें सौंप दिया गया है। अगर कोई लिखित शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## योगी आदित्यनाथ में दिख रही भविष्य के प्रधानमंत्री की झलक : दिनेश

**अयोध्या, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी केंद्र रेतिया स्थित पूर्व पार्षद राम आशीष निषाद के शिक्षण संस्थान में भाजपा नेताओं ने उनके चित्र पर तिलक लगाकर व एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता दिनेश जायसवाल एवं अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने संयुक्त रूप से कहा कि योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व क्षमता के कारण उनमें भविष्य के प्रधानमंत्री की झलक मिलती है। इस मौके पर भाजपा करिअप्पा मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर ने कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में भाजपा नेता विनोद तिवारी, राम आशीष निषाद, पूर्व पार्षद सरदार अजीत, रघुनाथ, पूर्व पार्षद अनुभव, पूर्व पार्षद राम नंदन तिवारी, सुनील कुमार साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

## कई को मनमाफिक तैनाती कई बेवजह जिला बदर

अयोध्या कार्यालय

पॉवर कॉर्पोरेशन

▸▸ तबादलों के बाद शुरू हुआ सेटिंग-गेटिंग का सिलसिला

▸▸ लंबे समय से जमे लिपिकों का बाल भी नहीं हुआ बांका

**अमृत विचार :** मध्याचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया द्वारा तीन दिन पहले किए गए तबादलों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। बताया जाता है कि तबादलों में कई को मनमाफिक तैनाती मिली है तो कई बेवजह जिला बदर कर दिए गए। मुख्य अभियंता कार्यालय में तैनात एक कर्मी को इन तबादलों में चक्रेश की भूमिका में देखा जा रहा है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार मुख्य अभियंता और अधीनस्थ अधीक्षण कार्यालयों में 10-15 वर्षों से जमे लिपिकों का बाल भी बांका नहीं हुआ। जिन 16 अवर अभियंताओं के तबादले किए गए हैं उनमें आठ का कार्यकाल अभी दो वर्ष भी नहीं हुआ है। इतना ही नहीं चार अवर अभियंताओं की तैनाती उन्हीं के गृह जनपद अम्बेडकरनगर और बाराबंकी में कर दी गई है। बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नियमावली के अंतर्गत कुल 131 कर्मियों का दूसरे जिलों में स्थानांतरण किया गया है। जिनमें 16 अवर अभियंता, 59 टेक्नीशियन ग्रेड-इंजीनियरिंग, 98 टेक्नीशियन ग्रेड-लाइन और 56 कुशल श्रमिक सम्मिलित हैं।

> सभी कार्मिक के तबादले नीति के तहत किए गए हैं। कुछ को होल्ड पर इसलिए रखा गया है कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो। तबादलों को लेकर पूरी निष्पक्षता बरती गई है। -अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता




पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा आज, सीएम उतारेंगे पहली आरती

## अभिजीत मुहूर्त में 800 मीटर की परिधि में बने परकोटे में स्थापित प्रतिमाओं को भी किया जाएगा प्रतिष्ठित

▸▸ अनुष्ठान के दूसरे दिन विग्रहों की निकाली गई पालकी यात्रा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** राम मंदिर के प्रथम तल पर गर्भगृह में राम दरबार और 800 मीटर की परिधि में बने छह देवी देवताओं के मंदिरों में स्थापित प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा गुरुवार को होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम दरबार की पहली आरती उतारेंगे। इसके पूर्व सभी वैदिक परंपरा को पूरा करने का कार्य सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा और लगभग 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में इस कार्यक्रम को संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सभी सदस्य अयोध्या पहुंच चुके हैं।

वहीं बुधवार सुबह 6:30 बजे से अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। यज्ञमंडप में कर्मकांडी विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी समेत 101 आचार्यों ने लगभग दो घंटे तक आह्वानित देवताओं का पूजन किया। इसके बाद सभी देवस्थानों का वैदिक मंत्रों से पूजन सम्पन्न हुआ। सुबह 9 से 9:30 तक अन्नाधिवास को रीति रिवाज से पूरा किया गया। वहीं यज्ञमंडप में 9:35 से 10:35 तक स्थापित सभी उत्सव प्रतिमाओं का विधि विधान पूर्वक पूजन के बाद हवन कुंड मंत्रों के द्वारा आहुति डाली गई। जिसके बाद 10:40 से 12:40 तक मंदिरों में स्थापित होने वाले उत्सव प्रतिमाओं का भी देवस्नपन व प्रासादस्नपन (देवविग्रहों का स्नान व तत्संबंधित प्रासाद का पवित्रीकरण) संपन्न हुआ। इस दौरान सभी देव मूर्तियों को वस्त्र धारण करा भव्य श्रृंगार किया गया।





यज्ञशाला में अनुष्ठान करते यजमान और सपत्नी मुख्य यजमान डॉक्टर अनिल मिश्रा।

### कार्यक्रम को लेकर मंथन

रामघाट क्षेत्र स्थित ट्रस्ट कार्यालय पर मंगलवार देर शाम ट्रस्टियों की अहम बैठक भी हुई। इस दौरान प्रतिष्ठा के दौरान आने वाले प्रमुख साधु-संतों और अन्य व्यवस्थाओं पर मंथन किया गया। जिसमें महासचिव चंपतराय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, सदस्य जगद्गुरु वासुदेवाचार्य, युग पुरुष स्वामी परमानंद महाराज, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मंदिर निर्माण कार्य को संपन्न कर रहे निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र भी अयोध्या पहुंच चुके हैं।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे योगी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। मुख्यमंत्री पर्यावरण दिवस पर ''एक पेड़ मां के नाम'' लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी करेंगे। रामनगरी में सरयू नदी के किनारे रामकथा पार्क के समीप पुष्प वाटिका में पौधरोपण करेंगे। इसके साथ ही सभी जिलों में इसी थीम पर पौधरोपण किया जाएगा।

मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने श्रीराम जय राम, जय-जय राम की धुन के साथ सभी मंदिरों में स्थापित होने वाले उत्सव विग्रहों को एक साथ पालकी पर सवार कर परिसर भ्रमण कराया गया। हालांकि यह यात्रा नगर भ्रमण के रूप में मानी जाती है, लेकिन सुरक्षा के कारण यह यात्रा परिसर में ही संपन्न की गई। वहीं अनुष्ठान की अंतिम प्रक्रिया की ओर बढ़ते हुए पूजन आचार्य के द्वारा लगभग 3 से 4:30 बजे तक शय्या निवास कराया गया। फिर 4:30 से 5 बजे तक के बीच प्रासाद वास्तु पूजन हुआ। सभी मंदिरों में मूर्तियों के संस्कार पूजन के बाद, घृताधिवास, जलाधिवास, पुष्पा निवास, शर्कराधिवास के क्रम को भी विधि विधान से संपन्न किया गया।



उत्सव विग्रहों का परिसर में भ्रमण कराते यजमान व अन्य।

### बजरंगबली के आशीर्वाद से कोहली की टीम को मिली विराट जीत

**अयोध्या।** आईपीएल 2025 में मंगलवार को आरसीबी-पंजाब के बीच हुए अहम मुकाबले में विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स ने शानदार जीत दर्ज की है। संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास इसे हनुमान जी के आशीर्वाद का चमत्कार मान रहे हैं। उनका कहना है कि बीते दिनों विराट कोहली अयोध्या आए थे, जहां उन्होंने हनुमानगढ़ी में हनुमान जी के दर्शन किए थे। यह जीत उनके इस धार्मिक यात्रा का नतीजा है। कहा कि जब आस्था सच्ची और इरादे मजबूत हों तब प्रभु श्रीहनुमान जी की कृपा अवश्य मिलती है। उन्होंने जीत हासिल की तो वह पुनः हनुमानगढ़ी के दर्शन के लिए आएंगे।



प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर सजा दिव्य और भव्य राम मंदिर।

### राजा राम को सोने-चांदी से निर्मित 14 किलो का धनुष-बाण किया भेंट



राम मंदिर में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले भक्त प्रभु राम के चरणों में सेवा भाव अर्पित कर रहे हैं। इसी कड़ी में राम मंदिर के प्रथम तल पर चल रही प्राण प्रतिष्ठा के दौरान हैदराबाद निवासी श्रीनिवासन श्रीराम को सोने और चांदी से बने धनुषबाण को अर्पित करने के लिए अयोध्या पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह धनुष बाण 14 किलो चांदी और 250 ग्राम सोने से निर्मित किया गया है। इसके पहले भी चांदी की ईंट समर्पित की गई थी और फिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान चांदी और सोने के बने चरण पादुका को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने राम के 14 वर्ष के वनवास को पूर्ण होने की स्मृति को दर्शाते हुए 14 किलो के चांदी का प्रयोग इस धनुष बाण में किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता अयोध्या में कारसेवा करने भी पहुंचे थे और आज उनकी यह इच्छा पूरी करने के लिए कार्य कर रहा हूं।

### आज का मौसम

24 घंटे बादल छाए रहने व हल्की वर्षा होने की संभावना है।

| | |
|---|---|
| 35.5° | 26.0° |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### आज के कार्यक्रम



- रोटरी क्लब ग्रेटर द्वारा यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ दीपशिखा वाटिका महोबारा बाजार अयोध्या में पौधरोपण प्रातः 7.30 बजे।
- कांग्रेस के सभी फ्रंटल संगठनों की बैठक पार्टी कार्यालय पर दोपहर 12 बजे से।

### नहर की सिल्ट में मिला अज्ञात महिला का शव

**रुदौली, अयोध्या।** कोतवाली रुदौली के हिंदू इंटर कॉलेज मैदान के निकट से गुजर रही शारदा सहायक नहर की शिल्ट में बुधवार सुबह अज्ञात महिला का शव मिला। सूखी शारदा सहायक नहर के पास से गुजर रहे लोग सिल्ट के ऊपर निकले पैर देखकर इसकी जानकारी कोतवाल संजय मौर्य को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सिल्ट हटवाकर कर शव बाहर निकलवाया। कोतवाल ने बताया कि शव लगभग 35 वर्षीय महिला की है। शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# आज आएंगे मुख्यमंत्री योगी

▸▸ आगमन की तैयारियों का विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने लिया जायजा

▸▸ हैलीपेड से कार्यक्रम स्थलों तक मजिस्ट्रेटों की तैनाती



अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गुरुवार को अयोध्या आएंगे। वह श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के साथ कई अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मणिराम दास जी की छावनी, सरयू आरती स्थल व सरयू महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों से तैयारियों की प्रगति की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। सीएम के दौरे के समय शांति व सुरक्षा के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट निखिल टी फुंडे ने 40 से ज्यादा मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है।

विधायक ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ का अयोध्या से विशेष लगाव है। डबल इंजन की सरकार में रामनगरी की वैश्विक पहचान बना चुकी है। हजारों करोड की परियोजनाओं के माध्यम से अयोध्या को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। अयोध्या विश्व की आधयात्मिक राजधानी बन रही है।

मुख्यमंत्री पांच जून को लगभग साढ़े दस बजे रामकथा पार्क स्थित हैलीपैड पर पहुंचेंगे। वह राम जन्मभूमि में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। मणिराम दास छावनी में आयोजित श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के जन्म समारोह में शामिल होंगे। पर्यावरण दिवस पर चौधरी चरण सिंह घाट के पास पौधरोपण करेंगे।इसके बाद सरयू आरती स्थल पर सरयू आरती में शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, सिचाई खंड के अधिशासी अभियंता पारसनाथ, विद्युत तथा पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन को देखते हुए 50 बेड आरक्षित

**अयोध्या, अमृत विचार :** द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को देखते हुए जिले के अस्पतालों में 50 बेड आरक्षित किए गए हैं। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि 20 बेड मेडिकल कॉलेज, इतने ही जिला अस्पताल में व श्रीराम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित किए गए हैं। तीन एंबुलेंस के साथ चिकित्सक व स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रहेगी।

# कुर्ता-पायजामा में एर्रोल मस्क ने किये रामलला व बजरंगबली के दर्शन

▸▸ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के सीईओ के पिता निजी विमान से पहुंचे रामनगरी

▸▸ एयरपोर्ट से मंदिर तक हुआ भव्य स्वागत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एर्रोल मस्क बुधवार को रामनगरी पहुंचे। भारतीय संस्कृति की वेशभूषा कुर्ता-पायजामा पहन रामलला के दर्शन किये। दोपहर लगभग तीन बजे निजी विमान से अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने स्वागत किया। एयरपोर्ट के बाहर आते ही सभी ने एक साथ जय श्रीराम की नारे लगाए। कड़ी सुरक्षा के बीच राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा अंगवस्त्र और प्रसाद देकर उनका स्वागत किया गया। राम मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य व अन्य मंदिरों को भी देख अभिभूत नजर आए। वह लगभग 40 मिनट तक परिसर में मौजूद रहे।



एर्रोल मस्क का हनुमानगढ़ी मंदिर पर अंग वस्त्र और बजरंगबली का प्रतीक चिह्न देकर स्वागत करते संत। अमृत विचार

इसके बाद हनुमान गढ़ी मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास और वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने भी अंग वस्त्र और हनुमान जी का प्रतीकात्मक चिह्न देकर स्वागत किया। अयोध्या में उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की होड़ लगी रही।

### भविष्य में और अच्छे रहेंगे भारत और अमेरिका के संबंध

एयरपोर्ट पर ही पत्रकारों से बात करते हुए एर्रोल मस्क ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध भविष्य में और अच्छे रहेंगे। भारतीय संस्कृति के बारे में किए गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि मैं भारतीय संस्कृति को अच्छी तरह से जानता और समझता हूं। क्योंकि हमारे देश में भारतीय लोगों की एक बड़ी संख्या मौजूद है। भारतीय बहुत ही उदार और मानवता से परिपूर्ण होते हैं। भारतीयों से मिलने पर ऐसा लगता है कि जैसे वे विश्व के सबसे अच्छे व्यवहारिक व्यक्तित्व वाले हैं। अयोध्या दौरे में उनके साथ मोटिवेशनल स्पीच देने वाले विवेक बिंद्रा भी थे। जिन्होंने एर्रोल मस्क के कार्यक्रमों और उनके भारत प्रवास के उद्देश्य के संबंध में जानकारी दी और कहा जब संपूर्ण विश्व अयोध्या रामलला के दर्शन करने को आ रहा है तो फिर दुनियाभर के भारतीयों को अयोध्या आने में अब देर नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भगवान राम के दर्शन करने के बाद गुरुवार को भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। इस यात्रा में उनके साथ उनके परिवार के भी कुछ सदस्य शामिल हैं।

### अयोध्या से प्रभावित हुए एर्रोल मस्क

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने कहा कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में देश के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों का आगमन हुआ। इसके अलावा देश-विदेश के राजनयिक और वहां की सरकारों के प्रभावशाली नेताओं का भी आगमन हुआ। अब राजा राम की प्रतिष्ठा हो रही है तो दुनिया के सबसे अमीर अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के पिता एर्रोल मस्क भी अयोध्या पहुंचे हैं। यह सब लक्ष्मी पति विष्णु के अवतारी भगवान राम की ही कृपा है। हनुमान गढ़ी के वरिष्ठ संत व संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास ने बताया कि एर्रोल मस्क अयोध्या से बहुत प्रभावित हैं। यहां संस्कृति और परंपरा से लगाव भी है। राम मंदिर व हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रसन्नता व्यक्त की है।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह व सीएम के दौरे को लेकर बदला रहेगा यातायात



अयोध्या। द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केआगमन को लेकर रामनगरी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं, यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन भी लागू किया है। एसपी यातायात एपी सिंह के अनुसार यह डायवर्जन सुबह 9:30 से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा। इस दौरान आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों पर प्रतिबंध नहीं रहेगा।

### इस तरह रहेगा डायवर्जन

- रामपथ से अयोध्या धाम आने वाले कॉमर्शियल वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा वाहनों का टेढ़ी बाजार से लतामंगेशकर चौक की ओर नहीं मिलेगा प्रवेश।
- श्रृंगारहाट से हनुमानगढ़ी की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित।
- साकेत पेट्रोल पंप बैरियर से हनुमानगुफा चौराहा की तरफ ऑटो, विक्रम, ई-रिक्शा वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित।
- जानकी महल मोड़ से राम कथा मंडपम, छोटी छावनी की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित।
- प्रमोद वन तिराहा से मणिरामदास छावनी की तरफ सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक।
- तपस्वी छावनी से मणिरामदास छावनी की तरफ सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक।
- रामघाट चौराहा से दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय तिराहे की ओर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध।
- हनुमानगुफा चौराहा से दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय तिराहे की ओर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक।
- लतामंगेशकर चौक से पुराना सरयू पुल की ओर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक।
- दुर्गागंज मांझा से नयाघाट की ओर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक।

### यहां रहेगी पार्किंग

- श्री सरयू जयंती महोत्सव कार्यक्रम में आमंत्रित साधु-संतों व अन्य वीआईपी अपने वाहन से सरयू घाट पश्चिमी ढलान (यलो जोन बैरियर) तक आएंगे। उसके पश्चात वाहनों को रामकथा पार्क के सामने कच्ची पार्किंग में पार्क किया जाएगा।
- रामकथा पार्क कार्यक्रम में आमंत्रित साधु-संतों व अन्य अपने वाहन कच्ची-पक्की पार्किंग में पार्क करेंगे।
- श्रीमणिराम दास छावनी कार्यक्रम में आमंत्रित साधु-संत व अन्य जानकी महल तिराहे से होकर जानकी महल ट्रस्ट के मैदान में अपने वाहन को पार्क करेंगे।

## सार-संक्षेप

### स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ही कराएं ऑपरेशनः सीएमओ

अयोध्या, अमृत विचार :निजी चिकित्सालयों में बिना विशेषज्ञ चिकित्सकों के ऑपरेशन करने के मामले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बनियान ने संज्ञान लिया है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा है कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा प्रसव कराया जाए, जिसकी सूचना हर माह तीन तारीख को सीएमओ कार्यालय में सहायक शोध अधिकारी प्रवीण त्रिपाठी को प्राप्त कराना होगा। जटिल मामलों में प्रसूति रोग विशेषज्ञ के साथ-साथ जनरल सर्जन के द्वारा ऑपरेशन में सहयोग किया जाए।

### विद्युत कर्मियों का धरना जारी



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना देते आउटसोर्सिंग कर्मी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** विद्युत मजदूर पंचायत द्वारा मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर चल रहा धरना बुधवार को 44वें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर हुई सभा का नेतृत्व नेतृत्व प्रांतीय उप मंत्री विद्युत मजदूर पंचायत रघुवंश मिश्रा ने व संचालन संगठन के जिला अध्यक्ष जय गोविंद ने किया। इस मौके पर श्रीनाथ तिवारी, उमेश चंद, ज्ञानेंद्र यादव, सुरेश सिंह, आफताब सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के पदों को मृत घोषित करने के विरोध में संयुक्त कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस शासनादेश को समाप्त किए जाने की मांग उठाई। संचाई संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने कहा कि सरकार किसान और कर्मचारियों को के हितों के खिलाफ काम कर रही है। ज्ञापन देने वालों में विभिन्न संगठनों के अनुपम,नित्यानंद, मंजू कुमारी, राहुल, हिमांशु, राम नेग गौतम सहित अन्य लोग थे।

### सीएमएस पड़े बीमार, आज सौंपी जाएगी जांच आख्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती बुजुर्ग की मौत के मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने अभी अपनी आख्या अभी तक नहीं दी है। थाना बीकापुर के रजौरा निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह को लूज मोशन समेत अन्य तकलीफें होने के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप था कि वार्ड बॉय ने नोरेड मेडिसिन की पूरी डोज ग्लूकोज में मिलाकर चढ़ा दिया। आरोप लगने के बाद प्राचार्य ने आउटसोर्स की दो स्टाफ नर्स की सेवा बाधित कर दी थी। वार्ड बॉय को वार्ड से हटा दिया गया था। सीएमएस डॉ. एके सिंह की निगरानी में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया था। तीन दिन के भीतर आख्या मांगी गई थी। प्राचार्य डॉ.सत्यजीत वर्मा ने बुधवार को बताया कि सीएमएस के बीमार हो जाने के कारण आख्या नहीं मिल पाई है। गुरुवार को हर हाल में ले जी जाएगी।

### टिकैत के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत के जन्मदिन पर भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष रंजीत कोरी ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि देश हित में देश के सैनिकों के लिए और अयोध्या के बेसहारा व्यक्तियों के लिए प्रतिवर्ष साल में तीन बार रक्तदान करते रहेंगे।

हालात | अस्पताल की सील न खोलने की मंगलवार रात हुंकार भर रहे थे सीएमओ, दूसरे दिन बैकफुट पर

# स्वास्थ्य विभाग बदनाम हुआ, आईएमए तेरे लिए

▸ आईएमए ने बुधवार दोपहर से दी थी शट डाउन की धमकी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 20 दिनों से निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों के विरुद्ध मानक समेत विभिन्न बिंदुओं को लेकर ताबड़तोड़ अभियान चलाकर सुर्खियों में आने वाला स्वास्थ्य विभाग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की घुड़की से ठंडा पड़ गया है। आईएमए के चिकित्सकों ने मंगलवार रात बुधवार 12 बजे से निजी अस्पतालों के शट डाउट का ऐलान किया तो बुधवार दोपहर तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार पलटी मार गए। रात को आईएमए की धमकी पर सरकारी अस्पतालों की सेवाएं उपलब्ध कराने का दंभ भरने वाले सीएमओ डॉ.सुशील कुमार बनियान बैकफुट पर आ गए।

इतना ही नहीं रुदौली के सील किए गए अली अस्पताल के संचालक दर्शननगर स्थित सीएमओ कार्यालय में डेरा डाले रहे तो दोपहर बाद सीएमओ ने अस्पतालों की जांच कर रही समिति के प्रभारी को इस अस्पताल का ताला खोलने के निर्देश दे दिए। आधार बनाया गया संचालक द्वारा दिये गए उस प्रार्थना पत्र को जिसमें उसने माइनर ओटी और ओटी की मरम्मत के नाम पर अस्पताल खोलने की बात कही।

### आइये जानें तीन दिन में क्या-क्या हुआ?

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवध ऑर्थो सेंटर में छापा मारा, जहां संचालक डॉ. अबदुस्सलाम से विवाद हुआ तो आईएमए के चिकित्सकों की फौज मौके पर पहुंच गई। छापा मारने वाली टीम बैरंग लौट आई। बस यहीं से आईएमए ने अपने तेवर तीखे कर लिए और बुधवार दोपहर बाद तक स्वास्थ्य विभाग को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। वहीं बुधवार को सीएमओ ऑफिस में रुदौली के अस्पताल के संचालक की पूरे दिन मौजूदगी के बाद 'चढ़ावे' की खासी चर्चाएं हैं।

सीएमओ की ओर से जांच समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप शुक्ला को कहा गया है कि डॉ. मेराज अहमद संचालक अली हॉस्पिटल खैरनपुर रुदौली के अनुरोध पत्र के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि हॉस्पिटल की सील बंद ओटी, माइनर ओटी को खोल दिया जाए। जिससे मरम्मत हो सके। साथ ही संचालक को निर्देशित कर दिया जाए कि ओटी, माइनर ओटी का कार्य पूर्ण होने के बाद जांच समिति को सूचित करने, नवीनीकरण हेतु आवदेन करने, नवीनीकरण किए जाने के बाद ही कार्य किए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के पास इस बात का जवाब नहीं है कि जब अस्पताल की ओटी की मरम्मत चल रही थी तो छापा मारकर सील करने की जरूरत क्या थी? संचालक अब तक अस्पताल चला रहे थे तो सील होने के बाद मरम्मत की सुधि कैसे आ गई? साफ है कि मरम्मत के नाम पर अस्पताल की सील खुलवाने के लिए पूरा स्वांग रचा गया है। फिलहाल 24 घंटे में हुए इस घटनाक्रम के बाद चिकित्सा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की अचानक नरम हुए मूड को लेकर तमाम सवाल उठ रहे हैं। वहीं आईएमएस सेक्रेटरी प्रवीण मौर्य ने कहा कि सीएमओ द्वारा बिना किसी नोटिस एवं बिना किसी कारण के अस्पताल को सील किया गया था, जिसे अब खोल दिया गया है।



"रुदौली अली हॉस्पिटल के संचालक डॉ. मेराज अहमद के अस्पताल की ओटी की मरम्मत के लिए अनुरोध पत्र दिया गया है, जिसके आधार पर जांच समिति अध्यक्ष को अस्पताल खुलवाने का निर्देश दे दिया गया है। अस्पताल के नवीनीकरण के लिए पूर्व की भांति जारी निर्देश का पालन कराए जाने के लिए भी कहा गया है। -डॉ. सुशील कुमार बनियान, सीएमओ।"

# खेल पुरस्कार से सम्मानित होंगे पदक विजेता स्कूली खिलाड़ी

## स्कूली खिलाड़ियों के लिए प्रदेश सरकार का तोहफा : पहली बार मिलेंगे 15 से 75 हजार रुपये तक

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने स्कूली खिलाड़ियों को नया तोहफा दिया है। राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता के पदक विजेता स्कूली खिलाड़ियों को पहली बार खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार योजना से दिया जाएगा। स्कूली छात्र-छात्रा खिलाड़ियों को पुरस्कार के रूप में नकद राशि भी प्रदान की जाएगी। पत्र जारी करने के साथ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



▸▸ राज्य और जिले स्तर पर आयोजित होगा सम्मान समारोह

प्रदेश में खेल विभाग और विभिन्न खेल संघों के खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की व्यवस्था तो पहले से है, लेकिन स्कूली खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की योजना योगी सरकार ने पहली बार शुरू की है। एसजीएफआई से आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के पदक विजेता छात्र-छात्रा खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों के इस तोहफे के पीछे प्रमुख सचिव व एसजीएफआई के अध्यक्ष दीपक कुमार का अहम रोल माना जा रहा है।

पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किए जाने के लिए दो स्तर के आयोजन होंगे। प्रदेश स्तर पर होने वाले आयोजन में मुख्यमंत्री राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को जिले स्तर पर आयोजन में सम्मानित किया जाएगा। राज्य और जिले स्तर पर आयोजन मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह के साथ होगा। मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार पर कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने प्रदेश के जिला विद्यालय निरीक्षकों पत्र भेज दिया है।

योजना की शुरूआत शैक्षिक सत्र 2024-25 में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से आयोजित 68वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के तहत प्रदेश के विजेता खिलाड़ियों से होगी। खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार स्वरुप नेशनल स्कूल गेम्स एकल वर्ग के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 75 हजार, रजत पदक विजेता को 50 हजार और कांस्य पदक विजेता को 30 हजार रुपये दिए जाएंगे। नेशनल स्कूल टीम गेम्स के विजेता स्वर्ण पदक विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को 35 हजार, रजत विजेता को 25 हजार और कांस्य पदक विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाएंगे। खास बात यह भी है कि यह पहल शिक्षा विभाग से की गई है।

मंडलीय क्रीड़ा सचिव धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि स्कूली खिलाड़ियों के लिए प्रदेश सरकार ने पहली बार पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की है। छात्र-छात्रा खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी की जा रही है।

## सार-संक्षेप



शिविर का फीता काटकर उदघाटन करतीं मुख्य अतिथि सरस्वती देवी।

### जरूरत मंद की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : सरस्वती देवी

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र भक्त प्रहलाद सेवा समिति हमेशा तत्पर रहती है। जरूरत मंद की सेवा से बढकर कोई सेवा नहीं है। यह बातें बुधवार को राजा हातिम धाम दरबार की प्रमुख सेवादारी सरस्वती देवी ने कहीं। वह रामनगर कॉलोनी स्थित संत नवलराम दरबार में आयोजित आयुष्मान कार्ड शिविर का बतौर मुख्य अतिथि उदघाटन करके के बाद उपस्थितजनों को संबोधित कर रही थीं। इससे पूर्व अवसर समिति की साक्षी वासवानी, आशीष कौर, वर्षा सेहता ने बुर्जुग सरस्वती देवी का टीका लगाकर व शॉल ओढाकर स्वागत किया। शिविर में 70 वर्ष के ऊपर 49 बुजर्गों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर व संचालन महासचिव ओमप्रकाश ओमी ने किया। इस मौके पर नारायण दास, भीमनदास, बूलचंद चुंगलानी, नंदलाल लखमानी, राकेश वाधवानी, उमेश संगतानी, टीकमदास, अर्जुन दास, सुरेश तलरेजा आदि मौजूद रहे।

### सपा नेता विनय शंकर तिवारी का किया स्वागत



पूर्व विधायक व सपा नेता का स्वागत करते पार्टी के नेता।

**अयोध्या, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को अदालत द्वारा रिहा किए जाने के बाद बुधवार को महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम व उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनकर उनका स्वागत किया। वह लखनऊ से गोरखपुर जा रहे थे। हामीद जाफर मीसम ने कहा अदालत द्वारा विनय शंकर तिवारी को रिहा किया जाना संविधान और न्याय की जीत है। इस मौके पर राकेश पांडे, प्रवीण राठौर, जगन्नाथ यादव, सैफी अब्बास, अंसार अहमद, पंकज पांडे, अपर्णा जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### योग से व्यक्ति पूर्णता की ओर होता अग्रसर : प्रो. आशुतोष



अवध विवि के ललित कला विभाग में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राजभवन द्वारा निर्देशित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और दिव्य बनाने के लिए कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में बुधवार को अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संकायाध्यक्ष कला एवं मानविकी प्रो. आशुतोष सिन्हा ने कहा कि योग जीवन में व्यक्ति को पूर्णता की ओर अग्रसर करता है। नियमित योग से व्यक्तित्व का विकास होता है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं समन्वयक प्रो. सुरेंद्र मिश्र ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अनुपम उपहार हैं। इनके संरक्षण से ही पर्यावरण और जीवन सुरक्षित रहेगा। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की कृतियों को विश्वविद्यालय के आगामी बुक में प्रकाशित किया जाएगा। संयोजिका डॉ. रीमा सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आवासीय परिसर के लगभग 25 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रचना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्ग के घर पर कब्जे का आरोप, पुलिस ने रोका निर्माण

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेंधा गांव के रहने वाले स्वामीनाथ ने उप जिलाधिकारी को पत्र देकर भगौतीदीन और रामू पर जबरन जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है। स्वामीनाथ ने बताया कि भगौती दीन और रामू लगभग 50 लोगों के साथ दो जून की सुबह करीब छह बजे उनके सहन द्वार पर आए। आरोपियों ने परिवार को धमकी और गालियां देते हुए नींव की खुदाई शुरू कर दी। पीड़ित परिवार ने डायल 112 को कई बार सूचना दी। पुलिस के आने पर आरोपी काम रोक देते और पुलिस के जाते ही फिर शुरू कर देते थे। उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद कुमारगंज पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया। हालांकि पुलिस के जाते ही भगौतीदीन के परिवार ने बन रही दीवार को तोड़कर ईट को हटा लिया। कुमारगंज थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस बल भेजकर निर्माण कार्य रोकवा दिया गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच जा रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गंभीर चोट पहुंचाने में चार लोगों को 2 वर्ष 6 माह की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** दलित को मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के चार आरोपियों को 2 वर्ष 6 माह की सजा से दंडित किया गया है। प्रत्येक पर 1750 रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल की अदालत से बुधवार को हुआ। एक्ट के विशेष लोक अभियोजक नरसिंह नारायण उपाध्याय ने बताया कि घटना 23 मार्च 2008 की है। सरियावा गांव के दलित पप्पू ने पूरा कलंदर थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उसकी पत्नी दवा लेने बाजार जा रही थी। उसके गांव के राममिलन, रामखेलावन, नानू व मुन्ना उसके ऊपर रंग डालने लगे। मना करने पर गालियां भी दी। इसकी सूचना वादी को मिली तो वह इसी बात को पूछने सरियावां बाजार गए। वहां विपक्षी गणों ने मिलकर गाली-गलौच की और लात घूसों डंडा से मारा पीटा। इसकी रिपोर्ट पहले एनसीआर में दर्ज हुई फिर चिकित्सीय आख्या के आधार पर मामले में गंभीर चोट पहुंचाने की धारा परिवर्तित की गई। विवेचना के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सबको सजा दी।



# रची गई थी पूरे परिवार की हत्या की साजिश

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ दिनेश हत्याकांड : पिता ने लगाया आरोप, भाई ने भाड़े के हत्यारों से कराई हत्या

फॉलोअप

**अमृत विचार :** बीकापुर के सुगन राय का पुरवा पटेल नगर में मंगलवार को हुई दिनेश कुमार वर्मा (24) की नृशंस हत्या के मामले में परिवारवालों का कहना है कि उनके रिश्तेदारों ने सिर्फ उनके बेटे की ही नहीं बल्कि पूरे परिवार की हत्या की साजिश रची थी। हत्या का कारण परिवार वाले भले ही भूमि विवाद बता रहे हैं लेकिन जिस तरह शव के छह टुकड़े किए गए हैं, उससे लगता है कि हत्यारों का उससे घृणा करता था।

मृतक के पिता राजकुमार यह स्वीकार करने को तैयार ही नहीं है कि उनके भाई ने स्वयं ऐसा किया है। उनका कहना है कि हो सकता है उसने भाड़े के हत्यारों से हत्या करवाई हो। फिलहाल पुलिस सभी पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वारदात के बाद पिता राजकुमार वर्मा ने अपने सगे भाई-भाभी समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। उनके अनुसार दोनों पुश्तैनी मकान व जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। पिता का कहना है कि साजिश परिवार के सभी छह सदस्यों की हत्या की रची गई थी लेकिन बेटे दिनेश की हत्या होने के बाद उसकी बेटी सोनी जाग गई, जब घर के अंदर चीख-पुकार मची, तब आरोपी कार व बाइक पर बैठकर भाग निकले। वहीं, मृतक के घर पर सीसीटीवी भी लगा हुआ है, लेकिन आरोपी उसमें कैद नहीं हो सके।

### मृतक के ऊपर किए गए आठ वार

पुलिस के अनुसार हत्यारों ने दिनेश के ऊपर करीब आठ वार किए। जिसे शरीर के छह टुकड़े हुए। अनुमान है कि इसमें कुल्हाड़ी, बांके के साथ तलवार जैसे हथियार का प्रयोग किया गया है। पुलिस के अनुसार भाड़े पर हत्या करने वाले कभी इस तरह की वारदात नहीं करते हैं। आमतौर पर इस तरह की वारदात के पीछे मृतक से रंजिश ही नहीं बल्कि नफरत करना भी होता है। दोनों भाइयों के बीच पुश्तैनी मकान को लेकर कई बार विवाद हुआ। पुलिस ने अप्रैल 2025 में दोनों पक्षों पर 151 की कार्रवाई भी की थी। स्थानीय लोगों ने भी सुलह कराने का प्रयास किया लेकिन दोनों नहीं माने।

"प्राथमिक जांच में हत्या के पीछे संपत्ति विवाद सामने आ रहा है। वारदात में मुख्य आरोपी मृतक का चाचा अशोक वर्मा फरार है। उसका मोबाइल सर्विलांस पर है। हत्या उसने स्वयं की है या भाड़े पर कराई गई है, इसका पता लगाया जा रहा है। इसके लिए तीन टीम लगाई गई है।
-पियूष कुमार, क्षेत्राधिकारी बीकापुर।"

## महिला सुरक्षा गार्ड ने सुपरवाइजर पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर में तैनात निजी महिला सुरक्षा गार्ड ने कंपनी के सुपरवाइजर समेत दो लोगों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उसकी तहरीर पर थाना राम जन्मभूमि पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

थाना खंडासा के पूरे बलिया तिवारी कोलाह की निवासी आरती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एसआईएस कंपनी की ओर से राम जन्मभूमि मंदिर में महिला सुरक्षा गार्ड की नौकरी करती है। बताया कि 23 मई की दोपहर करीब 1:30 बजे को वह ड्यूटी के लिए लाइन में लगी हुई थी। इस दौरान कंपनी के सुपरवाइजर तुल ने मुझे गाली देते हुए लाइन से निकाला व सीनियर संजय के पास ले गए। जहां दोनों ने मुझे गाली देकर भगा दिया, जिसके बाद वह रोते हुए घर चली आई। बाद में मैंने संजय को फोन कर अगले दिन ड्यूटी के बारे में पूछा तो उसने फिर गाली देते हुए फोन काट दिया। 26 मई को मैंने इसकी शिकायत ब्रांच हेड सचिन से की तो उन्होंने दोबारा शिकायत करने से मना किया, मेरे द्वारा न मानने पर उन्होंने मुझे मंदिर क्षेत्र से हटाकर तनिष्क शोरूम में तैनात कर दिया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अतुल व संजय के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## आजीवन अयोध्या की जनता की सेवा करने का संकल्प : अवधेश



पत्रकारों से वार्ता करते सांसद अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

▸▸ लोकसभा चुनाव के एक वर्ष पूरा होने पर सांसद ने किए रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का एक वर्ष पूरा होने पर सांसद अवधेश प्रसाद ने बुधवार को रामलला व हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करके जनता की सेवा करने का आशीर्वाद लिया। उन्होंने जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैंने आजीवन अयोध्या की जनता की सेवा करने का संकल्प लिया है।

इसके बाद सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि आज ही के दिन चार जून 2024 को भगवान राम व हनुमान जी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की कृपा से मैं सांसद चुना गया था। अयोध्या की जनता ने उन्हें अपने मताधिकार के आशीर्वाद से सांसद बनाया था। एक वर्ष पूरा होने पर आज मैंने रामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन किया है, व उनसे आशीर्वाद मांगा है कि ऐसे ही मुझ पर प्रभु की कृपा बनी रहे। कहा कि इस क्षेत्र, इस देश व प्रदेश का सम्मान हो यही मेरी कामना है।

### वनावरण व वृक्षावरण में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का वनावरण व वृक्षावरण 23437.53 वर्ग किमी (9.73 प्रतिशत) से बढ़ कर 23996.72 वर्ग किमी (9.96 प्रतिशत) 559.19 वर्ग किमी. बढ़ गया है। वनावरण का अर्थ है वन के द्वारा आच्छादित क्षेत्र, जबकि वृक्षावरण का अर्थ है किसी भी प्रकार के वृक्षों द्वारा आच्छादित क्षेत्र, चाहे वह वन का हिस्सा हो या न हो। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा वर्ष 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वनावरण व वृक्षावरण वृद्धि की नजर से उत्तर प्रदेश, पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा है।

# पेंशन में कटौती से सम्बंधित हजारों याचिकाएं निस्तारित

लखनऊ, विधि संवाददाता

▸▸ राज्य सरकार की ओर से गठित कमेटी को निस्तारण के लिए तीन माह का समय

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पेंशन में कटौती संबंधी राज्य सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की हजारों याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है। न्यायालय ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी को याचियों का प्रत्यावेदन लेने व तीन माह के भीतर इसे निस्तारित करने का आदेश दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी द्वारा मामले के निस्तारण तक याचियों के पेंशन से वसूली नहीं की जाएगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पारित किया। याचियों की दलील थी कि उन्होंने सेवानिवृत्ति के समय पेंशन के आधार पर जो एकमुश्त धनराशि ली थी उसकी वसूली के तौर पर याचियों के मासिक पेंशन से एक निश्चित रकम की कटौती होती है, मासिक कटौती की धनराशि कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति के समय ली गई धनराशि के एक प्रतिशत से कुछ अधिक है। कहा गया कि इस प्रकार जो मासिक कटौती की जा रही है, उससे कर्मचारी से लिए गए उक्त एडवांस पेंशन का भुगतान ब्याज समेत 10 वर्ष 11 माह में हो जाता है। जिसे मोटे तौर पर 11 वर्ष किया जा सकता है या अधिकतम 12 वर्ष तक वसूला जा सकता है। दलील दी गई कि राज्य सरकार द्वारा 8 दिसम्बर 2008 को जारी शासनादेश के जरिए मासिक कटौती की मियाद 15 वर्ष कर दी गई जो विधिपूर्ण नहीं थी। वित्त विभाग की ओर से न्यायालय को बताया गया कि याचियों की समस्या के निवारण के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस पर न्यायालय ने याचियों को एक माह में उक्त कमेटी के समक्ष प्रत्यावेदन देने का समय दिया तथा उसके पश्चात तीन के भीतर याचियों के प्रत्यावेदनों को निस्तारित करने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी के निर्णय से क्षुब्ध याची दोबारा याचिका दाखिल कर सकते हैं। न्यायालय ने यही प्रक्रिया अपनाने का आदेश रेलवे के कर्मचारियों के संबंध में रेलवे को दिया है।




















व्यवस्था | नियम नए सत्र से लागू करने के निर्देश, इस बार सख्ती से पालन कराया जाएगा

# टैबलेट से शिक्षकों की उपस्थिति और पोर्टल पर डालनी होगी सेल्फी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुल रहे स्कूलों में टैबलेट शिक्षकों की उपस्थिति का समय बताएगा। सभी को प्रत्येक दिन सुबह 7.30 बजे सेल्फी लेकर प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इसमें लापरवाही करने पर संबंधित शिक्षकों के वेतन से कटौती की जाएगी। सभी शिक्षकों को इन निर्देशों का पालन करना होगा।

जिले में 1792 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें छह हजार से अधिक शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक तैनात हैं। शासन द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा का स्तर बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। पढ़ाई में कमजोर छात्रों की लगातार निगरानी भी की जा रही है। जिला एवं तहसील स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी स्कूलों का निरीक्षण कर लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई भी कर रही हैं। इसके बाद भी शिक्षकों पर लेट लतीफी हावी रहती है, तो कुछ शिक्षक पंजिका पर उपस्थिति लगाकर गायब हो जाते हैं। अब नए शैक्षिक सत्र में शिक्षकों की इस मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने ऑनलाइन उपस्थिति लगवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराए हैं। कंपोजिट ग्रांट से सिम खरीदने और इसी ग्रांट से रीचार्ज कराने के निर्देश दिए हैं। अब ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुल रहे स्कूलों में शिक्षकों को टैबलेट से बच्चों के साथ सेल्फी लेकर प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।



लापरवाही बरतने पर वेतन से होगी कटौती

"सभी शिक्षकों को इन निर्देशों का पालन हर हाल में करना होगा। अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - संतोष कुमार राय, बीएसए।"

### ऑनलाइन हुए 12 प्रकार के रजिस्टर

परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर के साथ मिड-डे-मील पंजिका, प्रवेश रजिस्टर, कक्षावार छात्र उपस्थिति रजिस्टर, स्टॉक पंजिका, आय-व्यय एवं चेक इशू पंजिका, बैठक पंजिका, निरीक्षण, पत्र व्यवहार, बाल गणना, पुस्तकालय, खेलकूद पंजिका पर ऑफ लाइन कार्य होता था। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अब शासन ने इन्हें भी डिजिटल कर दिया है। शिक्षकों को प्रत्येक दिन टैबलेट पर इनका विवरण भी अपलोड करना होगा।

## एक नजर

### गंभीरता से बकरीद का त्योहार मनाने की अपील

**अंबेडकरनगर :** आगामी 7 जून को ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार परम्परागत रूप से मनाया जाएगा। उक्त पवित्र अवसर पर प्रत्येक अकीदतमंद को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ त्योहार को संपन्न कराना नैतिक और दीनी कर्तव्य है। इस बाबत अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन ताजपुर के चेयरमैन ख्वाजा शफाअत हुसैन एडवोकेट ने अपील किया है कि प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी कदापि न करें, सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी से बचें, कुर्बानी की फोटो या विडियोग्राफी न करें, कुर्बानी के मलबे को तयशुदा स्थान पर दफन करें, कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी को परेशानी अथवा आपत्तिजनक हो।

### पद्म विभूषण और पद्म भूषण पुरस्कारों के लिए मांगे आवेदन

**अंबेडकरनगर :** उत्तर प्रदेश सरकार ने पद्म विभूषण और पद्म भूषण पुरस्कारों के लिए आवेदन मांगे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्ति अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय अंबेडकरनगर में जमा कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 5 जून है। आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियां जमा करनी होंगी। इसी बीच प्रदेश स्तरीय महिला टेबल टेनिस और तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर का चयन 9 जून को सुबह 10 बजे एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। मंडल स्तर का चयन 10 जून को डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल, डाभासेमर, अयोध्या में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ियों को कुछ दस्तावेज लाने होंगे। क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या ने बताया कि विजेताओं को गणतंत्र दिवस 2026 पर सम्मानित किया जाएगा।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** रिश्तेदारी में गई किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। जहां एक किशोरी अपने रिश्तेदारी में गई हुई थी, जिसे शुक्रवार देर रात जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के विपक्षी विकास राजभर और धोनी निवासी फतेहपुर मोहितपुर अगवा कर ले गए। जहां विकास राजभर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी विकास राजभर को गिरफ्तार कर लिया है।

# अतिक्रमण पर की जाए सख्त कार्रवाई: डीएम

## जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी और पश्चिमी सहित समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकार और थाना प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर शासन द्वारा निर्गत आदेशों की जानकारी दी गई तथा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले भू-माफिया का विवरण एंटी भू-माफिया पोर्टल पर फीड करने और अतिक्रमण को मुक्त करने की कार्रवाई का विवरण आगामी 20 दिवस में उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकार को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाए।


बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार।

### अवैध खनन पर करें कार्रवाई

जिलाधिकारी ने अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। खनन अधिकारी और संबंधित उप जिलाधिकारी से खनन अनुमति की सूची प्राप्त कर लेने और बिना परमिशन के खनन को रोकने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशों के उल्लंघन पर संबंधित थाना प्रभारी की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने, न्यूनीकरण के लिए दुर्घटना बाहुल्य स्थलों, हॉटस्पॉट पर सडक़ सुरक्षा और रोड इंजीनियरिंग के मानक के अनुरूप रोड फर्नीचर लगाए जाने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने, नो हेलमेट नो पेट्रोल का कड़ाई से अनुपालन करने तथा प्रत्येक पेट्रोल पंप पर नजर रखने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को दिए। इस अवसर पर अधिकारी द्वय ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की कहीं पर अवैध स्लाटर हाउस का संचालन न हो।

### पात्र जोड़ों का जल्द से जल्द करें सत्यापन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह कार्यक्रम समिति और जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में योजना की शर्तें, आवेदन की प्रक्रिया और मिलने वाली सहायता राशि तथा वैवाहिक उपहार सामग्री के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि पात्र जोड़ों का सत्यापन जल्द से जल्द किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वैवाहिक उपहार सामग्री के लिए उच्चगुणवत्ता और ब्रांडेड वस्तुओं का ही क्रय किया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशन ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में निदेशालय समाज कल्याण द्वारा जनपद के लिए 579 जोड़ों का ही लक्ष्य निर्धारण किया गया है, जिसके फलस्वरुप जिलाधिकारी द्वारा निर्णय लिया गया कि इस माह के अंत तक समस्त पात्र जोड़ों का एक साथ सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन कर विवाह कार्यक्रम संपन्न करा लिया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजलाल, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी और जिला दिव्यांगजन शसक्तीकरण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित कर समस्त ई-रिक्शों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कुल कितने ई-रिक्शा संचालित हैं, सभी का पंजीकरण सुनिश्चित कराने तथा उनके मालिक का नाम, मोबाइल नंबर, फोटो, आधार कार्ड, पहचान पत्र, क्रिमिनल हिस्ट्री आदि का सत्यापन कराकर प्रत्येक ई-रिक्शा पर नंबरिंग करने, कोई भी नाबालिग ई-रिक्शा को न चलाए को सुनिश्चित करने के साथ 20 दिवस में कृत कार्रवाई के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत समस्त किराएदारों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। र बनाए जाने तथा डीजे की बुकिंग व अन्य विवरण उसमें अंकित करने और मानक के अनुरूप ही डीजे का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानक के विपरीत डीजे वाहनों का उपयोग करने वालों पर एमवी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## सार-संक्षेप

### मीरानपुर में वार्षिक मजलिस कार्यक्रम शुरू

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में सफीरे हुसैनी का मातम शीर्षक से तीन दिवसीय वार्षिक मजलिस कार्यक्रम का आगाज मंगलवार को मौलाना शाहिद हुसैन रिजवी के बयान से हुआ। उन्होंने कहा कि कर्बला एक ऐसी दर्सगाह यानी शिक्षण संस्था है जहां से हर कोई मानव जीवन के सभी पहलुओं से संबंधित ज्ञान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि नवास, रसूल तथा हजरत अली व फातिमा जहरा के लाल हजरत इमाम हुसैन ने धन-दौलत और सत्ता-शासन के लिए नहीं बल्कि धर्म, मानवता और सत्य की रक्षा के उद्देश्य से कर्बला का रुख किया था। उन्होंने प्राणों की आहुति देकर इस्लाम धर्म को हमेशा के लिए जीवित कर दिया। मौलाना शाहिद हुसैन ने बल देकर कहा कि हम सभी को अल्लाह, रसूल, कुरान और अहलेबैत के संदेशों को आत्मसात करना होगा। आरिफ अनवर अकबरपुरी के संयोजन में मौलाना शाहिद हुसैन के अतिरिक्त मौलाना वसी हसन, मौलाना मोहम्मद मोहसिन, मौलाना मुशीर अब्बास, मौलाना गुलजार जाफरी, मौलाना अदीबुल हसन ने भी मजलिस को संबोधित किया।

### समाज का आइना होता है शिक्षक :हबीबुर्रहमान नूरी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** शिक्षकों का समाज के बेहतर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षक समाज का दर्पण होता है और लोगों को सही मार्ग दिखाता है। यह विचार मदरसा दारुल उलूम निदा-ए-हक जलालपुर के प्रधानाचार्य मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने व्यक्त किया। वह संस्था के सहायक अध्यापक इमादुद्दीन कादरी, शमशुल हसन तथा अनुचर मोहम्मद अख्तर खां के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित होने वाले विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक वर्ग संस्था से तो छुटकारा पा सकता है, लेकिन कभी भी अपनी जिम्मेदारियों से विरत नहीं हो सकता है। इस मौके पर मदरसा शिक्षकों ने सेवा पूरी करने वाले अध्यापकों व अनुचर का माल्यार्पण किया। मदरसा प्रबंधक हाजी मुकद्दसीन ने कहा कि शानदार ढंग से उत्तरदायित्व पूरा करने वाले अध्यापक अन्य शिक्षकों के लिए उदाहरण बनेंगे। उपप्रबंधक नसीम अख्तर, मार्गदर्शक हबीब अहमद, मास्टर मोहम्मद नसीम, मास्टर मुनीर अहमद, कारी जसीमुद्दीन सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। रईस अहमद के कुशल संचालन में हाफिज मोहम्मद वसीम ने कुरान की तिलावत और मुराद अली ने नातखानी किया। हाजी मुकद्दसीन, मोहम्मद अनीस, हाजी नसीम अख्तर आदि ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को उपहार दिए। इस मौके पर कारी गुलाम यासीन, कदीर जलाली, हाफिज जमीर, मो. रईस, मो. सादिक, मो. नफीस तथा मसूद अंसारी रहे।


सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का माल्यार्पण करते हुए प्रधानाचार्य मौलाना हबीबुर्रहमान।

## युवक ने खाई चूहे मारने की दवा, पुलिस ने बचाई जान

**अंबेडकरनगर:** थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के 22 वर्षीय युवक ने इंस्टाग्राम पर चूहे मार दवा के पैकेट के साथ लास्ट डे ऑफ माई लाइफ लिखकर पोस्ट किया। बीते 3 जून को सुबह 4:56 बजे मेटा कंपनी ने यूपी पुलिस मुख्यालय के सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल के जरिए अलर्ट किया। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश पर तुरंत कार्रवाई शुरू हुई। सोशल मीडिया सेंटर ने मोबाइल नंबर से युवक की लोकेशन ट्रेस की। मात्र 9 मिनट में अंबेडकरनगर पुलिस को सूचना दी गई। थाना इब्राहिमपुर के थानाध्यक्ष रितेश पांडेय ने परिजनों की मदद से युवक का प्राथमिक उपचार कराकर उसकी जान बचा ली।

# आग लगने से नकदी और लाखों का सामान राख

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** बुधवार भोर में अज्ञात कारणों से करकट नुमा मकान में लगी आग से 50 हजार रुपये नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात और खाने-पीने के सामान, कपड़ा आदि समेत सभी जलकर नष्ट हो गए। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के जफरपुर गांव का है।

जानकारी के अनुसार बुधवार भोर में लगभग करीब 3 बजे जब सब परिवार अपने करकटनुमा मकान में सो रहे थे, तभी अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाए तब तक आग की चपेट में आकर घर में रखा 50 हजार रुपये और बेटी के जेवर हार, कान का झुमका, अंगूठी, विदिया आदि जल गए। साथ ही 9 क्विंटल गेहूं और घर में रखें सभी कपड़े, दो तख्ता, चारपाई आदि भी जल गए। आग की सूचना पर ग्राम प्रधान दुर्गेश उपाध्याय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू करने का प्रयास किया और अग्नि समन विभाग को भी सूचित किया, लेकिन अग्निशमन विभाग पहुंचा ही नहीं किसी तरीके से ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। जिससे अन्य घरों में आग बिखरने से बच गया। पीड़ित ने बताया कि मेरे नतनी की शादी गुरुवार को होनी है, जिसके लिए 50 हजार रुपये रखे हुए थे और घर में रखे सारे गहने मेरी लड़की के थे।


जफरपुर गांव में घर में आग लगने से जलती गृहस्थी। अमृत विचार


## कार्यालय ग्राम पंचायत जयरामपुर, विकासखंड कोयलसा आजमगढ़

**पत्रांक मेमो/पं0/स्था0-द्वितीय/विज्ञप्ति/पंचायत सहायक / 2025-26** **दिनांक-04-06-25**

शासनादेश संख्या-42/2021/1235/33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2021 के कम में निदेशक महोदय, पंचायती राज, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-6/2222/2018-6/203 ए/2024-25 दिनांक 17.12.2024 के द्वारा पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आदवेदन पत्र योग्य अभ्यार्थियों से आंममित्र किये जाते है:- 1 कुल रिक्त पद: 1 (एक) 2 ग्राम पंचायत की रिक्ति का विवरण एवं आवेदन पत्र ग्राम पंचायत सचिवालय पर उपलब्ध है। 3 आवेदन तिथि-05:06.2025 से 20.06.2025 तक ।पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय सारिणी:-

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आदवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत क सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 02 जून 2025 से 04 जून 2025 |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 05 जून 2025 से 20 जून 2025 |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 21 जून, 2025 से 26 जून 2025 |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 27 जून, 2025 से 04 जुलाई 2025 |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति । | 05 जुलाई 2025 से 11 जुलाई 2025 |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना | 12 जुलाई 2025 से 14 जुलाई, 2025 |

आवेदन की प्रक्रिया: निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42/2021/1235/33-3 -2021/989, दिनांक: 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**राजकुमार यादव - ग्राम प्रधान** **मनोज कुमार सिंह - ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**


# कब्रिस्तान की जमीन पर नहीं बनेगी पानी की टंकी

**एसडीएम ने ग्रामीणों और राजस्व टीम के साथ बैठक कर निकाला नया रास्ता**

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** फूलपुर तहसील के ग्राम पंचायत सुदनीपुर के चकनूरी गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी के लिए चल रही बोरिंग को ग्रामीणों के विरोध के बाद रोक दिया गया था। ग्रामीणों ने गाटा संख्या 314 को कब्रिस्तान बताते हुए इसका विरोध किया। अब एसडीएम फूलपुर ने ग्रामीणों और राजस्व टीम के साथ बैठक कर नया रास्ता निकाला है। पानी की टंकी अब गाटा संख्या 314 की जगह गाटा संख्या 22 पर बनाई जाएगी।

चकनूरी गांव में कुंवर नदी के किनारे गाटा संख्या 314 पर जल जीवन मिशन के तहत बोरिंग का कार्य शुरू हुआ था। ग्रामीणों ने इस जमीन को कब्रिस्तान बताते हुए काम रुकवाया और मशीन हटवा दी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 50 वर्षों से वे इस क्षेत्र में अपने पूर्वजों के शव दफन करते आ रहे हैं। बरसात में बाढ़ के समय ऊंचे स्थान और नदी का जल स्तर कम होने पर निचले स्थान पर शव दफन किए जाते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में अन्य ग्रामसभा की जमीनें उपलब्ध हैं, जिन पर भूमाफिया ने कब्जा किया हुआ है। प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की कि इन जमीनों को कब्जामुक्त कराकर वहां टंकी बनाई जाए।


ग्रामीणों के विरोध के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम संतरंजन। अमृत विचार

ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए एसडीएम फूलपुर संत रंजन ने प्रधान पति राजबहादुर यादव और लेखपाल सोनू गिरी की उपस्थिति में बैठक की। बैठक में ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गाटा संख्या 22 को पानी की टंकी के लिए सही पाया गया। वहीं राजस्व टीम ने बताया कि यह जमीन नवीन परती के रूप में दर्ज है और टंकी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। एसडीएम ने तत्काल सर्वे कराकर गाटा संख्या 22 पर टंकी निर्माण की अनुमति दे दी है। उधर, एसडीएम संतरंजन ने बताया कि ग्रामीणों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए गाटा संख्या 22 पर पानी की टंकी के निर्माण की सहमति बनी है। अब गाटा संख्या 314 की जगह गाटा संख्या 22 पर टंकी बनाई जाएगी।

# डीएम और एसपी ने कुर्बानी के संभावित स्थलों का किया निरीक्षण

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने संयुक्त रूप से आगामी बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत नमाज स्थल, कुर्बानी के संभावित स्थलों, डंपिंग ग्राउंड्स आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुबारकपुर ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को बताया कि नगर मे कुर्बानी के अवशेषों को डंपिंग हेतु 18 स्थल पर चिन्हित 18 गड्ढे खुदवाए गए हैं और सभी लोगों को बचे हुए अवशेषों को इसी स्थान पर डंपिंग करने हेतु जागरूक किया गया है। इसके बाद जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा डंपिंग स्थान के आस पास के स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुबारकपुर थाने स्थित पोखरी के आसपास साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया और थाना कैंपस, महिला आरक्षी थाने का निरीक्षण करके वाहनों की जानकारियां एवं अन्य जानकारियों के बारे में थानाध्यक्ष से जवाब तलब किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थल पर ही कुर्बानी हो तथा अवशेषों को खुले में न फेंके। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, एसडीएम सदर, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह, सीओ सदर आस्था जायसवाल, विनय कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सिकहुला, विकासखंड कोयलसा आजमगढ़

**पत्रांक मेमो/पं0/स्था0-द्वितीय/विज्ञप्ति/पंचायत सहायक / 2025-26** **दिनांक-04-06-25**

शासनादेश संख्या-42/2021/1235/33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2021 के कम में निदेशक महोदय, पंचायती राज, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-6/2222/2018-6/203 ए/2024-25 दिनांक 17.12.2024 के द्वारा पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आदवेदन पत्र योग्य अभ्यार्थियों से आंममित्र किये जाते है:- 1 कुल रिक्त पद: 1 (एक) 2 ग्राम पंचायत की रिक्ति का विवरण एवं आवेदन पत्र ग्राम पंचायत सचिवालय पर उपलब्ध है। 3 आवेदन तिथि-05:06.2025 से 20.06.2025 तक ।पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय सारिणी:-

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आदवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत क सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 02 जून 2025 से 04 जून 2025 |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 05 जून 2025 से 20 जून 2025 |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 21 जून, 2025 से 26 जून 2025 |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 27 जून, 2025 से 04 जुलाई 2025 |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति । | 05 जुलाई 2025 से 11 जुलाई 2025 |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना | 12 जुलाई 2025 से 14 जुलाई, 2025 |

आवेदन की प्रक्रिया: निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42/2021/1235/33-3 -2021/989, दिनांक: 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**श्रीमती कविता यादव-ग्राम प्रधान** **मनोज कुमार सिंह-ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**


# गंगा दशहरा को लेकर शिवाला घाट पर हुई साफ-सफाई


जलालपुर शिवाला घाट पर साफ-सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** आगामी 5 जून को नगर के शिवाला घाट पर मनाए जाने वाले गंगा दशहरा त्योहार को लेकर आखिरकार तमसा श्रेष्ठ के अध्यक्ष के प्रयास से बुधवार दोपहर बाद साफ -सफाई का अभियान नगर पालिका द्वारा चलाया गया। बता दें कि गंगा दशहरा का त्योहार जलालपुर शिवाला घाट पर लगभग 5 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 5 जून को भी शिवाला घाट पर गंगा दशहरा का त्योहार मनाया जाना है, लेकिन यहां काफी गंदगी और पानी के दूषित होने के चलते यह त्योहार मनाया जाना असंभव था। जिसको लेकर तमसा श्रेष्ठ के अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी से लेकर नगर पालिका तक गुहार लगाई। तब जाकर बुधवार को इस घाट पर साफ -सफाई का कार्यक्रम शुरू हुआ, ताकि इस त्योहार को हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा सके। तमसा श्रेष्ठ के अध्यक्ष केशव प्रसाद ने बताया कि यह त्योहार लगातार मनाया जा रहा था, लेकिन गंदगी की चलते काफी दिक्कत हो रही थी, लेकिन प्रशासन से गुहार के बाद अब यहां साफ सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है।

# विधायक ने की सड़क मरम्मत की मांग

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत चिवार:** विधान सभा क्षेत्र आलापुर अन्तर्गत अन्नापुर से खौलिया होते हुए नगदहा तक जाने वाली पिचमार्ग के मरम्मत कराने के लिए आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त ने अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। अन्नापुर लिंक रोड से खौलिया होते हुए नगदहा तक सड़क की मरम्मत के लिए विधायक से क्षेत्रीय लोगों ने मुलाकात कर ज्ञापन दिया था।

बता दें कि आलापुर से सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर लिंक मार्ग की मरम्मत कराने को कहा है। मांग पत्र में अन्नापुर से खौलिया होते हुए नगदहा तक की सडक़ मरम्मत की मांग की गई है। यह सडक़ 1995-96 में पीडब्ल्यूडी विभाग से निर्मित हुई थी। 2017 से पहले समय-समय पर मरम्मत का कार्य होता रहा है। 2017 के बाद एक बार भी सडक़ की मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है। जिससे सड़क काफी जर्जर हालत में हैं और उस पर चलना भी दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि 2017 के बाद से इस सड़क की मरम्मत का कार्य केवल सेखौलिया तक ही हो रहा है, इससे आगे की सडक़ जर्जर स्थिति में है।


अन्नापुर से खौलिया होते हुए नगदहा तक जाने वाली बदहाल सड़क। अमृत विचार

**नगदहा तक जाने वाली सड़क की 2017 से नहीं हुई मरम्मत**

**ग्रामीणों ने विधायक के माध्यम से अधिशासी अभियंता को भेजा पत्र :** ग्राम प्रधान और स्थानीय निवासियों ने विधायक के माध्यम से लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड को पत्र भेजा है। ग्रामीणों की मांग है कि नगदहा संपर्क मार्ग की मरम्मत चंद्रभान मौर्य के मंदिर तक की जाए। जिससे क्षेत्र के सभी गांवों का सम्पर्क बेहतर हो सके। मांग पत्र देने वालों में भाजपा मंडल पदाधिकारी विनय पांडे, रामकेवल यादव, ग्राम प्रधान दिनेश, चंद्रभान मौर्य, अनिल, राम लखन, तिलकधारी यादव, अशोक कुमार, पंकज कुमार, अमन राज और परशुराम सहित अन्य ग्रामवासी शामिल थे।


## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद- बहराइच।

**पत्रांक- 43/सीवरेज जल नि0-2023-24/नि0का0/ई-टेण्डर/न0पं0प0/2025-26 दिनांक 30 मई, 2025**

**ई-निविदा सूचना- द्वितीय चरण**

इस कार्यालय के पत्रांक- 42/सीवरेज जल नि0-2023-24/नि0का0/ई-टेण्डर/न0पं0प0/2025- 26 दिनांक 30 मई, 2025 द्वारा सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच की कार्ययोजना मे स्वीकृत निर्माण कार्यो में से नाला/ नाली निर्माण के 05 कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.06.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे से दिनांक 18.06.2025 को अपरान्ह 3:30 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2024-25 अथवा वर्ष 2025-26 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों मे A, B, C एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग-अलग आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के नाम से भारतीय स्टेट बैंक शाखा सोहरियावां, बहराइच में संचालित बचत खाता संख्या- 39299996124 IFS code SBIN0009394 में जमा की जायेगी। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत जमानत धनराशि की बैंक द्वारा निर्गत सी0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पयागपुर के पदनाम से बन्धक हो जमा किया जा सकता है, किन्तु निविदा मूल्य आनलाइन ही उक्त बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 18.06.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत पयागपुर को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि / जमानत धनराशि एवं निविदा मूल्य सहित विवरण ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद- बहराइच**

**(बालेन्द्र प्रताप)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद- बहराइच**

## सार-संक्षेप

### कथक नृत्य की कार्यशाला में प्रतिभागियों को दी जानकारी



कथक नृत्य की कार्यशाला में सीखते प्रतिभागी। अमृत विचार

**बलरामपुर।** बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में चल रहे सातदिवसीय ग्रीष्मकालीन निशुल्क कथक नृत्य कार्यशाला के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने कथक नृत्य में हस्तक की जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय जी के निर्देशन एवं महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर व कार्यशाला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान के संयोजकत्व में प्रतिभागियों ने कथक नृत्य में हस्तक की जानकारी प्राप्त कर झूमते नजर आये। कथक गुरु हर्षिता चौहान ने हस्तक की जानकारी देते हुए बताया कि कथक नृत्य में, हाथों की मुद्राएं और उनकी हरकते "हस्तक" कहलाती हैं। ये हस्तक नृत्य में भावनाओं, कहानियों और विचारों को व्यक्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि कथक में हस्तकों का उपयोग विभिन्न प्रकार के अवसरों के लिए किया जाता है, जैसे कि भावनाओं को व्यक्त करना, कहानियों को बताना, और अभिनय करना। साथ ही कथक में हस्तकों को सीखने और समझने के लिए एक विशेष तकनीक का उपयोग किया जाता है, जो नर्तक को सही ढंग से हस्तक करने में मदद करती है। इस अवसर पर डॉ वंदना सिंह, आरती, छवि चतुर्वेदी, शिखा पाण्डेय, हर्षिता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### आज से शुरू होगा पौधरोपण व प्लास्टिक मुक्त अभियान

**बलरामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद पौधरोपण एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नामित किए हैं। पौधरोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, वाद-विवाद प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता समेत कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्लास्टिक के विकल्पों पर परिचर्चा की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को तैयारियां पूरी करने और जनसहभागिता के साथ गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

### गन्ना की खेती सहित अन्य फसलों की उपज की दी जानकारी

**रुपईडीह :** बुधवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत बेलवाभान, गौसिहा व पिपरा बाजार मे जिला कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार की देखरेख में किसान गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के प्रधान कृषि विज्ञानी डॉ चंद्र गुप्ता ने उपस्थित किसानों को गन्ने की प्रजातियों की पहचान, खरपतवार नियंत्रण व बीमारियों के बारे मे अवगत कराया। राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संस्थान लखनऊ के प्रधान विज्ञानी डॉ शरद कुमार सिंह व विज्ञानी डॉ राघवेन्द्र सिंह ने मछली पालन व इससे जुड़ी हुई जानकारियों को किसानों के बीच साझा किया। कृषि विज्ञान केन्द्र गोपाल ग्राम के कृषि विज्ञानी डॉ अंकित तिवारी ने खरीफ की फसलों मे श्री अन्न के प्राकृतिक खेती पर बल देते हुए उसके महत्व को बताया। केवीके गोपाल ग्राम की कार्यक्रम सहायक शशिबाला सिंह ने उपस्थित महिलाओं को अचार व मुरब्बा के निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत मे जिला कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। गोदाम प्रभारी नीरज वर्मा, एसएमएस राम सिंह, एटीएम जयवर्धन सिंह व अवनीश शुक्ल, जिपंस मनोज शुक्ल, प्रधान विवेक शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

### रेणुकानाथ मंदिर के नाम पर स्टेशन की मांग

**बलरामपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा खलीलाबाद से बलरामपुर होते हुए भिनगा-बहराइच तक प्रस्तावित नई रेलवे लाइन के तहत हंसुवाडोल नाम से एक स्टेशन प्रस्तावित है। परंतु इस क्षेत्र में स्थित प्राचीन व आस्था से जुड़ा रेणुकानाथ मंदिर को ध्यान में रखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने स्टेशन का नाम बदलकर "रेणुकानाथ रेलवे स्टेशन" रखने की मांग की है। इस संबंध में बलरामपुर सदर भाजपा विधायक पल्टूराम ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि धार्मिक भावना व क्षेत्रीय पहचान को सम्मान देते हुए इस स्टेशन का नाम रेणुकानाथ मंदिर के नाम पर रखा जाए। इसके साथ ही सदर विधायक ने झारखंडी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के अभाव का मुद्दा भी उठाया है। उन्होंने बताया कि भले ही स्टेशन का प्लेटफार्म विस्तारित कर दिया गया है लेकिन वहां आज भी शेड, पंखे, शुद्ध पेयजल व शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं।

### भाजपा सरकार पर जमकर बरसे सपा कार्यकर्ता

**उतरौला/बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य सैयद तवक्कल हुसैन रिजवी ने पीडीए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी की नीतियों को जनता के बीच पहुंचाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष कि कुमार गिहार व अन्य सपा नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास संघर्ष भरा और समाज के कमजोर लोगों को हक दिलाने का रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता के नशे में चूर है और महंगाई, भ्रष्टाचार, खराब कानून व्यवस्था से जनता परेशान है। पीडीए के पदाधिकारियों ने 2027 में पीडीए को मजबूत बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब के संविधान की रक्षा में खड़ी है, जबकि भाजपा सरकार महिला, किसान, मजदूर, गरीब, युवा और बुजुर्ग विरोधी है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनवर महमूद खान, सपा नेता डॉ एहसान खान, पूर्व विधायक राम सागर अकेला, सपा नेता डॉ ओंकार नाथ पटेल, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा और अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

### 1260 युवाओं ने किया आवेदन, 160 को ही मिला ऋण

**बलरामपुर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर स्वरोजगार के अवसर देना है। लेकिन बलरामपुर में यह योजना अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी है। विभाग को मिले 1262 आवेदनों में से अब तक केवल 160 युवाओं को ही ऋण उपलब्ध कराया गया है। जिससे योजना की क्रियान्वयन प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। उद्योग विभाग को जिले में 1400 लाभार्थियों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया था। इसके तहत आए आवेदनों में से 840 को बैंकों को भेजा गया लेकिन 458 आवेदन अपात्र पाकर निरस्त कर दिए गए। शेष पात्र आवेदनों में से भी केवल 178 को ही मंजूरी मिली और अब तक 160 आवेदकों को ही ऋण जारी किया गया है। इस योजना में युवाओं को अधिकतम 5 लाख रुपये तक का ऋण चार वर्ष तक बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तक का अनुदान भी दिया जाता है। उद्देश्य है कि युवा खुद का व्यवसाय शुरू कर सकें और अन्य लोगों को भी रोजगार दें। लेकिन ऋण वितरण की धीमी रफ्तार और बड़ी संख्या में आवेदन रद्द होने से कई युवा मायूस हो रहे हैं। विभागीय आंकड़े बताते हैं कि आवेदनों के मुकाबले ऋण वितरण की दर बहुत कम है। जिससे योजना के प्रभाव को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस योजना के लिए आवेदनकर्ता उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए। आयु 21 से 40 वर्ष के बीच हो। साथ ही न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है।

# देवीपाटन कॉरिडोर को मिली रफ्तार रजिस्ट्री की प्रक्रिया में आएगी तेजी

## देवीपाटन मंदिर क्षेत्र में भव्य कॉरिडोर बनाने की घोषणा कर चुके हैं मुख्यमंत्री

संवाददाता, तुलसीपुर, बलरामपुर

**अमृत विचार।** देवीपाटन तीर्थ क्षेत्र में प्रस्तावित कॉरिडोर निर्माण में अब तेजी आने की संभावना है। भूमि अधिग्रहण के बाद किसानों की जमीन की रजिस्ट्री यानी बैनामा में आ रही रुकावट को प्रशासन ने दूर कर दिया है। अब बैनामा की प्रक्रिया को गति देने के लिए बलरामपुर के अपर उप जिलाधिकारी अवधेश शुक्ल को स्थानीय स्तर पर अधिकृत किया गया है। वह अब तुलसीपुर तहसील आकर बैनामा की प्रक्रिया पूरी कराएंगे।

गौरतलब है कि पर्यटन विभाग को इस कॉरिडोर के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग को किसानों से बैनामा कराने की प्रक्रिया में लगातार मुश्किलें आ रही थीं क्योंकि कार्यालय की दूरी के कारण नियमित तौर पर तहसील पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा था। समस्या के समाधान के लिए तत्कालीन उप जिलाधिकारी अभय सिंह ने शासन से आग्रह किया था कि स्थानीय अधिकारी को अधिकृत किया जाए। शासन की स्वीकृति के बाद अब प्रक्रिया को सुचारु रूप से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

नवागत उप जिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत ने जानकारी दी कि राजस्व विभाग द्वारा सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जैसे ही बैनामा की प्रक्रिया पूरी होगी पर्यटन विभाग कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू कर देगा। देवीपाटन कॉरिडोर परियोजना के तहत कुल 119 किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है जिसमें अब तक केवल चार किसानों से ही बैनामा हो सका था। अब शेष किसानों की जमीन का बैनामा जल्द ही हो सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी की तर्ज पर देवीपाटन मंदिर क्षेत्र में भी भव्य कॉरिडोर बनाने की घोषणा की थी। कारीडोर निर्माण हो जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार, व्यापार और पर्यटन के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### नागेश्वरपुरम होगा अब घोसियाना मोहल्ले का नाम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बलरामपुर प्राचीन झारखन्डी मंदिर के निकट झारखंडी सरोवर का सुंदरीकरण एंव पर्यटन क्षेत्र के रुप में विकसित किया जा रहा है।

इसी क्रम में घोसियाना मोहल्ला का नाम परिवर्तन करके नागेश्वरपुरम करने हेतु नगर पालिका कार्यवाही बैठक दिनांक 9 अप्रैल 2025 को 4 बजे पालिका मीटिंग हाल में अन्य आवश्यक विषय अध्यक्षक्ष की अनुमति से बोर्ड प्रस्ताव सं.128(1) नगरपालिका सीमान्तर्गत झारखंडी मंदिर के बगल मोहल्ला घोसियाना का नाम बदलकर नागेश्वरपुरम किये जाने पर विचार किया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित कर स्वीकृति प्रदान की गयी।

# बकरीद पर प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं चलेगी

**महराजगंज तराई/ललिया बलरामपुर, अमृत विचार।** बकरीद (ईद-उल-अजहा) पर्व को लेकर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से महराजगंज तराई थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार तुलसीपुर अजीत सिंह और क्षेत्राधिकारी ललिया डॉ. जितेंद्र कुमार ने की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीओ डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि कुर्बानी केवल अपने घरों या अधिकृत निजी परिसरों में ही की जाए। खुले स्थानों, सार्वजनिक सड़कों अथवा भीड़भाड़ वाले इलाकों में कुर्बानी करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी करने या उसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नायब तहसीलदार अजीत सिंह ने कहा कि कुर्बानी के बाद अवशेषों को चिह्नित स्थानों पर बने गड्ढों में ही दफनाया जाए।

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं सुंदर हरियाली
जब होगी पेड़ पौधों की रखवाली
पर्यावरण प्रेमी व "वृक्ष मित्र"
डॉ0 रवीश सिंह
सावित्री सेवा संस्थान
सुकरौली कुशीनगर

# अवैध कब्जा हटाने की जांच को पहुंची टीम

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार:** नगर पंचायत कटरा बाजार के वार्ड नंबर एक नाई टोला प्रथम निवासी आलोक जायसवाल ने डीएम को 28 मई को शिकायत की। आरोप है कि उसकी पुश्तैनी जमीन ने अवैध रूप से ढाबली रख ली गई है। इससे पूर्व 14 मई की शिकायत पर ईओ व तहसीलदार को जांच का आदेश मिला था। बावजूद कोई नही आया। पीड़ित ने ईओ पर जांच में रुचि ना लेने का आरोप भी लगाया है। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए डीएम ने एसडीएम को तत्काल जांच कर आख्या मांगी। जिस पर बुधवार को मौके पर जाकर नायब तहसीलदार अन्नू सिंह व ईओ कटरा संजय मिश्रा ने जांच की। नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को बुलाकर स्थलीय जांच कर रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। दोनों पक्षों को तहसील जनता दर्शन में अभिलेख के साथ बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे बुलाया गया है।



जांच करतीं तहसीलदार अन्नू सिंह। अमृत विचार

### सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

**गैंसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 55 वर्षीय साइकिल सवार शाहिद पुत्र मोहम्मद जिकरी की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब शाहिद साइकिल से अपने गांव जा रहा था। सुखरामपुर मोड पर मुड़ते ही गैसड़ी से पचपेड़वा जा रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल चालक घनश्याम पुत्र नारायण भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं
तभी आएगी सुंदर हरियाली
जब होगी पेड़ पौधों
की रखवाली
गोली दूबे
प्रबंध निदेशक श्री रग्घू सेवा आरोग्य संस्थान आर्यनगर गोंडा

### युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़

**करनैलगंज :** कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के एक गांव में अकेली रह रही 21 वर्षीय युवती के साथ देर रात घर में घुसकर छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 24 मई की रात करीब एक बजे वह घर में अकेली थी। इसी दौरान जानकी पुरवा निवासी नन्दन नामक युवक घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के माता-पिता पंजाब में काम करते हैं और घटना के वक्त वह घर पर अकेली थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अपहरण में फंस गए अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय महामंत्री

**▶▶ उधारी के रुपये वापस मांगा तो 3 के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**गोंडा, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के बिशुनपुर बैरिया गांव के रहने वाले अमरपाल सिंह उर्फ नील ठाकुर अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय महामंत्री हैं। उन्होंने बगल के गांव टिकरिया के रहने वाले मुकेश को पांच लाख रुपया उधार दिया था। मुकेश ने सालपुर सेमरा निवासी शिवकुमार चौबे से करीब 1.50 लाख व पंडरी बल्लभ सदापुरवा निवासी खुशीराम वर्मा से भी करीब 2 लाख रुपये उधार ले रखा था लेकिन वह इन लोगों के पैसे लौटाने में आनाकानी कर रहा था। पैसे वापस न देना पड़े इसलिए वह गांव छोड़कर बनारस चला गया और वहीं रहने लगा। इसकी जानकारी होने पर नील ठाकुर, खुशीराम वर्मा व शिवकुमार चौबे उसकी तलाश में बनारस पहुंच गए और मुकेश को अपनी गाड़ी में बैठाकर वापस गांव ले आए। पुलिस का कहना है कि तीनों लोगों ने मुकेश को शालीमार होटल के कमरा नंबर 103 में बंधक बना लिया और उससे सात लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। किसी तरह से मुकेश ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में नील ठाकुर समेत सालपुर सेमरा निवासी शिव कुमार चौबे व पंडरी बल्लभ सदापुरवा निवासी खुशीराम वर्मा को नहर रोड सालपुर गोशाला के सामने से गिरफ्तार किया है। वहीं अवध केसरी सेना की तरफ से विवेक सिंह ने इस पूरे प्रकरण पर सफाई दी है। देहात कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकेश की तहरीर पर नील ठाकुर, शिवकुमार चौबे व खुशी राम वर्मा के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं
तभी आएगी सुंदर हरियाली
जब होगी पेड़ पौधों
की रखवाली
संतोष मिश्रा
वन क्षेत्राधिकारी
वन रेंज रेहरा
कैलाश नाथ शुक्ला
वन दरोगा
रेहरा रेंज

# जिला अस्पताल के कर्मियों को तीन माह से नहीं मिला मानदेय

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में आउटसोर्सिंग पर तैनात नर्स तथा कई कर्मचारियों का मानदेय 3 महीने से नहीं मिला है। जिससे वह लोग भुखमरी के कगार पर हैं। सभी कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मांग पत्र देकर मानदेय दिलाये जाने की मांग की है।

जिला अस्पताल में नर्स तथा कर्मचारी जिनकी संख्या करीब 50 की है इन लोगों को विगत 3 माह से भुगतान नहीं हुआ है। नौबत यह आ गई है कि लोग भुखमरी के कगार पर हैं। भुगतान किए जाने को लेकर कई बार अधिकारियों व कर्मचारियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। जिला अस्पताल में इन कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखा गया है। यह सभी लोग शुभम इंटरप्राइजेज फर्म के अधीन कार्य करते हैं। फर्म के अधिकारियों से भी भुगतान दिलाए जाने को लेकर कई बार बातचीत हो चुकी लेकिन अभी तक काम बना नहीं है। सभी कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मानदेय दिलाये जाने की मांग की है। कर्मचारियों की ओर से कहा गया है कि विगत मार्च से लेकर अब तक उन लोगों का भुगतान नहीं हुआ है जिससे वह लोग काफी परेशान हैं। भुगतान न होने से वह लोग मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। सभी कर्मचारियों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये पत्र में चेतावनी दी है यदि भुगतान नहीं होगा तो मजबूरी में वह लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी। माना जा रहा है कि यदि जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा सख्त कदम नहीं उठाया गया और भुगतान में देरी हुई तो कर्मचारी कभी भी धरने पर जा सकते हैं।

**नवयुग विधि महाविद्यालय**
रतनपुर बारी सहिजन सुलतानपुर (उ0प्र0)–228131
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत (एल0एल0बी0, त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम में प्राचार्य– 01 पद तथा प्रवक्ता– 10 पद
**योग्यता एवं वेतनमान** – यू0जी0सी0, बी0सी0आई0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
प्रबंधक
मो0नं0. 9919332588, 9918398383, 9450214159

**नवयुग पी0जी0 कॉलेज**
रतनपुर बारी सहिजन पो0 कुन्दाभैरवपुर, सुलतानपुर (उ0प्र0)–228131
**आवश्यकता है**
**स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए.)** पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी एवं ऊर्दू विषयों में 05–05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक कला संकाय (एम0ए0)** हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम.एससी)** हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय (एम.एससी)** पाठ्यक्रम हेतु एग्रोनॉमी, हार्टिकल्चर, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग, एनीमल हसबैन्डरी एवं डेयरी, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री एण्ड स्वायल साइन्स विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय एम0एड0** पाठ्यक्रम में 10 पद प्रवक्ता की।
**योग्यता एवं वेतनमान**– यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 07 दिन के अन्दर समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों/ अंकपत्रों की छायाप्रति एवं दो रंगीन (पासपोर्ट साइज) फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।
प्रबन्धक
मो0नं0: 9918398383, 9919332588, 9450214159

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपना नाम RAMESH KUMAR से बदल कर RAMESH KUMAR DALAI S/o GANGADHAR DALAI रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाए। **पता– 3/85 VIJYANT KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW Pincode 226010**

**सूचना**
दिनांक 01–04–2025 से सांझेदारी फर्म Krishna Enterprises and Solution के सांझेदार विशाल प्रकाश पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को निकालकर भास्कर पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को नए सांझेदार के रूप मे नियुक्त करते हुए फर्म के नाम मे संशोधन कर Krishna Solutions किया जाता है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि आधार, पैन, व बैंक रिकॉर्ड में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी स्व0 राम अजोर सिंह है। जो सही है। पेंशन रिकॉर्ड में शांता देवी दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है। मै स्पष्ट करती हूं कि मेरा नाम शान्ती देवी ही है। **शान्ती देवी पत्नी स्व राम अजोर सिंह ग्राम – बनभोकार पोस्ट – खानपुर, सुल्तानपुर उ. प्र. पिन – 222303**

**सूचना**
मैने अपना नाम EHRAR AHAMAD से बदलकर EHARAR AHAMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o - KALIM ADD- Ho.No. 424 JEEWAL POST-SIKRI DIST-BARABANKI - 225415(U.P)**

**सूचना**
मेरा खेत/प्लाट स्थित बलरामपुर देहात का रजिस्ट्री दिनांक 04/02/2020 का मूल दस्तावेज संख्या 202000925000560 जो कि प्लास्टिक के बैग में रखा था। दिनांक 29/05/2025 को गांव से गोविंदपुर के बीच में कहीं गिर कर खो गया है। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला है। **रिशू श्रीवास्तव पुत्र रमेश कुमार श्रीवास्तव ग्राम सहियापुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर**

**सूचना**
हम पति, पत्नी ने अपने पुत्र अब्दुल्ला व पुत्र वधू साजिमा उनके बच्चों फरमान, अरहान से संबंध विच्छेद कर लिया है। उनके किसी भी अच्छे व बुरे काम से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता नहीं है वह खुद के जिम्मेदार होंगे। इन सभी को मैने व मेरी पत्नी ने अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **इरशाद खां पुत्र दिलदार खां व मैसर वेगम पत्नी इरशाद खां निवासीगण गांधी नगर वार्ड नं. –3 गौरी निवादा थाना गुरसहायगंज – कन्नौज।**

**सूचना**
मेरा सही नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) है। मेरी जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाणपत्र– सह–अंकपत्र में 17.12.2002 है,जो सभी अभिलेखों में अंकित है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सिलोचना सरोज (SILOCHANA SAROJ) व जन्मतिथि 01.01.2002 अंकित हो गया है। मेरे आधार कार्ड में संसोधन करते हुए नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) व जन्मतिथि 17.12.2002 अंकित किया जाये। **सुलोचना देवी पत्नी प्रदीप कुमार सरोज पता– ग्राम– बीरापुर, परगना– पट्टी, तहसील– रानीगंज, जिला – प्रतापगढ़, यू. पी.**

**सूचना**
मै, जुहैब जाहिद वयस्क पुत्र जाहिद जमशेद निवासी फ्लैट नं0–805, 16/16 गोकुल अपार्टमेण्ट सिविल लाइन्स ग्वालटोली थाना कोतवाली, कानपुर नगर अपनी पत्नी दानिया नाजिम पुत्री श्री मोहम्मद नाजिम निवासी म0नं0 44/8 चौबे गोला नई सड़क थाना मूलगंज कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में अन्तिम, तृतीय तलाक दि0 13–05–2025 को दे रहा हूँ। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको प्रथम तुहर की प्रथम तलाक दि0 1–3–2025 व द्वितीय तुहर की द्वितीय तलाक 12–04–2025 से सम्बन्धित नोटिस भी प्रेषित की जा चुकी है।

# सरयू नहर में नहाने गए किशोर की डूब कर मौत

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** सरयू नहर में नहाने गये 17 वर्षीय किशोर की डूबकर मौत हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी नहीं है।

मृत किशोर जीशान मंसूरी पुत्र मोहम्मद शमीम निवासी बभनान जिला बस्ती पचपेडवा में अपने नाना रहमतुल्ला के यहा तीन वर्ष से रहता था। बुधवार को दोपहर तीन बजे जूडीकुइया के पास सरयू नहर में दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। गांव वाले निकालकर पचपेडवा लाया गया। घर पहुंचते ही उसकी मृत्यु हो गई। मृत बालक को परिजन उसके घर बभनान लेकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उन्हें घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जानकारी मिलने पर मामले की छानबीन कराई जाएगी।



जीशान मंसूरी (फाइल फोटो)।

वृक्ष लगाए पर्यावरण बचाएं
विश्व पर्यावरण दिवस पर आईए
हम जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संकल्प लेते हैं।
देवेंद्र प्रताप सिंह
वन क्षेत्राधिकारी
भांभर रेंज, सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग
जनपद बलरामपुर

## एक नजर

### किशोरी सहित अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

नवाबगंज, गोंडा। पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृत किशोरी को बरामद किया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी 24 मई को गांव के ही एक युवक ने शादी करने की नीयत से अगवा कर लिया था। पुलिस ने 25 मई को पिता की तहरीर पर आरोपी सरवन और उनके माता-पिता समेत भाई के खिलाफ अगवा करने का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई थी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुलिस टीम ने बनारस में एक आटो से उतरते समय किशोरी के पिता के पहचान करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया गया था और बुधवार को आरोपी सरवन को जेल भेज दिया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए वन स्टाप सेंटर गोंडा भेज दिया गया है।

### मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, गोंडा। कूड़ा रखने के विवाद को लेकर हुई मार-पीट में एक नामजद तथा तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के खड़ौआ गांव निवासी सुनील कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार को समय करीब तीन बजे वह अपने घर पर बैठा था कि गांव के आलोक पाठक तीन अज्ञात लोगों के साथ आए और कूड़ा रखने के विवाद को लेकर गाली देने लगे। मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे जिससे उसके सिर तथा दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 12 को होगी ब्लॉक में सुनवाई

रुपईडीह, अमृत विचार : मंडलायुक्त के निर्देश पर ब्लॉक की ग्राम पंचायत हिंदू नगर बाकी में गीता देवी का नाम परिवार रजिस्टर में न दर्ज होने के मामले में आगामी 12 जून को पंचायत सचिवालय पर मामले की सुनवाई की जाएगी। पंचायत सचिव अमरजीत ने बताया कि गीता देवी द्वारा मंडलायुक्त को शिकायत की गई कि उसका नाम पंचायत सचिव द्वारा परिवार रजिस्टर में नहीं दर्ज किया जा रहा है। इस शिकायत का निस्तारण किए जाने के लिए शिकायतकर्ता को साक्ष्य के साथ उपस्थित होने के लिए पत्र भेजा गया है।

### 10 जून तक मंडी से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

करनैलगंज, अमृत विचार : बुधवार को करनैलगंज की गल्ला एवं फल-सब्जी मंडी में सचिव मुकेश जायसवाल ने व्यापारियों संग बैठक कर अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए। व्यापारियों ने बकरीद का हवाला देते हुए 10 जून तक मोहलत मांगी, जिसे प्रशासन ने स्वीकार किया। तय समय के बाद अतिक्रमण न हटाने पर मंडी प्रशासन पुलिस की मदद से कार्रवाई करेगा और जुर्माना भी वसूला जाएगा। बैठक में साफ-सफाई, बिजली-पानी जैसी समस्याएं भी उठाईं गईं।

### वाहन की टक्कर से दो घायल

इटियाथोक, गोंडा। गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर पांडे पुरवा पारासराय स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास दौड़ रही तेज गति से बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस टक्कर की वजह से बाइक सवार के साथ-साथ सड़क के पटरी पर जा रही एक महिला भी इस चपेट में आ गई। इस घटना में बाइक सवार युवक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने डायल 112 व एंबुलेंस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक पहुंचाया। बाइक सवार की पहचान अनिल (21) पुत्र सरजू निवासी तकिया मनोहर जोत व महिला की पहचान पुष्पा (46) पत्नी रामसागर निवासी दिखलौल के रूप में हुई।

### आंखों की नियमित जांच कराएं : डीएन सिंह

बेलसर, गोंडा। आंख के लेंस पर माड़ा छाए तो तुरंत आंख की जांच कराएं, मोतियाबिंद हो सकता है। सीएचसी बेलसर पर तैनात नेत्र सहायक डीएन सिंह ने बताया कि सीएचसी पर नियमित आंखों की जांच की जाती है। प्रतिदिन बीस से पच्चीस लोग जांच के लिए आते हैं। जांच के बाद यदि चश्मा की जरूरत है तो कितने नंबर का चश्मा की जरूरत है बता दिया जाता है। मरीज किसी भी दुकान से उस नंबर का चश्मा बनवा लेता है। उसी से मरीज को राहत मिल जाती है। इस तरह की हो परेशानी तो तुरंत जांच कराए, आंखों में जलन, पानी गिरना, धुंधला दिखाई देना, सर दर्द होना, सीएचसी पर सिर्फ मिलती है सलाह, सीएचसी पर सामान्य मरीजों को जांच करके चश्मा बनवाने की सलाह दे दी जाती है। बताया कि मोबाइल ज्यादा देर तक न देखें।

# ग्रामीणों की चौखट पर पहुंचा प्रशासन शिकायतें सुनीं, किया समाधान

## पांच ग्राम पंचायतों में डीएम ने अधिकारियों संग लगाई पंचायत

संवाददाता, गोंडा


गांव में लगी चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार : गांवों की समस्याएं अब फाइलों में नहीं, फील्ड में हल हो रही हैं। मंगलवार को शुरू हुए ग्राम चौपाल 3.0 कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गांव-गांव जाकर न सिर्फ ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को साथ लेकर मौके पर ही समाधान करने की कोशिश की।

जिलाधिकारी के निर्देश पर आईजीआरएस, समाधान दिवस, जनता दर्शन और अन्य प्लेटफार्म से प्राप्त शिकायतों की सघन पड़ताल की गई। जिन ग्राम पंचायतों से बार-बार समस्याएं आ रही थीं, उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर चौपाल आयोजन के लिए चुना गया। विकासखंड झंझरी, रूपईडीह और पण्डरी कृपाल की पांच ग्राम पंचायतों पथवलिया, पिपरा पदुम, उमरा, पुरैनिया और दत्तनगर विसेन में चौपाल लगाई। ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्होंने संपर्क मार्गों की स्थिति, विद्युत आपूर्ति, शौचालय निर्माण, नाली, राशन वितरण, अविवादित विरासत जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की और अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत उमरा में सरकारी भूमि पर बने अवैध शौचालयों की शिकायत मिलने पर डीएम ने संबंधित नायब तहसीलदार को तत्काल मौके पर जाकर निर्माण हटवाने का निर्देश दिया। पुरैनिया में वर्षों पुरानी नाली निर्माण की समस्या को मौके पर मौजूद दोनों पक्षों के बीच समाधान कर हल किया गया। जब ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सिर्फ 4 से 5 घंटे बिजली आती है, तो डीएम ने विद्युत विभाग को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल सुधार नहीं हुआ, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है।

## 35 लोगों को आवंटित पट्टा निरस्त, अपात्र मिलने पर हुई कार्रवाई

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार : अवैध तरीके से आवंटित किए गए पट्टों को जिलाधिकारी न्यायालय ने 35 पट्टों को निरस्त कर दिया है। मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुरिया के बंजरिया गांव से जुड़ा हुआ है। वर्ष 1984 व 1986 में 35 लोगों को तत्कालीन एसडीएम और ग्राम प्रधान ने पट्टा आवंटित किया था। जिन लोगों को पट्टा दिया गया वे सभी अपात्र पाए गए। पट्टा आवंटन के बाद पात्र व्यक्तियों ने इसका विरोध किया, लेकिन ग्रामीणों की फ़रियाद पर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। हर तरफ से निराश होने के बाद 6 अगस्त 2021 को जिलाधिकारी न्यायालय पर एक वाद दायर किया गया। इस पूरे प्रकरण की जांच कराई गई। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना गया जिन लोगों को पट्टा आवंटित किया गया था वे या तो गांव के बाहर के थे या जिनके पास पहले से ही जमीन मौजूद है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ही परिवार के दो-दो लोगों को आवंटित कर दिया गया। कुल मिलाकर नियमों कानून को ताक पर रखकर पट्टा आवंटित किए गए। दोनों पक्षों को जिलाधिकारी न्यायालय पर सुनने के बाद सभी 35 पट्टों के आवंटन निरस्त कर दिया गया। इस खबर से पूरे क्षेत्र में लोगों में हर्ष का माहौल है।

## साझेदारी में राइस मिल चलाने के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**कोर्ट के आदेश पर चार लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज**

अमृत विचार : साझेदारी में राइस मिल चलाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भितिहा टिकवार निवासी शत्रोहन जी गोस्वामी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। उनका आरोप है कि उन्होंने शिवानंद दूबे व कृष्ण कुमार दूबे निवासी छतई पुरवा, सकरौरा ग्रामीण के साथ मिलकर वर्ष 2021-22 में साझेदारी में राइस मिल चालू की थी। साझेदारी के तहत उन्होंने नकद व खाते के माध्यम से कुल 25 लाख 50 हजार रुपये का निवेश किया। शुरुआत में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद जब शत्रोहन ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी हीलाहवाली करने लगे। बाद में किश्तों में केवल 7 लाख 50 हजार रुपये वापस किए गए। शेष 18 लाख रुपये मांगने पर न सिर्फ टालमटोल की गई, बल्कि गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी गई। शत्रोहन का कहना है कि मामले को लेकर कोतवाली में कई बार पंचायतें भी हुईं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। बार-बार रुपये देने का आश्वासन देकर टालमटोल की गई। उसके बाद उनके पुत्र कृष्ण कुमार दुबे व रोहित मिश्रा निवासी परसौनी पुरवा कटरा बाजार और अमरेश निवासी सुदई पुरवा, दत्तनगर द्वारा पैसा मांगने पर जानमाल की धमकी देने लगे। अंततः उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से आदेश मिलने पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि मामले में कोर्ट का आदेश प्राप्त हुआ है। मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। यह पैसे के लेनदेन से जुड़ा विवाद है, जिसकी तह तक जाकर कार्रवाई की जाएगी।

## 6 शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

परसपुर, अमृत विचारः नगर पंचायत क्षेत्र में विद्युत कार्य के दौरान चोरी हुए भारी-भरकम केबिल ड्रम का खुलासा करते हुए परसपुर पुलिस ने छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यह ड्रम लाखों रुपये मूल्य के बताए जा रहे हैं।


बरामद बिजली केबल व पकड़े गए चोर। अमृत विचार

घटना के संबंध में सुनिल कुमार पाण्डेय निवासी सुभागपुर ने सूचना दी थी कि एक जून को वह परसपुर कस्बे में विद्युत कार्य कर रहे थे। शाम को कार्य समाप्ति के बाद उन्होंने ट्रेक्टर-ट्राली पर 120 केवी क्षमता का भारी केबिल ड्रम संख्या 5527 व अन्य सामान लादा और छोटा सामान स्टोर में रखवा दिया, लेकिन भारी ड्रम को ट्राली पर ही छोड़ दिया। अगले दिन तड़के करीब 3:28 बजे मकदुम नामक मजदूर ने सूचना दी कि ट्राली पर रखा केबिल ड्रम गायब है। मौके पर जाकर देखने पर ट्रैक्टर-ट्राली वहीं खड़ी थी, लेकिन केबिल ड्रम गायब था। छानबीन के दौरान संदेह के आधार पर कुछ मजदूरों की भूमिका उजागर हुई। गिरफ्तार मजदूरों की पहचान राशिद, इस्माइल, विजय, मकदूम, नाजिर एवं अमन के रूप में हुई। सभी अभियुक्त मुरादाबाद एवं उन्नाव जिलों के निवासी हैं। जांच के दौरान दो अन्य नाम भी प्रकाश में आए हैं, जिनमें अशोक एवं ऋषभ, दोनों निवासी गायत्रीपुरम हैं। चोरी में प्रयुक्त इन्ट्रा वी 20 वाहन, टूटा हुआ 120 केवी केबिल ड्रम, पेंट का डब्बा व कपड़ा बरामद किया गया।

## रोडवेज बस ने युवक को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, धानेपुर, गोंडा

अमृत विचारः गोंडा उतरौला मार्ग पर धानेपुर के समीप एक रोडवेज बस ने युवक को ठोकर मार दी। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल और फिर लखनऊ के ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।


राहुल तिवारी। (फाइल फोटो)

धानेपुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव के रहने वाले परमात्मादीन तिवारी के मुताबिक मंगलवार को उनका बेटा राहुल तिवारी (42) बाजार लौट रहा था। गोंडा उतरौला मार्ग पर माधवगंज एरिया में स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक रोडवेज बस ने ठोकर मार दी थी। इस हादसे में राहुल के सिर में चोट आई थी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन एंबुलेंस की मदद से पहले उसे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गयी। राहुल की मौत से उसके परिवार में मातम पसरा है।

## मुंबई से लौटी महिला व उसकी बेटी की लात घूसों से पिटाई

**वीडियो वायरल**

**दूसरे पक्ष ने जबरन घर में घुसने का लगाया आरोप**

धानेपुर, अमृत विचार : धानेपुर के अलावल देवरिया की रहने वाली वसीमुनिशा पत्नी मोहम्मद सईद बुधवार को परिवार सहित मुंबई से गांव आईं थी। वसीमुन्निशा का कहना है कि जब वह गांव पहुंची तो उसके देवर अयूब के परिवार वालों ने उसे घर में घुसने से रोक दिया। विरोध करने पर अयूब को बेटे याकूब व उसके घर की महिलाओं ने उसकी तथा उसके बेटी की लात घूंसों और डंडे से पिटाई कर दी। सामान भी घर से बाहर फेंक दिया। वहीं याकूब का कहना है कि जिस मकान में वह परिवार समेत रहता है उसे उसके पिता ने बैनामा किया था। सईद और उसका परिवार मुंबई में रहता है। अब सईद उसके मकान में हिस्सा चाहता है। बुधवार को सईद की पत्नी ने जबरन उसके घर में घुसने की कोशिश की। रोकने पर मारपीट करने लगी। इसी बीच किसी ने मारपीट का विडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि घायल युवती का इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया जायेगा। मामले की गहनता से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शिवदीन की बहन की शादी कराएगी एसटीएफ

### लूटपाट के बाद बदमाशों की गोली का हुए थे शिकार

उमरी बेगमगंज, अमृत विचारः डकैती के दौरान बदमाशों की गोली का शिकार हुए मृतक शिवदीन की बहन उदय कुमारी की शादी एसटीएफ टीम करायेगी। शादी का पूरा खर्च भी एसटीएफ ही उठायेगी।

उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के डिक्सिर गांव का मजरा धन्नीपुरवा के रहने वाले देवीदीन की बहन उदय कुमारी का विवाह बीते 5 मई को होना था। परिवार के लोग शादी की तैयारी में जुटे थे। लेकिन शादी के 15 दिन पहले ही बदमाशों ने देवीदीन के घर पर धावा बोल दिया था। लूटपाट करने के बाद देवीदीन के छोटे भाई शिवदीन (22) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दर्दनाक वारदात के बाद मृतक शिवदीन को बहन की शादी टूट गयी थी। इस वारदात में शातिर बदमाश सोनू पासी उर्फ भूरे तथा ज्ञानचंद पासी का नाम सामने आया था। पुलिस ने दोनों पर एक एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पहले सोनू पासी उर्फ भूरे तथा बाराबंकी में ज्ञानचंद पासी को मुठभेड़ से दौरान मार गिराया था। बदमाशों के मारे जाने के बाद एसटीएफ ने उदय कुमारी की शादी की जिम्मेदारी उठाने का ऐलान किया था। राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने भी परिजनों से मिलकर शादी की जिम्मेदारी उठाने का भरोसा दिलाया था। इउदय कुमारी का विवाह 5 जून को होना तय है। शादी में एसटीएफ चीफ अमिताभ यश अपनी पूरी टीम के साथ घराती के तौर पर मौजूद रहेंगे। उनके साथ राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही व मेधज ग्रुप के प्रबंध निदेशक समीर त्रिपाठी भी वैवाहिक समारोह में उपस्थित रहेंगे।

जिले को पुलिस कप्तान विनीत जायसवाल की पत्नी डॉ. तन्वी जायसवाल भी मृतक शिवदीन के परिजनों से मिल चुकी है। उन्होंने बेटी के विवाह के लिए 1.50 लाख रुपये नकद, फ्रिज, कपड़े व अन्य सामान परिवार को भेंट किया था। बृहस्पतिवार को उदय कुमारी के विवाह में एसपी विनीत जायसवाल भी जिले की पुलिस के साथ मौजूद रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### खरगूपुर को अलग ब्लॉक बनाने को लेकर सौंपा मांगपत्र


डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को मांगपत्र देते मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी।

गोंडा : मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खरगूपुर बाजार को अलग ब्लॉक बनाने की मांग को लेकर विधायक विनय द्विवेदी ने प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की और उन्हे मांगपत्र सौंपा। विधायक ने खरगूपुर को नया ब्लॉक बनाए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि इस नए ब्लाक के गठन से क्षेत्र के विकास में तेजी आयेगी। मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने डिप्टी सीएम को बताया कि विधानसभा क्षेत्र मेहनौन के अन्तर्गत आने वाला विकास खण्ड-रूपईडीह क्षेत्रफल की दृष्टि से यह विकास खण्ड काफी बड़ा है। इस विकास खण्ड को बने काफी वर्ष हो चुके है। इस मध्य क्षेत्रीय आबादी का काफी विस्तार हुआ है। यह विकास खण्ड दो विधान सभाओं कटरा बाजार एवं मेहनौन के अन्तर्गत आता है। विधायक ने बताया कि इस संदर्भ में उन्होने खरगूपुर को नया ब्लॉक बनाये जाने का प्रस्ताव तैयार कराया था जिस पर समस्त औपचारिकताएं पूरी होकर पत्रावली शासन स्तर पर लंबित है। उन्होंने डिप्टी सीएम से खरगूपुर को नया ब्लॉक बनाये जाने के संबंध में संबंधित को निर्देशित करने की मांग की है।

### भारतीय प्रशासनिक सुधार कार्यालय का हुआ उद्घाटन



कार्यालय उद्घाटन के समय उपस्थित लोग। अमृत विचार

गोंडा : भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद का स्थानीय कार्यालय का उद्घाटन संस्था के प्रदेश प्रभारी पशुपति प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में गरीब एवं असहाय लोगों को संस्था द्वारा निशुल्क कानूनी सहायता एवं उनको न्याय दिलाना है। जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अविनाश श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान मेरठ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र, बहराइच के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र राजपूत, अवध केसरी सेना के नीरज सिंह बेलसर तृतीया के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वीरेश्वर प्रताप सिंह उर्फ मोहित सिंह एडवोकेट, धीरेंद्र बहादुर सिंह, जलकल कर्मचारी संघ जिला महामंत्री दिनेश सिंह अमित मिश्रा, पवन कुमार गुप्ता, मनोज कुमार श्रीवास्तव, बृजेश नारायण पांडे, आलोक तिवारी, गोलू सिंह, समरजीत सिंह उर्फ बौखल सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन संपन्न

गोंडा : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 24 वां जिला सम्मेलन गांधी पार्क में आयोजित किया गया। स्वागत भाषण कामरेड कृष्ण कांत धर द्विवेदी ने किया। कामरेड अरविन्द राजस्वस्थ पर्यवेक्षक, राज्य सचिव भाकपा ने कहा कि आज भी व्यवस्था साम्प्रदायिक ताकत, अराजकता, फासीवाद पर तुली हुई हैं। हिंदू-मुस्लिम जातिवाद, भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी से देश की जनता तबाह हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी पुलवामा में आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि देने के बजाय दुबई से सीधे बिहार चुनावी भाषण करने पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो बोलने की आजादी भी छीन लेने की मंशा है। खेत मजदूर यूनियन उत्तर प्रदेश के राज्य सचिव कामरेड फूल चन्द यादव ने कहा यह सरकार अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की जगह पर मनुस्मृति स्थापित करने साजिश में है। हिटलर और उसके राष्ट्रवाद को लाना चाहती है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने कहा कम्युनिस्ट पार्टी की ही नीतियों द्वारा इस देश के बहुलता और लोकतंत्र को बचाया जा सकता है। सीपीआई (एम) के जिला मंत्री कामरेड कौशलेन्द्र पाण्डेय ने वाम एकता पर जोर दिया। सम्मेलन को कामरेड रामचन्द्र सरस राज्य मन्ति परिषद सदस्य, काम रेड ईश्वर शरण शुक्ल, जिलामंत्री सुरेश कनौजिया, नगर मत्री कृषि विशेषग्य अरूण कुमार तिवारी आदि ने संबोधित किया। संचालन कामरेड रघुनाथ ने किया। अध्यक्षता सत्य नारायण तिवारी व बड़कऊ सिंह ने किया।

### समर कैंप में कंप्यूटर चलाना सीख रहे बच्चे

गोंडा : गर्मी की छुट्टियों में आयोजित हो रहे समर कैंप बच्चों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। चित्रकला, खेल प्रतियोगिता व योगाभ्यास के साथ बच्चो को कंप्यूटर भी सिखाया जा रहा है। मंगलवार को परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में आयोजित समर कैंप में बच्चों को कंप्यूटर से परिचित कराया गया। इन नव प्रवेशी बच्चों कापहली बार कंप्यूटर की सीट पर बैठना किसी हॉट सीट से कम नहीं लग रहा था कंप्यूटर के प्रति उत्सुकता और उनके प्रश्न तथा अध्यापक के जवाब काफी उत्साहदायक रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि आईसीटी प्रयोगशाला के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में समर कैंप के 12वें दिन बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के क्रम में कंप्यूटर के बारे में बुनियादी जानकारी और उनके अंदर कंप्यूटर की समझ को विकसित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों ने पहली बार कंप्यूटर को देखा तो उनके अंदर भारी उत्साह था। कंप्यूटर को खोलना शटडाउन करना, एम एस वर्ड पर मॉनिटर पर नाम लिखना, उसका कलर बदलना, आकार बदलने जैसे विभिन्न प्रकार के आयाम पर बच्चों ने बहुत सारे प्रश्न पूछे और स्वयं से करके सीखने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि निश्चित रूप से कंप्यूटर मानव संसाधन में एक नई क्रांति के रूप में उभर कर आया है, जिससे आगे आने वाले समय में बच्चे आधुनिक शिक्षा को ग्रहण करके अपने भविष्य का निर्माण करेंगे। उन्होंने डिजिटल स्क्रीन पर बच्चों से सवाल भी लगवाए। इस अवसर पर अनुदेशक अखिलेश प्रताप सिंह ने बच्चों को योगासन करवाया। शिक्षामित्र राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने मानव श्रृंखला के खेल खिलाए।



**श्रद्धा** | बाबा खाटू श्याम के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन और जगराते में भक्ति भजनों को सुनने के लिए देर रात तक जमा रहा जनसमूह

# अखंड ज्योति, फूलों की होली और छप्पन भोग के साथ सजी भक्ति संध्या


खाटू श्याम महोत्सव में भजन प्रस्तुत करतीं बहनें

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : ग्राम हरसहाय पुरवा उल्लाह में आयोजित प्रथम श्री खाटू श्याम महोत्सव में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। बाबा खाटू श्याम के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन और जगराते में भक्ति भजनों को सुनने के लिए जनसमूह देर रात तक जमा रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ हुई। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने फूलों की होली, इत्र वर्षा और छप्पन भोग का अद्भुत नजारा देखा। आयोजन स्थल पर सजी बाबा की भव्य दरबार सज्जा आकर्षण का केंद्र बनी रही। रात्रिकालीन भजन संध्या में जब भजन गायिका बेटू आलिया शर्मा सिस्टर, पंकज निगम, प्रभात निगम व शिवा पंडित ने मंच संभाला, तो वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। विशेषकर बेटू आलिया सिस्टर की दो सगी बहनों की जुगलबंदी ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में समाजसेवी राहुल सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू सिंह मसौलिया, अशोक सिंघानिया, आशीष शुक्ला, श्यामू सिंह, अभिषेक अवस्थी, राम राखन अवस्थी, आशीष अवस्थी, विपिन मिश्रा, राजन मिश्रा, राजू सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


भजन सुनते लोग

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा प्राथमिकता

भारत में बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, साइबर सुरक्षा खतरे भी बढ़ रहे हैं जो देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। सूचना युद्ध और साइबर हमलों से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। वित्तीय धोखाधड़ी, जैसे ऑनलाइन निवेश घोटाले और अवैध ऋण देने वाले ऐप, डिजिटल वित्त में विश्वास को कमजोर करते हैं। साइबर अपराधियों ने 2024 में डिजिटल धोखाधड़ी के ज़रिए 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की हानि पहुंचाई है। कहा जा सकता है कि भारत का बढ़ता डिजिटल बुनियादी ढांचा साइबर खतरे में है और सुरक्षा खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं। ये खतरे डेटा उल्लंघन, फिशिंग अटैक और रैनसमवेयर के रूप में सामने आते हैं। यह मुख्य रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए मज़बूत बुनियादी अवसंरचना की कमी के कारण होता है। डेटा उल्लंघन एक प्रमुख चिंता है, जिसमें संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच हो जाती है। फिशिंग अटैक में, साइबर अपराधी लोगों से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के लिए ईमेल, संदेश या वेबसाइटों का उपयोग करते हैं। रैनसमवेयर हमले में, साइबर अपराधी डेटा को एन्क्रिप्ट कर देते हैं और उसे वापस प्राप्त करने के लिए फिरौती मांगते हैं।

साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ जाने की वजह से साइबर हमलों से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो सकती हैं। भारत के नेतृत्व, संस्थान और रणनीतिक संपत्ति डिजिटल निगरानी के निशाने पर रहे हैं। अधिकांश लोगों को साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे फ़िशिंग और अन्य सामाजिक इंजीनियरिंग तकनीकों के लिए अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित हो रहे डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए देश में लगभग 7,90,000 साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नियमित प्रशिक्षण, सिमुलेशन, और साइबर सुरक्षा ऑडिट आवश्यक हैं। साइबर खतरों के तेजी से परिष्कृत और अंधाधुंध होने के साथ, नैतिक हैकर्स, साइबर विश्लेषकों और डिजिटल रक्षकों की आवश्यकता बढ़ेगी और भारत को पहले से कहीं ज्यादा साइबर योद्धाओं की जरूरत होगी। कुल मिलाकर जब भारत की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा डिजिटल होता जा रहा है, भारत डिजिटल क्रांति से गुज़र रहा है और साइबर सुरक्षा युद्ध अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि यह सबसे आगे और केंद्र में है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए।

# विरासत और विकास की नई इबारत लिख रहे योगी



डॉ. चंद्रमोहन
प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश भाजपा

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है।

आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। ये अवसर इसलिए खास है, क्योंकि देश और दुनिया में आज जिस उत्तर प्रदेश के विकास की चर्चा हो रही है, उसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ ने 'जो कहा, वो करके दिखाया'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी 'विरासत और विकास' की भावना को साथ लेकर एक दुनियाभर में एक नई पहचान बना रहा है। आपने देखा कि 14 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक तीर्थराज प्रयाग में अद्भुत तरीके से महाकुंभ का सफल आयोजन योगी के नेतृत्व में किया गया। मानवता के इस 'महायज्ञ' में, आस्था, एकता और समता का महापर्व में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय आयोजन है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को इतने भव्य तरीके से जीवंत करने और इस आयोजन में विभिन्न माध्यमों से लाखों लोगों को विकास और रोजगार की पावन धारा से जोड़ने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस आयोजन से लाखों लोगों को रोजगार मिला और उनके जीवन का कायाकल्प हुआ।

इसी तरह अयोध्या नगरी में रामलला का भव्य मंदिर बना, जो रामलला बरसों से टाट में थे, वो अब अपने भव्य और दिव्य भवन में विराजमान हैं। योगी सरकार का प्रयास ही है कि देश-विदेश से हर रोज लाखों की संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या नगरी आज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद एक वर्ष के भीतर 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। यहां दस काउंटरों पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है। अयोध्या और उसके आसपास का



क्षेत्र आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। विरासत को विकास से जोड़ने का यह अद्भुत उदाहरण है। भगवान राम का विचार था कि प्रजा का एक भी व्यक्ति अगर चैन से नहीं सो पा रहा है, तो राजा को भी नींद लेने का कोई हक नहीं। भगवान राम अपना सुख, चैन त्यागकर, मानव कल्याण के लिए राक्षसों का सर्वनाश करने निकल पड़े थे। 14 बरस भोग की हर वस्तु का त्यागकर प्रभु राम जमीन पर सोए और नंगे पैर कांटों भरे रास्ते पर चले। आज हमारे प्रदेश के मुखिया योगी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर दिन रात प्रदेश के जनता की सेवा कर रहे हैं।

संतकबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प कर इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित व भव्य तीर्थस्थल का स्वरूप दिया जाएगा। वृंदावन में भव्य और दिव्य बांकेबिहारी कॉरिडोर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। 500 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र में सुविधाओं का सुधार किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम को दिव्य बनाने के लिए 331 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। सहारनपुर में सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट योगी सरकार ने स्वीकृत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मीर्जापुर के धार्मिक स्थलों को विकसित कर नई पहचान दिलाने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। आज हर जनपद में जिस तरह मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई कॉलेजों का कायाकल्प हो रहा है, उसी तरह वहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों और विरासतों का मूलभूत विकास भी सरकार करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी चहुंमुखी विकास की गाथा लिख रहा है। एक समय प्रभु राम की नगरी अयोध्या में जैसा शासन रहा होगा, उसी राम राज्य को स्थापित करने की कल्पना साकार होती दिख रही है।

स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो रहा है। टूटी-फूटी सड़कें एक्सप्रेस का रूप ले रही हैं, गरीबों के खाते में सीधे सहायता राशि पहुंच रही है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, गुंडाराज, घोटाला, अपराध, जंगलराज, धांधली, तुष्टीकरण, कोरोना, जबरन धर्मांतरण आदि पर जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं। गुंडे-माफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है। बदमाश गले में तख्ती डालकर थाने में स्वयं सरेंडर करने आ रहे हैं। बाहुबली और माफिया योगी राज में थर-थर कांप रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूर्ण कर दिखाया है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है। अपने ऐतिहासिक कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, बल्कि समय-समय पर योजनाओं के विकास की समीक्षा भी की, जिससे कोई योजना सरकारी फाइलों में दब नहीं सकी और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को उनका लाभ मिल सका।

योगी आदित्यनाथ पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों वाले यूपी में सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रहे हैं। यूपी में 1,225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने न सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है, बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है। मेट्रो को अब गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली और मेरठ में भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। आगरा में मेट्रो की सवारी शुरू हो चुकी है।

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94,632 करोड़ रुपए का हुआ है। हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ रहे हैं।

## प्रसंगवश

# गंगाजल भारतीय चिंतन और दर्शन का प्रतीक

श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय 10 श्लोक 31 में स्वयं मुख से कहा है- 'स्त्रोतसामस्मि जाह्नवि' अर्थात् दियों में भागीरथी गंगा मैं हूं। भगवद् स्कंद 11 अध्याय 16 में आता है-'तीर्थानां स्त्रोतसां गंगा' तीर्थों में गंगा सबसे श्रेष्ठ है। यों गंगाजल की लौकिक महत्ता भी कम नहीं है, पर इसका मूल महत्व तो परलौकिक एवं आध्यात्मिक ही है। गंगा से कितने मनुष्यों और अन्य जीव-जंतुओं की तृष्णा शांत होती है, कितनी भूमि हरी-भरी शस्यश्यामला बनती है, उसके जल से सिंचित होकर कितनी घास-पात, कितना अन्न, शाक, फलों का भंडार उत्पन्न होता है इसे सभी लोग जानते हैं।

सभी जानते हैं कि लाखों करोड़ों मनुष्यों और पशु-पक्षियों का जीवन गंगा पर निर्भर रहता है। यदि गंगा का अवतरण न हुआ होता तो आज जहां की भूमि हरी-भरी दीखती है, जहां अगणित मनुष्य और पशु-पक्षी आनंद से किलोल करते हैं, वहां का दृश्य दूसरा ही हुआ होता। उस भूमि पर आज श्मशान जैसी विभीषिका दृष्टिगोचर होती। गंगा जिस प्रदेश में होकर गुजरती है, वहां के समीपवर्ती लोगों को तो जीवन के बहुमूल्य आधार दिए ही हैं, साथ ही दूरवर्ती जनता को भी बहुत कुछ दिया है। यहां की समृद्धि दूर-दूर तक फैलकर प्रकारांतर से सारे देश की समृद्धि को बढ़ाती है। प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में 'गंगय' शब्द आया है। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है।

बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है। इस नदी के बारे में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है, "गगा तो लोकतांत्रिक भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, जिसकी झलक भारत की जातीय स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसका भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है।" इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। ये तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएं व तथ्य तो यहां तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह बंधनों से मुक्त हो जाता है। गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है।

अनेक शोधकर्ताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है। "शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।" "वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। पश्चिमी प्रकृति ने भी गंगा के जल की इस अद्भुत विशेषता को सिद्ध किया है। डॉ. एफ.सी. हरिसन के अनुसार गंगा जल में एक विशिष्ट गुण है, जिसका संतोषजनक वर्णन कठिन है। इसमें हैजे के जीवाणु की तीन से पांच घंटे में मृत्यु हो जाती है। जबकि कई नदियों में यही जीवाणु तेजी से फैलते हैं।



आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियां 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है। अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

# पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी पहाड़वासी



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया।

पहाड़ समस्त प्राणी जगत के मूलाधार हैं। पारिस्थितिकी और जैव विविधता के आश्रय स्थल हैं। बशर्ते कि पहाड़ विविध प्रजाति के जंगलों से आच्छादित हो। 'पहाड़' शब्द की कल्पना मात्र से मस्तिष्क में बर्फ की सफेद चादर से ढके हिमालय, श्रृंखलाबद्ध पहाड़ियों में गहनों की भांति सजे हरे वृक्ष, झरने, गाड-गधेरे और कल-कल करती नदियों का चित्र उभर आता है। पेड़, पानी और पहाड़ का वजूद एक-दूसरे से गहरे तौर पर जुड़ा है। पहाड़ हैं तो पेड़ हैं, पेड़ हैं तो पानी है। ये सब मिलकर पहाड़ को 'पहाड़' बनाते हैं। इनके बगैर पेड़, पहाड़, पानी और पर्यावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मनुष्य और जंगलों के बीच आदिम युग से अटूट रिश्ते रहे हैं। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की समूची अर्थव्यवस्था सदियों से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही है। पर्वतीय समाज का पूरा जीवन चक्र वनों की ऊर्जा से घूमता था। वन यहां के निवासियों के जीवनाधार थे। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जरूरतें वनों से ही पूरी होती थीं। यही वजह है कि यहां के निवासियों का वनों के प्रति भावनात्मक और आत्मीय लगाव था। जंगल, पेड़ और पहाड़ के प्रति पहाड़वासियों की संवेदनशीलता के चलते वन महोत्सव की शुरुआत भी पहाड़ से ही हुई।

अविभाजित उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने 1953 में वन महोत्सव की शुभारंभ नैनीताल से की थी। इस अवसर पर श्री मुंशी ने नैनीताल के राजभवन परिसर में बांज का पौधा लगाया था। जंगल, पेड़ और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन्मे 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता भी पहाड़वासी ही हैं। पहाड़वासी सदियों से जंगल, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करते आ रहे हैं। जंगलों और यहां के बाशिंदों के बीच सहअस्तित्व का रिश्ता रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ब्रिटिश राज कायम होने के बाद वनों के संरक्षण के नाम पर थोपे गए तमाम अव्यावहारिक वन कानूनों ने पहाड़ के ग्रामीण समाज और वनों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी। यहां के निवासियों का वनों के प्रति दिनों-दिन लगाव कम होते चला गया।

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया। परिणामस्वरूप गांव के लोगों और जंगलों के बीच दरार और चौड़ी होती चली गई। आज इसका खामियाजा ग्रामीण समाज, जंगल, पर्यावरण तीनों को उठाना पड़ रहा है। दो शताब्दी पहले तक पहाड़ के जंगलों और इसके आसपास रहने वाले मनुष्यों के मध्य भावनात्मक रिश्ता था। कुमाऊं में देशज राजवंश के शासनकाल में यहां के निवासी संपूर्ण वन संपदा का नियंत्रित दोहन नैसर्गिक अधिकार के रूप में करते थे। उनका समूचा जीवन चक्र जंगलों से जुड़ा था, सो जंगलों की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हुआ करती थी। 1790 में यहां गोरखा सैनिक शासन कायम हो गया था। गोरखों ने बेहिसाब जंगल काटे। 1815 में उत्तराखंड में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज कायम हो गया। इसके बाद यहां के ग्रामीणों और जंगलों के बीच सदियों पुराने रिश्तों में दरारें आनी शुरू हुई। धीरे-धीरे जंगलों और स्थानीय निवासियों के आदिकाल से चले आ रहे रिश्ते तार-तार हो गए।

हालांकि अंग्रेजी शासनकाल में पहाड़ के भीतर यातायात व संचार का विकास सामरिक जरूरतों और यहां की अकूत वन संपदा के दोहन के नजरिए से ही हुआ। इसके बावजूद यह भी सच्चाई है कि अंग्रेजों ने जंगलों के एकतरफा दोहन की नीति नहीं अपनाई। अंग्रेज वनों के दोहन के साथ संरक्षण पर भी उतना ही ध्यान देते थे। अंग्रेजी शासनकाल में वनों की निगरानी और हिफाजत की पुख्ता व्यवस्था थी। आजाद भारत में अंग्रेजों की वनों के प्रति संरक्षणवादी और दूसरे सकारात्मक पक्षों को तो तिलांजलि दे दी गई है, लेकिन वनों को जनता से जोड़ने के सवाल पर गंभीरता से नहीं सोचा गया। ग्रामीण जन समुदाय को वनों से जोड़ने की नीति बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई। जबकि उत्तराखंड के वन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के संदर्भ में अमूल्य संपत्ति हैं।

यदि वनों के प्रति सुविचारित नीति हो, तो इन्हें सरकार और आम जनता, दोनों के लिए लाभदायी बनाया जा सकता है। वन संपदा को समृद्ध बनाकर वनोत्पादों पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटा जा सकता है। असल सवाल सोच और इच्छाशक्ति का है, जो फिलवक्त दिखलाई नहीं पड़ती। याद रहे कि पहाड़ के वनों और वनोपज के संरक्षण और संवर्धन की ठोस एवं व्यावहारिक नीति बनाए बगैर वन और पर्यावरण संरक्षण की बात बेमानी है।

## सोशल फोरम

# उदार होना अधिक जरूरी है

आर्थिक उदारीकरण आया, बाजार को मुक्त करके और समाज को विभक्त करके चला गया। इस समय दुनिया सामाजिक रूप से दो जनवर्गों में विभक्त है-कूपमंडूक और उदार। हमारे देश में भी हर विचारधारा, हर धर्म, हर जाति, हर प्रांत में दो तरह के लोग हैं- कूपमंडूक और उदार। कूपमंडूक के पास भी बुद्धि होती है, पर उसकी बुद्धि उसे कुआं के बाहर कुछ भी सोचने नहीं देती। वह कुआं को ही पूरा विश्व समझता है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके विपरीत उदार व्यक्ति की बुद्धि में तर्क, संवेदना और खुलापन-ये तीन खास गुण होते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारे समय के लोग बाजार में उदार हैं, सब तरह के आधुनिक माल खरीदेंगे, चीन का भी माल खरीदेंगे, पर विचारों से धर्म, जाति और प्रांत के मामलों में कूपमंडूक होंगे। इस समय कूपमंडूकों की शक्ति और संख्या दोनों बढ़ी है। कूपमंडूक होने में फिलहाल बड़े फायदे हैं। निश्चय ही उनकी तुलना में उदार चित्त के लोग कम हो गए हैं, पर मनुष्यता या नागरिक भाव सचमुच यदि है, तो ऐसे ही लोगों में हैं, जो उदार हैं, उनकी सबसे बड़ी कमाई उनकी उदारता है, उन्हें इस मनुष्यता में ही आनंद है। जब समाज का भविष्य अंधकार में हो तो फिर उन्हें अपने लिए उज्ज्वल भविष्य क्यों चाहिए? उदारता क्या है, यह जानना हो तो, जिस 'वसुधैव कुटुंबकम्' को लोग तलवार की तरह इतना भांजते हैं, उसके पूरे श्लोक को एक बार देख लेना चाहिए- अयं निजः परे वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥ अर्थात् जो मोर-तोर की भिन्नता वाले लघु चित्त से ऊपर उठ जाए और उदार चरित्र का हो उसके लिए यह पृथ्वी घर-परिवार की तरह है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा का संबंध कूपमंडूकता से नहीं उदारवाद से है। यदि कुछ भी संस्कृति है, तो उसमें उदारता एक प्रमुख तत्व है। कूपमंडूकता विकृति है, जबकि उदारता संस्कृति है। प्रसाद ने 'लहर' में लिखा है : तुम हो कौन और मैं क्या हूं/इसमें क्या है धरा सुनो/ मानस जलधि रहे चिर चुंबित/ मेरे क्षितिज उदार बनो। साहित्य केवल पढ़ने-पढ़ाने के लिए ही नहीं है, अपने जीवन में जगह देने के लिए भी है।

**-फेसबुक वॉल से**

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है, तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेंगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए, तो आर्कटिक एवं अंटाकर्टिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे, जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम, कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे।

प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाईआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है।

विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि इनमें लगातार इजाफा हो रहा है, तो ओजोन परत के लिए नुकसानदायक स्वाभाविक है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रुवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। विकास के लिए बिजली आवश्यक है, लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है।

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों से जुझना होगा। गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं, किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# विनय अध्यक्ष, सतवंत सचिव व सुभाष कोषाध्यक्ष हुए नियुक्त

संवाददाता, बहराइच




**अमृत विचार।** राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट संगठन उत्तर प्रदेश की शाखा बहराइच का निर्वाचन मुक्त चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ।

निर्वाचन की प्रक्रिया एडिशनल सीएमओ डॉ राजेश कुमार के संरक्षण में हुआ। निर्वाचन अधिकारी राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय सदस्य जे.पी.आर्या रहे। इस दौरान आपसी सहमति से विनय कुमार सिंह अध्यक्ष, सतवंत पाल सचिव व सुभाष चंद्र वर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।निर्वाचन के मुख्य अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को माला पहनकर प्रमाण पत्र वितरित किया तथा शुभकामनाएं दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ही नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ भी दिलाई। निर्वाचन कार्यक्रम में बलरामपुर जिला चिकित्सालय के नेत्र सर्जन डॉ.सुनील सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितौरा, सुभाष सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नानपाराशैलेंद्र कुमार रावत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद, विनीत कुमार जायसवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर, अशफाक अहमद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना, उरोज फातिमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबागंज, रंजना मिश्रा जिला अस्पताल बहराइच, सितारा संगम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबागंज, संजय श्रीवास्तव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसिया, समुख चरण पाठक फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष, वी.पी.सिंह सामाजिक कार्यकर्ता सेवा क्लब कैसरगंज, बी.डी. सिंह, पत्रकार व समाजसेवी प्रदीप श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अयोध्यागांव की विजेता

रायबोझा ( बहराइच)



**अमृत विचार।** विकासखंड मिहींपुरवा अंतर्गत चल रहे आजाद क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में अयोध्यागाँव की टीम ने रायबोझा की टीम को तीन विकेट से हरा कर फाइनल मैच जीत लिया। जीत के बाद दोनों टीमों को मुख्य अतिथि ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।

अयोध्यागाँव की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुना टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट गवांकर 131 रन का लक्ष्य दिया। 131 रन बनाने के लिए जवाब में उतरी रायबोझा की टीम ने 10 ओवर में 104 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। मैच जीतने वाली टीम को मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सौरभ वर्मा ने 5100 रुपये व ट्राफी देकर व उपविजेता को 2100 रुपये देकर सम्मानित किया। इस दौरान आजाद क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट के अध्यक्ष विनय भी मौजूद रहे।

# टूरिस्ट बस व कार की टक्कर में तीन युवकों की जान गई

## हादसे में एक घायल, नाजुक हालात में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर

संवाददाता, मटेरा बहराइच



बस व कार में हुई भिड़ंत में क्षतिग्रस्त दोनों वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नानपारा के टोला प्लाजा के रघुनाथपुर गांव के पास टूरिस्ट बस और कार की सीधी भिड़ंत में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

नानपारा हाइवे पर टोल प्लाजा के रघुनाथपुर गांव के पास कार और यात्री बस की सीधी भिड़ंत हो गई। इसमें कार में सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों में एक को सीएचसी नानपारा व तीन को उपचार के लिये एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा गया, जहां पर चिकित्सक ने अयोध्या जिले साहिबगंज थाने के बैदेही नगर निवासी अभय पाण्डे (40) पुत्र राजमणि पांडे को मृत घोषित कर दिया। वहीं अयोध्या की कोतवाली नगर के पठान टोला निवासी राम कुमार यादव (38) पुत्र लक्ष्मी यादव व महोबरा निवासी विवेक तिवारी पुत्र ओंकार तिवारी को लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय विवेक तिवारी की रास्ते मे मौत हो गई। वहीं अयोध्या के ही अश्वनीपुरम कालोनी वजीरगंज जब्ती निवासी विनोद श्रीवास्तव (42) पुत्र घनश्याम श्रीवास्तव ने सीएचसी नानपारा में दम तोड़ दिया। चारों युवक कार से नानपारा से बहराइच की ओर आ रहे थे, तभी रास्ते में तेज रफ्तार टूरिस्ट बस ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गये।

## छत के कुंडे में फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**बहराइच अमृत विचार।** खैरीघाट थाना क्षेत्र इलाके के बढ़हीनपुरवा में विवाहिता की छत के कुंडे से लटकती मिली जानकारी लाश। मायके वालो ने दहेज को लेकर हत्या करने की जताई आशंक।

खैरीघाट थाने के बढ़हीनपुरवा में बुधवार सुबह 20 वर्षीय ओमवती पत्नी दुर्गेश की लाश घर में छत के कुंडे से लटकती मिली। जिसके चलते परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतका का मायका रानीपुर थाने के जिगनिया महिपाल गांव से मायके वाले पहुंचे। मृतका की भाभी प्रीति ने बताया कि उसकी ननद के बाल खुले हुए थे। ब्लाउज व कपड़ा फटा था। शरीर पर चोटे थी। ननद की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। ससुरालीजनो की ओर से बाइक की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर मारपीट कर हत्या कर शव फंदे से लटक कर खुदकुशी का षडयंत्र रचा गया है। मायके वालो की सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने तहकीकात की।मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# नेपाल बॉर्डर से अंतर्राष्ट्रीय स्मैक तस्कर हुआ गिरफ्तार, 50 लाख की स्मैक बरामद

संवाददाता, बहराइच



पकड़े गए अभियुक्त के बारे में जानकारी देते एसपी ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद की रुपईडीहा पुलिस ने इंडो नेपाल बॉर्डर से अंतराष्ट्रीय स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से लगभग 50 लाख रुपये की स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार स्मैक तस्कर को जेल भेज दिया है।

भारत नेपाल बॉर्डर के पिलर संख्या 651/11 से एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतराष्ट्रीय स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एसपी ग्रामीण में बताया कि चौकी इंचार्ज सीतापुरवा जितेश कुमार सिंह व एसएसबी के जवानों द्वारा देर रात बॉर्डर पर पेट्रोलिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक तस्कर जो स्मैक लेकर जा रहा है। पुलिस व एसएसबी टीम ने घेराबंदी करते हुए पिलर संख्या 651/ 11 के पास स्मैक तस्कर को धर दबोचा। जिसके पास से 47 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। एसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान अनमोल निषाद पुत्र राजेंद्र निषाद निवासी गोंडियन मोहल्ला राम जानकी नगर रुपईडीहा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इसके आपराधिक इतिहास भी खंगाले जा रहे हैं। एसपी ग्रामीण ने यह भी बताया कि पकड़े गए तस्कर द्वारा एक अन्य व्यक्ति का नाम बताया गया है जिसकी तलाश की जा रही है। वही पूछताछ में तस्कर द्वारा बताया गया है कि इससे पूर्व भी वह कई बार भारत से नेपाल स्मैक लेकर जा चुका है। उनका कहना है कि लगातार बॉर्डर पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है आने जाने वालों की सघन तलाशी के बाद ही आने व जाने दिया जा रहा है। जल्द ही दूसरे तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## करंट के चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**बहराइच अमृत विचार।** कैसरगंज इलाके में स्थित ग्राम गोडहिया नम्बर 1 के राजवंशीपुरवा में बुधवार सुबह घर से शौच के लिए निकला युवक खेत में लगाए गए तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने इसकी सूचना युवक के परिजनों को दी। जब तक परिजन उसे इलाज के लिए लेकर जाते तब तक उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजवंशीपुरवा निवासी देशराज (28) बुधवार सुबह करीब 5 बजे घर से नित्य क्रिया के लिए निकला था। तभी खेत की मेढ़ पर लगे तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर वह बेहोश होकर गिर गया। घूमने निकले ग्रामीणों ने उसे पड़ा देख परिजनो को सूचना दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए ले जाने की व्यवस्था करने लगे, तभी उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो कि देशराज की एक माह पूर्व ही शादी हुई थी।

## पीड़िता ही निकली लूट की सूत्रधार

**बहराइच अमृत विचार।** लौकाही गांव में महिला के आंखों पर पट्टी बांध, छुरी रख लाखों की लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पीड़िता ही पूरे कांड की सूत्रधार निकली। इसमें उसका बेटा, बेटे का दोस्त व देवर शामिल था। कथित लूट के माल के खरीददार को भी पुलिस ने धर दबोचा। मोतीपुर थाने के लौकाही गांव निवासी नासिर खां के घर में 29 मई की रात लगभग 12 बजे चोरी की एफआईआर पीड़िता की तहरीर पर दर्ज हुई थी। इसके अनुसार, तथाकथित चोरों ने नासिर की पत्नी शायदा की आंख पर पट्टी बांध और छुरा दिखाते हुए लूट की थी। गांव में एसएसबी की बार्डर आउटपोस्ट होने के बावजूद लूट की भनक घर के अन्य लोगों तक को न लगने से किसी शातिर गैंग की वारदात माना जा रहा था। बुधवार भोर पुलिस ने लौकाही भट्ठा के पास से लौकाही निवासी मोहम्मद एखलाक खान उर्फ बिल्ला को हिरासत में लिया तो उसने वारदात की पीड़िता शायदा को इस प्लान की सूत्रधार बताया, जिसकी जानकारी उसके पति नासिर तक को नहीं थी। इस तथाकथित चोरी में शायदा का सगा बेटा फैयाज खान, शायदा का देवर मैनुद्दीन खान भी शामिल थे। शायदा के पास देवरानी सायना पत्नी शमसुद्दीन का जेवर रखा था जिसे वह हड़पना चाहती थी। चोरी में सायना का जेवर सराफा कारोबारी मिहीपुरवा निवासी मोहम्मद आजम ने खरीदा था। पुलिस ने शायदा, फैयाज, मैनुद्दीन को माल समेत धर दबोचा। तहकीकात के आधार पर एफआईआर में पूर्व मे लगी धाराओं को विलोपित कर दिया गया। अब षड्यंत्र, जानबूझकर चोरी की सम्पत्ति रखने, घर में चोरी करने, झूठा साक्ष्य गढ़ने की धाराओं को लगाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया है।

# दो थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे में तीन की मौत

संवाददाता, कैसरगंज बहराइच




**अमृत विचार।** अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घनाओं में तीन युवको की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

कैसरगंज थाने के डिहवा शेर बहादुर सिंह निवासी मोहम्मद सुफियान (16) पुत्र जुबेर अहमद, फखरपुर थाने के खपुरवा निवासी शिवा वर्मा (17) पुत्र अनिल वर्मा एक बाइक पर सवार होकर किसी काम से बुधवार को दोपहर में जरवल से कैसरगंज की ओर आ रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक डीसीएम ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक पर सवार दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक किशोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तथा दूसरे के चिकित्सालय लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी होते ही सैकड़ो की लोगों की भीड़ कैसरगंज सीएचसी में एकत्रित हो गई। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि डीसीएम चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

वहीं देहात कोतवाली के सिटकहना जोत के रहने वाले अमृत लाल पुत्र राम करन मंगलवार देर रात बहराइच - बलरामपुर हाईवे स्थित धरसवां गए थे। धरसवां से अपने घर आते समय तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक बहादुरचक के पास वाहन को किनारे खड़ा कर भाग गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा किया है। लाश को कब्जे में लेकर बुधवार दोपहर में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# महेश नवमी पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

संवाददाता, पयागपुर बहराइच




प्रसाद वितरण के दौरान लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ मास के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि पर नगर क्षेत्र स्थित भूपगंज बाजार में महेश नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के लोगों ने भगवान महेश और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर विशाल भण्डारा आयोजित किया।

बुधवार को बाजार के प्रमुख व्यवसायी दीनू माहेश्वरी के परिसर पर माहेश्वरी समाज के लोगों ने भगवान महेश और माता पार्वती का पूजन अर्चन कर विशाल भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया,जिसमे सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के आयोजक दीनू माहेश्वरी,अंशुल मालानी,गुल्लू माहेश्वरी,चेतन,मयूर,नरेंद्र आदि ने बताया कि माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति भगवान महेश और माता पार्वती से हुई है।महेश नवमी के दिन भगवान महेश और माँ पार्वती ने ऋषियों के श्राप से पत्थर हो चुके 72 क्षत्रियों को श्रापमुक्त किया था।उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने उन्हें आशीर्वाद दिया था कि तुम्हारे कुल पर हमारी छाप रहेगी,और तुम्हारा वंश माहेश्वरी के नाम से जाना जायेगा।इस अवसर पर नीलू माहेश्वरी, पंकज माहेश्वरी,मंदीप माहेश्वरी,बलदाऊ,श्यामू सहित माहेश्वरी परिवार के तमाम लोग मौजूद रहे।

# रेलवे क्रॉसिंग पर मां-बेटे की मौत से दुखी सांसद ने रेलवे महाप्रबंधक से की वार्ता



रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक करते सांसद। अमृत विचार

**बहराइच अमृत विचार।** रेलवे क्रासिंग ट्रेन की चपेट आ हुई एक युवती और उसके अबोध बेटे की मौत से विह्वल डॉ आनन्द कुमार गोंड जी ने पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को बख्शीपुरा रेलवे क्रासिंग पर अन्दर क्रासिंग और रिसिया क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण का निर्देश दिया है। श्री गौड ने कहा है कि इन स्थानों पर अन्डरपास व ओवरब्रिज बनने से इस क्षेत्र में दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी।

पिछले दिनों गोंडा बहराइच रेल प्रखंड पर एक दर्दनाक हुआ जिससे लोगों का दिल दहल गया। बहराइच-गोंडा रेल प्रखंड शहर बहराइच के बख्शीपुरा रेलवे क्रासिंग पर एक ट्रेन संख्या की चपेट में आकर मोहल्ला बख्शीपुरा निवासी रोशनी (25) पत्नी हर्षित गुप्ता किसी कार्य से पांच वर्षीय बेटे दिव्यांश जोव उसके बेटे दिव्यांश (5) की ट्रेन से कट कर मौत हो गई थी। शोशनी अपने बेटे के साथ बाजार से लौट रही थी बख्शीपुरा रेलवे क्रासिंग पर आती ट्रेन देखकर उसका बेटा ट्रैक पर दौड़ने लगा और बचाने आई मां भी ट्रैट पर दौड पडी और ट्रेन कई चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। इस हादसे से अन्य लोगों की तरह सांसद डा.आनन्द गौड का भी दिल कांप गया उन्होने पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक से उनके कार्यालय गोरखपुर जाकर अधिकारीयों से भेंट की और बख्शीपुरा रेलवे क्रॉसिंग 41 सी पर अंडरपास तथा रिसिया के 51 सी पर ओवरब्रिज के निर्माण के लिए निर्देशित किया। लोगों को उम्मीद है कि इन स्थानों पर अंडरपास व ओवरब्रिज बनने से इस क्षेत्र में दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और पिछले दिनों हुए हादसे जैसी घटना दुबारा सुनने को नहीं मिलेगी।

## वर्ग पहेली- 452

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा
3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| 4 | | ■ | 5 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 6 | | | 7 | ■ |
| 8 | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 9 | | | |

## वर्ग पहेली -451 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- दशमी 6 जून 02.15 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** – आज आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अनुशासनहीनता के कारण दिनचर्या बिगड़ सकती है। बच्चे छुट्टी का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काफी अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैरों में खिंचाव हो सकता है। सेहत से जुड़े मामलों की अनदेखी न करें।

**वृष** – आज नए कार्यों की योजना बना सकते हैं। अपनी रूचि के अनुसार ही कार्य करें। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यस्तता के कारण परिवार को समय मुश्किल से दे पाएंगे। छोटे बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को विरोध झेलना पड़ सकता है। अनजान व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। आपकी कार्यशैली की खूब प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दांतों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** – आज बुद्धिमत्ता से अटके हुए काम बना लेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको बेहतरीन लाभ प्राप्त हो सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय में प्रगति होगी। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे।

**सिंह** – आज मित्रता और प्रेम को लेकर आपकी सोच बदल सकती है। गोपनीय विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। बच्चों को लेकर सुखद समाचार मिल सकते हैं। व्यवसाय में संघर्ष वाली परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। केवल बातों पर विश्वास करके कोई डील न करें।

**कन्या** – आज कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको विजय प्राप्त होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल में वाद-विवाद जैसी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी।

**तुला** – आज आपका बजट गड़बड़ा सकता है। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान थोड़ी सावधानी रखें। आपके व्यक्तिगत कार्यों में व्यवधान आने की संभावना है। आलस्य के कारण अच्छे मौकों को चूक सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आप सहकर्मियों के ऊपर अपना प्रभाव डालेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। संपत्ति से जुड़े विवादों का निवारण हो सकता है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।


**धनु** – आज लवमेट के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की बातों का खंडन करने के बजाय उनका शांतिपूर्वक समाधान करें।

**मकर** – आज नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं, तो उसकी पूरी योजना बना लें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। किसी बड़े काम के लिए लोग आपसे सलाह ले सकते हैं। सहकर्मी आपका उपहास कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी कमजोरी पर नियंत्रण कर लें। ससुराल पक्ष के साथ अपने संबंध मधुर रखें। बचपन के मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से बचना चाहिए। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से दोबारा परेशान होना पड़ सकता है।

**मीन** – आज करियर को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग आपको प्राप्त होगा। नई वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त पूर्ण रात्रि तक।

## सुडोकू -176

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 7 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | 8 | | | |

## सुडोकू - 175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# रिटायर्ड रोडवेज कर्मचारी हत्याकांड में गवाह तलब

## मामले की सुनवाई 17 जून को, जमीनी रंजिश को लेकर 17 नवंबर 2024 को सुरेंद्र पाण्डेय की गोली मारकर की गई थी हत्या

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रिटायर्ड रोडवेज कर्मी हत्याकांड मामले में जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत ने वादी मुकदमा को गवाही के लिए तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 17 जून को होगी। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी रिटायर्ड रोडवेज कर्मी सुरेंद्र पांडेय की बीते 17 नवंबर 2024 को जमीनी रंजिश को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वे सुदनापुर बाजार से सब्जी लेकर साईकिल से घर लौट रहे थे। मृतक के बेटे अभिषेक कुमार पांडेय ने भूमि विवाद और पुराने मुकदमे में सुलह समझौते का आरोप लगाते हुए गांव के कैलाश नाथ मिश्र, अंकित मिश्र, बद्री प्रसाद मिश्र और एक किशोर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। बीते दिनों आरोपी कैलाशनाथ, बद्री प्रसाद और अंकित के खिलाफ कोर्ट ने आरोप तय किया था। जिला जज ने वादी मुकदमा अभिषेक पांडेय को गवाही के लिए तलब करते हुए सुनवाई के लिए 17 जून की तारीख तय की है।



दीवानी न्यायालय परिसर में मौजूद वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

### पुलिस टीम पर हमले के मामले में बहस 25 जून को

कूरेभार थानाक्षेत्र के मायंग में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के केस में बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में बहस नही हो सकी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट ने बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है। कूरेभार थाने में 24 अगस्त 2006 को तत्कालीन एसओ जेएल सरोज ने पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में सोनू सिंह समेत उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### कीटनाशक की गुणवत्ता पर उठे सवाल, दुकानदार ने कोर्ट में दोबारा जांच कराने की दी अर्जी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जनपद के गौरीगंज के एक गांव निवासी इरफान खान ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में अर्जी दाखिल कर कीटनाशक की दोबारा जांच कराने की मांग की है। इरफान का कहना है कि 23 अगस्त 2024 को कृषि विभाग की टीम ने उनकी दुकान से एक कीटनाशकका नमूना जांच के लिए लिया था। नमूना वाराणसी की सरकारी लैब में भेजा गया, जहाँ से रिपोर्ट में दवा को अधोमानक यानी मानक से कम गुणवत्ता वाला बताया गया। इरफान का कहना है कि वह इस रिपोर्ट से सहमत नहीं हैं, क्योंकि अब तक उनके द्वारा बेची गई इस दवा को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि नमूना लेते वक्त तीन हिस्से बनाए गए थे, जिनमें से एक नमूना उनके पास भी सुरक्षित है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि दवा का दोबारा परीक्षण दिल्ली की केंद्रीय प्रयोगशाला से करवाने की अनुमति दी जाए जिसका खर्च खुद वहन करेगें। कोर्ट ने इस मामले को अलग वाद के रूप में दर्ज करते हुए कृषि विभाग को नोटिस भेजा है और अगली सुनवाई 12 जुलाई को तय की है।

### जेल में निरुद्ध आरोपी की जमानत मंजूर

सेशन कोर्ट ने जामो थानाक्षेत्र के दखिनवारा निवासी सुभाष त्रिपाठी को कथित मारपीट व धमकी के मामले में सशर्त जमानत प्रदान कर दी है। सुभाष त्रिपाठी, हनुमान उपाध्याय और अर्पित मिश्र पर बीती 13 मई की घटना में राहुल पाण्डेय को लाठी-डंडों से पीटने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष ने घटना को गंभीर बताते हुए जमानत का विरोध किया, वहीं बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने आरोप को रंजिशन बताया और कहा कि घटना में आरोपी की विशिष्ट भूमिका नहीं थी तथा सभी चोटें साधारण प्रकृति की हैं। सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

### पूर्व विधायक अनूप संडा के केस में महिला कांस्टेबल की गवाही दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** केएनआईटी करबे में बिना अनुमति जनसभा करने के मामले में आरोपी पूर्व विधायक अनूप संडा पर दर्ज केस में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने अभियोजन गवाह तत्कालीन महिला हेड कांस्टेबल कुसुमलता की गवाही विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बुधवार को दर्ज कराया। बचाव पक्ष ने कांस्टेबल से जिरह की। कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए 27 जून की तारीख तय की है। 20 फरवरी 2022 की घटना में दरोगा मुकेश कुमार ने केएनआईटी के पास प्रशासन की बिना अनुमति के जनसभा करने के आरोप में पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज कराया था। वहीं अनूप संडा समेत अन्य लोगो के विरुद्ध ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने धरना प्रदर्शन कर हाइवे जाम करने के मामले में अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई 26 जून तक टल गई।

### गैंगस्टर एक्ट केस में रिटायर्ड दरोगा की कोर्ट में गवाही दर्ज, अगली सुनवाई 27 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** गैंगस्टर एक्ट के तहत चल रहे एक चर्चित मामले में बुधवार को सेवानिवृत्त दरोगा बृजेश सिंह की गवाही विशेष न्यायालय (गैंगस्टर एक्ट) के न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दर्ज की गई। दरोगा बृजेश सिंह प्रतापगढ़ जनपद के शिवसत दिलीपपुर के निवासी हैं। गवाही के दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता संतोष पांडेय ने जिरह की। जिरह पूरी होने के बाद न्यायालय ने मामले में शेष साक्ष्य के लिए अगली तिथि 27 जून नियत की है। यह मामला पीपरपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी कप्तान सिंह, कमलेश सिंह और जगदीश कहार के विरुद्ध दर्ज है। तत्कालीन थानाध्यक्ष कमलेश बाजपेई की ओर से गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया था, जिसमें कप्तान सिंह को गैंग लीडर बताया गया है।

### संतराम हत्याकांड में आरोपी की जमानत अर्जी सेशन कोर्ट ने की खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत ने हत्या के गंभीर आरोपों में जेल में बंद मोतिगरपुर के खेमपुर निवासी आरोपी राज वर्मा उर्फ अल्वर्ड राज वर्मा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील रजनीश शुक्ल ने बताया वादी हिमांशु अग्रहरि के पिता सन्तराम उर्फ लल्लू पर बीते 8 अक्टूबर 2024 को गोशैसिंहपुर बाजार में जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई थी। घटना में नामजद आरोपी राज वर्मा सहित अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग की थी, जो कई चश्मदीदों द्वारा देखी गई थी। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद जेल में निरुद्ध आरोपी राज वर्मा की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### विवाहिता के अपहरण में तीन आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

विवाहिता के अपहरण के मामले में जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने बुधवार को तीन आरोपितों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। आरोपित सलमान, उसकी मां कुतुब निशा व बहन हिना के खिलाफ गोसाईगंज थाने में केस दर्ज किया गया था। आरोप है कि विवाहिता फूलजहां को संतान न होने के कारण ससुराल वाले प्रताड़ित कर तलाक देने का दबाव बनाया था और बाद में उसे गायब कर दिया था।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी ने किया समर्पण

कोतवाली नगर में दर्ज दुष्कर्म के मामले में बन्धुआकला के आरोपी शिवशंकर भार्गव ने सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने आरोपी को 17 जून तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया।

## गंगा दशहरा पर आज हजारों श्रद्धालु करेंगे स्नान, तैयारी पूरी



धोपाप धाम का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ सुरक्षा की दृष्टि से एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोर तैनात

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लंभुआ थाना क्षेत्र के आदि गंगा गोमती नदी के किनारे स्थित जिले का पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व वाला तीर्थस्थल धोपाप एक ऐसा ही स्थल है, जहां स्नान करने से पाप धुल जाते है। मान्यता है कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने रावण वध के बाद ऋषियों की सलाह पर आदि गंगा गोमती में इसी तट पर डुबकी लगाकर पाप से मुक्ति पाई थी। तभी से इस स्थान का नाम धोपाप घाट पड़ गया। यहां प्रत्येक वर्ष गंगा दशहरा पर्व पर हजारों श्रद्धालु स्नान करते हैं।

किवदंती है कि त्रेता युग में लंकापति रावण के वध के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को ब्रह्म हत्या के पाप का दोषी माना गया था। ऋषियों की सलाह पर भगवान राम ने लंका से अयोध्या लौटते समय गोमती नदी के इसी तट पर स्नान करके ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाई थी। मान्यता है कि तब से इस स्थान का नाम धोपाप घाट पड़ गया। भगवान राम के बाद से पाप मुक्ति की चाह में श्रद्धालु हर साल गंगा दशहरा पर्व पर पहुंचकर स्नान करते हैं। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को आसपास ही नहीं, बल्कि दूरदराज के जिलों से श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं। दो दिन पहले से ही लोगों का आगमन यहां शुरू हो जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां स्नान करने से लोगों के पाप नष्ट हो जाते हैं।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

लंभुआ थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रकाश की व्यवस्था के साथ बॉस बल्ली बाध दिए गए हैं। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए उसका कंट्रोल रूम बनाया गया। खोया पाया केंद्र स्थापित किया गया है साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर लिया है मेले में भी करते रहेंगे। किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत ना आने पाए इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## एक नजर



समीक्षा करते परियोजना निदेशक।

### अपूर्ण आवासों को 15 जून तक कराए पूर्ण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के साथ विकासखंड कूरेभार में आवास की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 व विगत वर्ष 2016-17 से 2023-24 में लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त आवासों की ग्राम पंचायत सचिवों के साथ समीक्षा की गई। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने सभी को निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण आवासो को 15 जून तक पूर्ण करा लिया जाए। जिससे मंडलायुक्त के निरीक्षण में आवास शत प्रतिशत पूर्ण मिले।

### मारपीट के मामले में दो महिलाओं समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में पुलिस ने दो महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध क्रॉस केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मुडिला डीह गांव के रोशन निषाद बीते 1 जून 2025 (रविवार) की रात लगभग नौ बजे दुकान से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में सीताराम निषाद के घर के पास पहुंचे। पहले से ही घात लगाए बैठे विपक्षियों ने गाली गलौज देने लगे। आरोप है कि मना करने पर लाठी से मारा पीटा, जिससे उन्हें काफी चोट आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही सौरभ, मंजू एवं पूजा के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है। बताते चले की 2 जून को देर शाम मारने पीटने के मामले में मंजू देवी की तहरीर पर पुलिस ने रोशन निषाद के भी विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया था।


## पांच जोन व सौ सेक्टरों में बंटा जिला

▸▸ बकरीद में अराजकतत्वों पर रहेगी पैनी नजर
पंचायती राज विभाग जिले भर में करा रहा सफाई

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सात जून को बकरीद पर जिले को पांच जोन व सौ सेक्टरों में बाटा गया है। ईदगाह और उसके आस पास मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। जिले की पांचों तहसीलों को पांच जोन तो एक तहसील में बीस सेक्टर बनाए गए हैं।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठक कर ली गई है। पंचायती राज विभाग द्वारा ईदगाहों की साफ सफाई की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी तहसीलों को जोन में बाटा गया है। हर जोन में एक जोनल मजिस्ट्रेट तो एक तहसील को बीस सेक्टर में बांटते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। साथ ही एडवाइजरी भी जारी की गई है। जैसे बहुसंख्यक समाज की धार्मिक भावनाओ का लिहाज रखते हुए गाय व ऊंट की कुर्बानी न करे। गोस्त, खून, चमड़ी या कोई भी कचरा इधर उधर न फेंके। कुर्बानी अल्लाह की रजा के लिए की जाय न कि दिखाने व नाम कमाने के लिए। नमाज सड़को पर नहीं मस्जिद या ईदगाहों में पढ़ी जाय ताकि यातयात प्रभावित न हो। सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न दी जाए न ही उसकी तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करे।



गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इटकौली में स्थित ईदगाह। अमृत विचार

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस व पीएसी

सीओ सिटी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस व पीएसी के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी। कोई भी अराजक तत्व बक्शे नहीं जाएगी। सभी पर कड़ी नजर बनी रहेगी पुलिस व पीएसी के जवान लगातार गस्त करते रहेंगे। वही पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक सभी क्षेत्राधिकारी व सभी थानों के प्रभारी भ्रमणशील रहेंगे।

## गांव-गांव पहुंच रही 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट

▸▸ पशु स्वास्थ्य शिविर में पशुपालक हो रहे लाभान्वित

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जनपद के दोस्तपुर ब्लॉक के अरगूपुर गांव में 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मित्र सेन यादव, एमटीएस अनिल यादव एवं पायलट अनुभव की टीम द्वारा पशुओं का निरूशुल्क उपचार किया गया, साथ ही दवाइयों का वितरण एवं पशु स्वास्थ्य से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं। डॉ. मित्र सेन यादव ने पशुपालकों को गर्मी से पशुओं की सुरक्षा के उपाय बताए कृ जैसे कि उन्हें सुबह-शाम नहलाना, पर्याप्त पानी पिलाना, दोपहर में छायादार स्थान पर रखना एवं समय-समय पर पेट के कीड़ों की दवा देना। उन्होंने यह भी बताया कि पशु बीमार होने की स्थिति में 1962 टोल फ्री नंबर पर कॉल करके घर बैठे इलाज की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक तिवारी ने बताया कि इस शिविर से ग्रामीण पशुपालकों को व्यापक लाभ मिल रहा है। यह योजना किसानों व पशुपालकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के माध्यम से गांव-गांव जाकर ऐसे कैंप लगाए जा रहे हैं, जिससे पशुपालकों को समय पर उपचार एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, और यह योजना पशुपालन क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।

## सार-संक्षेप



धरने पर बैठे संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के सदस्य। अमृत विचार

### सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति ने दिया धरना

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को प्रांतीय सिंचाई विभाग संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आवाहन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तिकोनिया पार्क में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक विनय कुमार सिंह ने की। कर्मचारियों की मांग थी कि शासन द्वारा महत्वपूर्ण पद जैसे सीचपाल, नलकूप चालक, जिलेदार, मुंशी, उप राजस्व के पदों में कटौती की जा रही है। साथ ही 14 मई को जारी शासनादेश में आर्मेचर, बाइंडर, पेंटर, टरबाइन ऑपरेटर, टेलीफोन ऑपरेटर, वेट क्लर्क रनर चतुर्थ श्रेणी के पद समाप्त किए जाने की बात कही गई है। धरने को संबोधित करते हुए मुन्ना लाल ने कहा कि यह शासनादेश कर्मचारी विरोधी के साथ किसान विरोधी भी हैं इसे वापस लिया जाए। सरकार जब तक शासनादेश वापस नहीं लेती तब तक हम संघर्ष करते रहेंगे। वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वदेव शुक्ला ने बताया कि शासनादेश कर्मचारियों के कमर तोड़ने जैसा है। इस मौके पर मनोज गुप्ता, दिलीप सिंह, राकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार, रविकांत त्रिपाठी, सर्वेश वर्मा, अर्जुन मौर्य, रजनीश त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आवास सर्वे की हकीकत देखने आज आयेगी राज्य स्तरीय टीम

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आवास सर्वे में हुई अनियमिताओं की जांच पड़ताल करने राज्य स्तरीय टीम गुरुवार को गावो में जाकर सर्वे करेगी। गौरतलब हो कि जिले के 14 विकास खंडों में से दो-दो गांवों को चुना गया है। जिन गावों में स्वयं द्वारा सर्वे ज्यादा हुआ है वहीं सर्वेयर द्वारा अधिक संख्या में सर्वे किया गया है। ऐसे गावों की सूची परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने तैयार कर ली। राज्य स्तरीय टीम किन गावों में जाकर स्थलीय निरीक्षण करती है यह तो वही जाने। परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जिन गावों में स्वय या फिर सर्वेयर द्वारा अधिक संख्या में सर्वे किया गया है उनकी सूची राज्य स्तरीय टीम को सौंप दी जाएगी। किस गांव का निरीक्षण करते हैं यह टीम पर निर्भर करता है।



स्वच्छता को लिए लोगों को जागरूक करते बैंक कर्मी। फोटो : अमृत विचार

### बॉब ने पर्यावरण दिवस पर चलाया सफाई अभियान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा की टीम द्वारा क्षेत्रीय प्रमुख संजय कुमार के नेतृत्व में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। आयोजन के माध्यम से प्लास्टिक जनित प्रदूषण को हराने के लिए अभियान भी चलाया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक फेंकना आसान है, लेकिन धरती को कितना नुकसान होता है का संदेश समस्त शहरवासियों को दिया गया।



सड़क का लोकार्पण करते नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल।

### 38 लाख से निर्मित नाली व सड़क का लोकार्पण

अमृत विचार : शहर स्थित घासीगंज वार्ड के गभड़िया क्षेत्र में जेल रोड पर नई सड़क और नाली का निर्माण पूरा हो गया है। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बुधवार को इसका लोकार्पण किया। इस सड़क का निर्माण 38 लाख रुपये की लागत से किया गया है। सड़क की लंबाई 275 मीटर है और इसमें हॉटमिक्स डामरीकरण किया गया है। सड़क के दोनों किनारों पर नालियां भी बनाई गई हैं। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि यह सड़क पहले जर्जर स्थिति में थी। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से यहां पानी भर जाता था। स्थानीय लोगों और कारागार प्रशासन की लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग थी। इस सड़क के बनने से राजेंद्र नगर कॉलोनी और कारागार के आस-पास रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व पालिकाध्यक्ष ने पाकड़, नीम और जामुन के 5 पेड़ भी लगाए। कार्यक्रम का संयोजन सभासद अंतिमा गुप्ता और संदीप गुप्ता ने किया। इस मौके पर सभासद प्रवीण मिश्र, गिरीश कुमार मिश्र, अखिलेश मिश्र समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने सड़क और नाली बनाने के लिए पालिकाध्यक्ष की सराहना की।

## शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी

▸▸ गनपत सहाय पीजी. कॉलेज में आयोजित हुई योग मैराथन दौड़

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के द्वारा आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत बुधवार को गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय 'बजरंगी' के मार्गदर्शन और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह 'राणा' के नेतृत्व में योग मैराथन दौड़ का आयोजन पयागीपुर स्थित महाविद्यालय परिसर में किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य और मुख्य महाविद्यालय प्रभारी प्रो. मो. शाहिद द्वारा हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ की शुरुआत की गई। प्राचार्य ने कहा कि एक विद्यार्थी को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन शैली में शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजिका प्रो. गीता त्रिपाठी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर प्रो. शक्ति सिंह, प्रो. नीलम तिवारी, प्रो. मनोज मिश्रा, डॉ.संध्या श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद द्विवेदी, डॉ. अजय कुमार मिश्रा, डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, अजय सिंह, नन्द लाल विश्वकर्मा आदि छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्था का बोलबाला

▸▸ पंजीकरण से लेकर दवा वितरण व जांच आदि का एक ही काउंटर खुलने से मरीजों को परेशानी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रधानाचार्य व सीएमएस की लाख कोशिश के बाद भी मेडिकल कॉलेज में दुश्वारियां कम नहीं हो पा रही है। पंजीकरण से लेकर दवा व जांच के लिए महिला पुरुष के दो-दो काउंटर बनाए गए हैं। भीड़ के बावजूद भी एक एक काउंटर बंद मिले जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुलतानपुर में मरीजों की परेशानी कम होती नजर नहीं आ रही है। रोगी पंजीकरण व दवा वितरण को लेकर महिला व पुरुष के दो दो काउंटर बनाए गए हैं। बुजुर्गों के लिए अलग से काउंटर बनाए गए हैं। सुविधा तो बनाई गई है लेकिन इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। एक एक काउंटर बंद होने से मरीजों व तीमारदारों की भीड़ बढ़ गई है। लोगों को अपनी बारी के लिए घंटों कतार में खड़ा होना पड़ रहा है।



दवा लेने के लिए लोगों की लगी लंबी कतार। अमृत विचार

### पांच दिन की ही मिल रही दवा

बल्दीराय से आए बुजुर्ग राम किशोर ने बताया कि डाक्टर ने उन्हें सात दिन की दवा लिखी थी। लंबी लाइन के बाद उन्हें सिर्फ पांच दिन की ही दवा दी गई। सुबह से आया हूं 12 बजे दवा मिल पाई है वह भी पांच दिन की। पांच दिन बाद फिर किराया खर्च कर आना पड़ेगा। दवा दे व्यक्ति ने बताया कि सिर्फ पांच दिन की ही दवा दी जाती है।

पूरे मामले में प्रधानाचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव का कहना है कि काउंटर सभी खुले रहते हैं क्यों बंद है इसको पता करवाता हूं।

**हीलाहवाली** ग्राम पंचायतों में पूरे नहीं हुए प्रोजेक्ट, पानी के लिए ग्रामीण हो रहे परेशान

## हर-घर जल योजना पर फिरा पानी, हैंडपंप का ही सहारा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पेयजल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना अब भी अधर में लटकी हुई है। ग्राम पंचायतों में टंकियों का निर्माण और पाइपलाइन बिछाने जैसे जरूरी काम अधूरे पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में हैंडपंप के भरोसे जीना पड़ रहा है।

कुड़वार विकासखंड के डोमनपुर गांव में जनवरी 2022 से 413.17 लाख रुपये की लागत से 250 किलोलीटर क्षमता वाली पानी की टंकी का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद यह योजना अभी तक पूरी नहीं हो सकी। पाइपलाइन की खुदाई से रास्ता खराब हो गया, लेकिन पानी एक बूंद भी नहीं पहुंचा।



अधूरी पड़ी पानी की टंकी। अमृत विचार

गांव निवासी राम जियावन पाल बताते हैं, 'जब निर्माण शुरू हुआ था तो लगा कि अब पानी की समस्या खत्म हो जाएगी, लेकिन टंकी आज भी अधूरी है। कुछ जगह टोटियां लगी हैं, पर कई पुरवों में वो भी नहीं लगीं। डोमनपुर के प्रधान प्रतिनिधि दिव्यांश सिंह उर्फ इशू ने बताया कि निर्माण कार्य कराने वाली संस्था ने बिना सूचना काम बंद कर दिया। कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। टंकी से लगभग 500 से अधिक घरों में पानी कनेक्शन की योजना थी, लेकिन अभी तक अधिकांश घरों में कनेक्शन तक नहीं हुआ है।

> फंडिंग की कमी से कार्य लेट हुआ है। अब इसकी बनाने की समय सीमा 2028 तक बढ़ा दी गई है। कार्य फिर से शुरू कराया गया है, जल्द ही पूरा होगा। जहां कनेक्शन नहीं हुए हैं, वहां भी जल्द कर दिए जाएंगे।
> **-वकार हुसैन,** अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण

### डोमनपुर गांव में अधूरी पड़ी टंकी

जनवरी 2022 में शुरू हुआ था टंकी निर्माण कार्य, लेकिन तीन साल बाद भी अधूरा है। 413 .17 लाख की लागत से बन रही है 250 किलोलीटर की टंकी। अधिकांश घरों में अभी भी जल कनेक्शन नहीं हुआ है।

### निर्बाध जलापूर्ति की आस में ग्रामीण

गांव निवासी करन सिंह और सूर्यांश सिंह बताते हैं कि निर्माण कार्य बीच में बंद हो गया है और जिम्मेदार संस्था का कोई अता-पता नहीं है। जल जीवन मिशन के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई असर नहीं पड़ा।

## ब्लॉक दिवस में अधिकारियों के न आने से बैरंग लौटे फरियादी

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचारः** विकास खण्ड परिसर में ब्लॉक दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्लॉक दिवस का बैनर तो लगा हुआ था लेकिन शिकायतकर्ताओं के बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। फरियादी आ तो रहे थे, लेकिन किसी अधिकारी के नहीं होने के कारण वापस लौट जा रहे थे। ब्लॉक परिसर में ही आयोजित ब्लॉक दिवस में विकास विभाग व पंचायती राज विभाग के किसी अधिकारी या कर्मी का उपस्थित नहीं होना चिन्ता की बात है। इसके साथ ही आयोजन में किसी अन्य विभाग का भी कोई अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं रहा।

# गला रेतकर पत्नी की हत्या

## सहजनवा में वारदात, थाने पहुंचा पति बोला, साहब उसे मार दिया

**जांच शुरू**

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** सहजनवा में सो रही पत्नी का गला रेतकर पति ने उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारा थाने पहुंचकर बोला, साबह उसे मारडाला, शव कमरे में पड़ा है। इसके बाद फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की।

उधर, आरोपित पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सहजनवां थाना क्षेत्र के बाहीलपार निवासी अंगद शर्मा का गांव की नेहा से प्रेम प्रसंग था। घर वालों के विरोध के बाद दो वर्ष पहले दोनों ने घर से भागकर कोर्ट में शादी कर ली और बाहर चले गए।

दो महीना पहले अंगद वापस आया और सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ पिपरा में बुद्धिराम के मकान में प्रथम तल पर किराए का कमरा लिया और दोनों रहने लगे। कुछ दिन बाद अंगद पेंट-पालिश करने के लिए कर्नाटक चला गया। इधर, नेहा किराए के कमरे में अकेले रहती थी। करीब 20 दिन पहले अंगद कर्नाटक से वापस आया था। बुधवार की सुबह करीब छह बजे के आसपास लोगों ने नेहा के चीखने की आवाज सुनी तो कमरे पर पहुंचे। नेहा का गर्दन कटा हुआ था। फर्श पर खून पसरा था शरीर के आधे हिस्से का कपड़ा भी गायब था। जब तक लोग कुछ समझ पाते नेहा ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। उधर, पत्नी की हत्या करने के बाद अंगद सीधे थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण करते हुए पुलिस को हत्या की जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। एसओ महेश चौबे ने बताया कि अभी जांच की जा रही है। सूचना पर नेहा के घर वाले भी मौके पर पहुंच चुके हैं। आरोपित पति से पूछताछ चल रही है।

## एक नजर

### खाद्य पदार्थों का नमूना लेकर भेजा प्रयोगशाला

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बकरीद के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में तहसील डुमरियागंज के अंतर्गत हल्लौर बाजार में सहायक आयुक्त खाद्य आरएल यादव, तहसीलदार, डुमरियागंज एवं पुलिस बल की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा छापा मारकर मानक के अनुरूप न होने के संदेह पर कुल पांच नमूना क्रमशः काजू, किशमिश, मिश्री, पोस्ता दाना तथा मसूर दाल संग्रहित किया गया। नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने एवम प्रतिष्ठान की साफ-सफाई के लिये निर्देश दिया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रभानु, पीके वर्मा, जयप्रकाश, आरएन वर्मा तथा नीरज कुमार चौधरी सम्मिलित रहे।

### ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05045/05046 लालकुआं-राजकोट-लालकुआं विशेष गाड़ी में लालकुआं से 08 जून 2025 से तथा राजकोट से 09 जून 2025 से साधारण द्वितीय श्रेणी के दो अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से लगाये जायेंगे। साधारण द्वितीय श्रेणी के दो अतिरिक्त कोच लगाये जाने के फलस्वरूप यह गाड़ी 20 कोचों से चलायी जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने दी।

# तस्करी का माल रखने के आरोप में तीन दुकानें सील

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नेपाल सीमा से सटे कपिलवस्तु कोतवाली के अलीगढ़वा कस्बे में तीन दुकानों को सील कर दिया गया। इन दुकानों में तस्करी का सामान होने के आरोप में बुधवार दोपहर को यह कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बे के चाइना बाजार इलाके में में कतिपय दुकानों में नेपाल से तस्करी कर लाया गया माल रखा हुआ है। खबर पाकर नायब तहसीलदार सदर विजय श्रीवास्तव ने कपिलवस्तु कोतवाल यशवंत सिंह और एसएसबी इंस्पेक्टर पंकज सिंह की संयुक्त टीम मौके पर पहुंच गई। मगर मौके पर कोई नहीं मिला।

# तालाब में गिरने से बालक की मौत

**दुखद**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मदवा गांव में मंगलवार की देर शाम तालाब में डूबने से सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा पूरा गांव शोकाकुल है।

क्षेत्र के मदवा गांव निवासी शिवपति यादव का सात वर्षीय बेटा राजन मंगलवार की शाम लगभग सात बजे गांव के पूरब बने तालाब के किनारे से जा रहा था। अचानक राजन का पैर फिसला और वह लड़खड़ाते हुए तालाब में जा गिरा। तालाब में पानी अधिक होने के कारण वह डूबने लगा। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजन के मौत की सूचना पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन ने हल्का लेखपाल को बुलवाकर कागजी कोरम पूरा कराते हुए आपदा का मिलने वाले चार लाख की आर्थिक सहायता शीघ्र दिलवाने की बात कही। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर मृत्युंजय पाठक ने बताया कि तालाब में डूबने की बच्चे की जानकारी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



घर के सामने बैठा शोकाकुल परिवार। अमृत विचार



बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर करें टीकाकरण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कासडीह विकासखंड खेसरहा पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थीं। टीकाकरण कार्ड पर आरसीएच नंबर नहीं लिखा था जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने अपने सामने गर्भवती महिला माधुरी की ब्लड जांच, लम्बाई व वजन कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पोषाहार का वितरण बीएचएनडी दिवस में करे। इसके साथ ही एचआरपी रजिस्टर, गर्भवती महिला पंजीकरण रजिस्टर आदि को देखा गया। आंगनबाड़ी एवं आशा दीदी को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए।

# तालाबों में गिरा रहे नालियों की गंदगी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जल पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए सरकार ने तालाबों का सुंदरीकरण करने के लिए अमृत सरोवर योजना चला रखी है। यही कारण है कि इस योजना को पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट कहा जाता है लेकिन जिला मुख्यालय का निकाय प्रशासन उन्हीं तालाबों में नाालियों की गंदगी गिराकर सरकार की मंशा की धज्जियां उड़ाने में लगा है। इसका विरोध करने पर जिला प्रशासन भी नगरपालिका परिषद का समर्थन कर रहा है। स्थानीय नगरपालिका के परशुरामनगर (दतरंगवा) वार्ड में 68 एयर के रकबे वाला एक तालाब है। पहले उक्त तालाब में बरसात का पानी था जो गर्मी में जानवरों की प्यास बुझाने, समय पर खतों की सिंचााई के काम आता था। लेकिन हाल के वर्षों में अतिक्रमण के चलते उसका आकार छोटा होने लगा। ऐसे में नगरपालिका प्रशासन की जिम्मदारी थी कि उक्त पोखरे से अतिक्रमण हटाए लेकिन काम इसके उलट हो रहा है।

वार्ड के नागरिकों के मुताबिक इस वार्ड के बाहरी हिस्से में नई कालोनी बस गई है। जिसकी सुविधा के लिए नगरपालिका कई प्रयास कर रही है। इसी क्रम में जब उक्त बस्ती के जल निकासी का सवाल आया तो नगरपालिका ने नाली निर्माण कराने का कार्य शुरू कराया और नाली का गंदा जल उस तालाब में गिराने की योजना बनाई। जिसका वार्ड के पुराने निवासियों ने विरोध किया। इसकी खबर पर मंगलवार को एसडीएम के साथ निकाय प्रशासन मौका मुआयना करने पहुंवा और वहां एसडीएम ने नगरपालिका द्धारा नाली का टेल पोखरे में गिराने का आदेश दे दिया। इस सिलसिले में नपाध्यक्ष गोविंद माधव एवं उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य का कहना है कि वार्ड के एक हिस्से में नाली नहीं है। वहां के लोगों की सुविधा के लिए नाली का निर्माण होना है। जिसके लिए मंगलवार को दोनों लोग मौके पर गये थे। जहां कुछ ग्रामीणों ने तालाब में नाली का पानी गिराने का विरोध किया था, लेकिन कोई अन्य विकल्प नहीं है। इस कारण मजबूरी में यह फैसला लिया गया मगर अगर इसी तरह विरोध हुआ तो अभी नाली निर्माण कार्य रोक दिया जायेगा।



शिविर में जांच और टीकाकरण करातीं महिलाएं और बच्चे। अमृत विचार

### शिविर में 20 बच्चों का हुआ टीकाकरण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के बिजवार बढ़ई में बुधवार को वीएचएसएनडी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित एएनएम संध्या श्रीवास्तव द्वारा ड्यूलिस्ट के आधार पर 20 बच्चों का टीकाकरण के साथ पांच गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व टीकाकरण किया गया। एएनएम ने गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण जांच के साथ ही गर्भावस्था के दौरान संतुलित पोषण युक्त आहार लेने की सलाह दी तथा संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। शिविर में उपस्थित सीएचओ विंदु शुक्ला ने गांव के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील करते हुए बताया कि किसी भी गंभीर बीमारी होने पर पांच लाख तक का मुफ्त इलाज होगा। विंदु ने उपस्थित आशाओं को आभा आईडी कार्ड बनाने के लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान गौरी, अनुराधा, रूबीना, आयशा, भानमती, विमला देवी आदि मौजूद रहीं।

# स्टेट महिला टेबल टेनिस स्पर्धा से खिलाड़ियों में बढ़ा उत्साह

- स्पर्धा की तैयारी में जुटीं महिला खिलाड़ी प्रदेश के 18 मंडलों के खिलाड़ी होंगे शामिल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में 13 व 14 जून को राज्यस्तरीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। जिले में पहली बार टेबल टेनिस प्रतियोगिता होने से महिला खिलाड़ियों में उत्साह है। प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने को लेकर खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस करना भी शुरू कर दिया है। स्टेडियम में पिछले तीन वर्षों से राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। जबकि इससे पूर्व वालीबॉल महिला राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। लेकिन स्टेडियम बनने के बाद पहली बार राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन होने से जिले के खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। टेनिस खिलाड़ी उजाला गोस्वामी ने बताया कि बड़ी प्रतियोगिता होने से कुछ नया सीखने को मिलता है। संघर्ष की प्रेरणा मिलती है। खिलाड़ी संध्या साहनी ने कहा जिले में हो रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जीतने की कवायद शुरू कर दी गई है। सफलता के लिए प्रतिदिन कड़ी मेहनत की जा रही है। उधर, इस बाबत क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री ने बताया कि राज्यस्तरीय महिला टेबल टेनिस का आयोजन 13 व 14 जून को किया जाएगा। इसे लेकर खिलाड़ियों की प्रैक्टिस शुरू हो गई है। जल्द ही जिला व मंडलस्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर की बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के आयोजन को लेकर डीएम डा. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इस मौके पर डीएम ने कहा कि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के योग थीम पर मनाया जायेगा। 15 जून को सुबह 6-8 बजे तक कार्यक्रम का उद्घाटन एवं सामूहिक योगाभ्यास अलंकृत उद्यान पार्क में किया जायेगा। 16 को 6-8 बजे तक समस्त स्कूलों में सामूहिक योगाभ्यास किया जायेगा। पोस्टर, निबन्ध, रंगोली आदि प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत करने किया जायेगा। 17 को 6-8 बजे ग्राम पंचायतों/अमृत सरोवरों/पार्क में योग सत्र आयोजित कराने का निर्देश दिया। 18 को 6-9 बजे दिव्यांग, समाज के वंचित समूह, कैदी को जेल, अनाथालय में योग सत्र आयोजित किया जायेगा। 19 को 10-12 बजे सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास कराये। 20 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सीएचओ, आशा, एएनएम कार्यशाला का आयोजन कराएं। 21 जून को जनपद स्तर पर जिला स्पोर्ट स्टेडियम में सामूहिक योग किया जायेगा। इसके अलावा तहसील एवं विकस खंडस्तर, ग्राम पंचायत स्तर पर भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कराएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सभी कार्यक्रम संपन्न कराना सुनिश्चित करें।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर।

# बिजली कटौती से दस हजार उपभोक्ता बेहाल, लोगों में रोष

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोटन विद्युत उपकेंद्र पर फीडर की बढ़ोतरी नहीं होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि लोटन विद्युत उपकेंद्र पर ठोठरी फीडर को दो हिस्सों में बांटकर एक नई फीडर बनाने को लेकर कागजों में कवायद चल रही है। इससे उपभोक्ताओं को गर्मी से समय में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोटन विद्युत उपकेंद्र पर वर्तमान में लगभग 16 हजार उपभोक्ता है। जिसमें से लगभग 10 हजार उपभोक्ता ठोठरी फीडर पर है। जबकि अन्य उपभोक्ता सोहांस व लोटन फीडर से जुड़े है। ठोठरी फीडर उपभोक्ता की संख्या अधिक होने के साथ ही फीडर का एरिया भी काफी अधिक है। इससे बार-बार बिजली ट्रीप, ओवरलोड, आंधी बरसात में पेड़ गिरने से पोल टूटने जैसी समस्या रहती है। क्षेत्र अधिक बड़ा होने से विद्युत कर्मियों को समस्याओं को सही करने में भी अधिक समय लगता है। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए बिजली निगम ने ठोठरी को दो हिस्सों में करके सिकरी नाम से एक फीडर बनाने के लिए प्रपोजल भेजा था। जिसे दो वर्ष पहले पास भी कर दिया गया था। लेकिन अभी तक फीडर को अलग नहीं होने से उपभोक्ताओं को सुविधा नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के अजय सिंह, टिंकू, घनश्याम, दूर्गेश, राजीव ने कहा कि बिजली उपकेंद्र पर फीडर बढ़ाया जाए तो उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सकेगी। इस बारे में अधिशासी अभियंता ज्ञान प्रकाश के मुताबिक विद्युत उपकेंद्र पर क्षमता वृद्धि का कार्य किया जा रहा है। उसके बाद फीडर भी बना दिया जाएगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस: रोपेंगे पौधे, लगाई जाएगी प्रदर्शनी



रेलवे प्रशासन द्वारा बनाया गया वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम। अमृत विचार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर के मुख्य आतिथ्य में पांच को रेलवे प्रेक्षागृह गोरखपुर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, प्रमुख विभागाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य रेलकर्मी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर महाप्रबन्धक रेलवे प्रेक्षागृह में नवस्थापित एलईडी वीडियो वाल का शुभारम्भ करेंगी तथा इन्वायरमेन्ट सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट बुकलेट 2025 का विमोचन करेंगी।

विश्व पर्यावरण दिवस पर 05 जून 2025 को रेलवे प्रांगण में महाप्रबन्धक, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याणसंगठन की सदस्याओं एवं प्रमुख विभागाध्यक्षों द्वारा पौधरोपण किया जायेगा तथा कोचिंग डिपो (यांत्रिक विभाग) गोरखपुर द्वारा स्वच्छता उपकरण प्रदर्शनी लगाई जायेगी। पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेष देने के क्रम में स्काउट एवं गाइड्स के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जायेगा। इसके उपरांत विष्व पर्यावरण दिवस अभियान 2025 पर किये गये कार्यो का रिपोर्ट प्रस्तुत किया जायेगा तथा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को महाप्रबन्धक द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। पर्यावरण संरक्षण में पूर्वोत्तर रेलवे का अहम योगदान रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे पर वर्ष 2024-25 में 6.18 लाख पौधे लगाये गये। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को जागरूक करते स्काउट/गाइड के सदस्य।

# समपार निर्माण: बदलेगा ट्रेनों का मार्ग

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के छपरा-औड़िहार रेलखंड पर गाजीपुर सिटी-ऑकुषपुर स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 21 सी के निर्माण कार्य तथा युसुफपुर-करीमुद्दीनपुर स्टेशनों के मध्य इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण, शार्ट-ओरिजिनेषन तथा नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा। निरस्तीकरण बलिया एवं प्रयागराज रामबाग से 05 जून 2025 को चलने वाली 55131/55132 बलिया प्रयागराज रामबाग-बलिया सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। छपरा एवं वाराणसी सिटी से 05 जून 2025 को चलने वाली 55139/55140 छपरा - वाराणसी सिटी-छपरा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। मार्ग परिवर्ततन लखनऊ जं0 से 04 जून 2025 को चलायी गयी 15054 लखनऊ ज0-छपरा एक्स. परिवर्तित मार्ग औड़िहार-मऊ-इंदारा-बलिया के रास्ते जायेगी। रक्सौल से 04 जून को चलाई गई 14007 रक्सौल-आनंद बिहार टर्मिनस एक्स. परिवर्तित मार्ग फेफना-मऊ औड़िहार के रास्ते चलेगी। पुनर्निर्धारण छपरा से 05 जून को चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस छपरा से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी। शार्ट ओरिजिनेशन गाजीपुर सिटी से 05 जून 2025 को चलने वाली 65101 गाजीपुर सिटी-जौनपुर मेमू गाड़ी गाजीपुर सिटी के स्थान पर औड़िहार से चलायी जायेगी। नियंत्रण नई दिल्ली से 05 जून 2025 को चलने वाली 12562 नई दिल्ली-जयनगर एक्स. मार्ग में 90 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। वाराणसी सिटी से 05 जून 2025 को चलने वाली 15552 वाराणसी सिटी-दरभंगा एक्सप्रेस मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### नेपाल के कैसीनो से बर्बाद हो रहे भारतीयों के घर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत-नेपाल बॉर्डर से सटे इलाकों में चल रहे कैसीनो भारतीय युवाओं की बर्बादी के अड्डे बनते जा रहे हैं। नेपाल में संचालित ये कैसीनो कई भारतीय युवाओं को मौत, कर्ज, अपराध और जेल की ओर धकेल रहे हैं। खेल में पूर्वांचल के सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में सिद्धार्थनगर, महराजगंज, संतकबीर नगर, गोरखपुर, कुशीनगर, बलरामपुर आदि के युवा फंसते जा रहे हैं। बता दें कि 10 से 12 साल पहले नेपाल में सिर्फ एक कैसीनो था। आज इस समय नेपाल में कुल 22 कैसीनो चल रहे हैं। वहीं भारत-नेपाल बॉर्डर इलाकों में भी सात कैसीनो चल रहे हैं। भारत-नेपाल के बढ़नी, खुनुवां, ककरहवा, सोनौली बार्डर पर सबसे ज्यादा भारतीय वाहन और इस खेल में शामिल होने के लिए लोग मिल जायेंगे। नौतनवा में शनिवार को नगरपालिका चेयरमैन बृजेश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया गया।

# नाबालिग लड़कों को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 03 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल छपरा को गाड़ी संख्या 12566 में 01 नाबालिग लड़का उम्र लगभग 10 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे चाइल्ड लाइन, छपरा को सुपुर्द किया गया। 03 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल सीवान को गाड़ी संख्या 15053 में 01 नाबालिग लड़का उम्र लगभग 13 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे बाल सुधार गृह, सीवान को सुपुर्द किया गया। 03 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या 02 पर 01 नाबालिग लड़का उम्र लगभग 11 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 03 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या 15707 में 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 16 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे रेलवे सुरक्षा बल गोण्डा द्वारा चाइल्ड लाइन, गोण्डा को सुपुर्द किया गया। 03 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल टनकपुर को 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 15 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे चाइल्ड लाइन, चम्पावत को सुपुर्द किया गया।

## सार-संक्षेप

### विजयेंद्र कुमार जिलामंत्री पद पर मनोनीत

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकासखंड खुनियांव के कंपोजिट विद्यालय बहादुरपुर नवीन पर मंगलवार को अखिल भारतीय प्राशिसं से संबद्ध एवं उप्र प्राशिसं सिद्धार्थनगर के जिला पदाधिकारियों की आपातकाल बैठक की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष प्राशि संघ सिद्धार्थनगर देवेंद्र यादव ने संगठनात्मक चर्चा कर विचार विमर्श करते हुए कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष सुशील पांडेय पर हम लोग विश्वास करते हैं। जिस पर सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में सहमति व्यक्त की। जिला उपाध्यक्ष हरि नरायण शुक्ला ने प्रस्ताव किया कि संविधान के अनुसार एक व्यक्ति दो संगठन में कार्य ही कर सकता है। इसे लेकर अतुल कुमार मिश्र दूसरे गुट में जाकर पद ग्रहण कर लिया है। इसलिए अतुल कुमार मिश्र को जिला मंत्री के पद से हटाया गया तथा उक्त पद पर विजयेन्द्र कुमार मिश्र को जिलामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। इस दौरान जिला संरक्षक सतीश कुमार त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष मिर्जा महबूब हसन, रमेश चन्द्र शुक्ल, नंदीश्वर यादव, शबाना बेगम, चन्द्र कुमार, मो. नदीम, राजेन्द्र यादव, अहमद हुसैन फारूकी, सादिक अली आदि उपस्थित रहे।

### हनुमान चालीसा पाठ के बाद भंडारे का आयोजन



ज्येष्ठ के चौथे मंगलवार को आयोजित भंडारे में शामिल लोग। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** खरैया पोखरा जनकल्याण समिति द्वारा तीन जून को मेडिकल कॉलेज रोड स्थित बशारतपुर में ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के पावन अवसर पर महाभंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया। इसके पूर्व में महिलाओं द्वारा सुंदर कांड, हनुमान चालीसा पाठ व हनुमान जी की आरती के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर उपरोक्त समिति ने नगरवासियों, प्रदेशवासियों व देशवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। समिति के अध्यक्ष डॉ. डीएन त्रिपाठी व सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित बड़े मंगल का दिन प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी विशेष रूप से खरैया पोखरा वासियों के द्वारा विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। सचिव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बड़ा मंगल भारतीय लोक आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है। वहीं कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष रितेश मिश्र, टीएसआई रामवृक्ष यादव एवं डॉक्टर प्रमोद कुमार मद्धेशिया ने एक स्वर में कहा कि हनुमान जी समाज को शक्ति, भक्ति और सेवा का संदेश देते हैं। इस अवसर पर चन्द्रशेखर सिंह, मंजीत श्रीवास्तव, आर के श्रीवास्तव, रामगोपाल द्विवेदी, पवन गुप्ता, सपा नेता राहुल गुप्ता, पत्रकार रवि प्रकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, विकास शर्मा, शशिभूषण दूबे उपरोक्त समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय चौरसिया, उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव हर्ष गुप्ता, संरक्षक रामानंद विश्वकर्मा, सदस्यगण कृष्ण मोहन सिंह, राजीव चौरसिया, संजय सिंह, सुमित विश्वकर्मा, निखिल यादव, अविनाश सिंह, भोलू वर्मा, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



**एक नजर**

### अडानी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 75 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के समूह से बाहरी वाणिज्यिक उधारी के माध्यम से 75 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त किया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि प्राप्त वित्तपोषण का एक हिस्सा मौजूदा 40 करोड़ डॉलर के ऋण के पुनर्वित्त में लगाया जाएगा। जबकि शेष धनराशि का उपयोग देश के प्रमुख हवाईअड्डों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन में इस्तेमाल होगा।

### मौसमी कारकों और मांग में तेजी से बढ़ा ट्रक किराया

**मुंबई।** मांग में तेजी और मौसमी कारकों से मई में देश में ट्रकों के किराए में बढ़ोतरी हुई है। श्रीराम मोबिलिटी के बुलेटिन के अनुसार, गर्मियों के फलों की बागवानी केंद्रों में आवक ने उपभोग को बढ़ावा दिया, जिससे बेड़े की ऑक्यूपेंसी बेहतर हुई। दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत वहीं बेंगलुरु-मुंबई और दिल्ली-मुंबई मार्गों पर क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात

## आयात में विविधता के लिए शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़ रहा है और वह अपने आयात में विविधता लाने के लिए अमेरिका से शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों का आयात बढ़ा सकता है। इसका कारण अमेरिका में इन वस्तुओं की कीमतों का कम होना है।

एक अधिकारी के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारी प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर इस सप्ताह यहां अगले दौर की बातचीत शुरू करेंगे। हालांकि, भारत अमेरिका के साथ एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की तलाश कर रहा है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमें जो मिलता है, वह निर्धारित करेगा कि हम समझौते में आखिरकार क्या अंतिम रूप देते हैं।



• भारत की मंशा अमेरिका के साथ संतुलित और पारस्परिक तौर पर लाभकारी व्यापार समझौते की

यह पूछे जाने पर कि क्या नौ जुलाई से पहले किसी तरह के अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है, अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की इस्पात पर शुल्क बढ़ाने की योजना और शुल्क पर अमेरिकी अधिकारियों के फैसले के खिलाफ अदालत के आदेश पर रोक जैसे घटनाक्रम हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन अनिश्चितताओं के बीच, भारत को ऐसे रास्ते तलाशने होंगे जो देश के लिए अच्छे हों। अधिकारी ने कहा, निर्यात बढ़ रहा है...ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम अमेरिका से खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए शैल गैस, एलएनजी, कच्चा तेल। हमारे स्रोत जितने विविध होंगे, हमारे लिए उतना ही अधिक लाभ होगा। अमेरिका में कीमतें भी कम हैं।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पक्ष में व्यापार अधिशेष की स्थिति है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में नौकरियां अमेरिका को होने वाले निर्यात से जुड़ी हैं। भारत ने पहले ही इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमपीसी की बैठक शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती का फैसला लिया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिन तक चलने वाली बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू परिवेश को देखते हुए नीतिगत दर पर विचार किया जाएगा। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी शुक्रवार को दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में हुई पिछली दो मौद्रिक समीक्षा बैठकों में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती की है।

## गिरावट थमी, 261 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 349.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही।

# भारत ने पाकिस्तान को एडीबी की सहायता का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्तीय सहायता को अनुमोदित किया था। इसमें 30 करोड़ डॉलर नीति आधारित ऋण है और 50 करोड़ डॉलर नीति आधारित गारंटी के तहत दिया जा रहा है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने एडीबी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा व्यय, उसके घटते कर जीडीपी अनुपात और प्रमुख व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी का हवाला देते हुए यह विरोध जताया है। भारत ने एडीबी को अपने संसाधनों के दुरुपयोग की संभावना के बारे में भी आगाह किया है।



• एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

सूत्रों ने कहा कि विकास के विपरीत, अपनी सेना पर व्यय में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के संबंध में केवल उसके घरेलू संसाधन जुटाने के संदर्भ में पूरी तरह नहीं समझाया जा सकता। भारत ने इस पर प्रकाश डाला कि जीडीपी के हिस्से के रूप में पाकिस्तान का कर संग्रह वित्त वर्ष 2018 में 13.0 प्रतिशत था जो 2023 में घटकर 9.2 प्रतिशत रह गया। यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0 प्रतिशत से काफी कम बना हुआ है।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मोटे तौर पर स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर रही। इसे मांग की बेहतर स्थिति, नए ग्राहक मिलने आदि जैसे कारकों से समर्थन मिला। बुधवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा जो अप्रैल में 58.7 पर था। यह आंकड़ा विस्तार की एक और तीव्र दर का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।



• नए ऑर्डर में वृद्धि से सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई

एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा पीएमआई मई 2025 में 58.8 रहा जो हालिया वृद्धि के अनुरूप मोटे तौर पर स्थिर है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने सेवा गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, जैसा कि अप्रैल से नए निर्यात व्यापार सूचकांक में उछाल से स्पष्ट है।

सर्वेक्षण के अनुसार, नए ऑर्डर में तीव्र वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से विज्ञापन, मांग की मजबूती और मौजूदा ग्राहकों से दोबारा मिले ऑर्डर के कारण हुई। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारी भर्ती में वृद्धि की है। वास्तव में, रोजगार सूचकांक इस सर्वेक्षण में अब तक दर्ज किए गए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 16 प्रतिशत सदस्यों ने वेतन वृद्धि की बात कही, जबकि एक प्रतिशत ने गिरावट का संकेत दिया।

## फ्लिपकार्ट की शाखा ने 583 करोड़ में बेची 6% हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट की इकाई फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स ने आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) में अपनी पूरी छह प्रतिशत हिस्सेदारी बुधवार को 583 करोड़ रुपये में बेच दी। फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स फ्लिपकार्ट प्राइवेट लिमिटेड (एफपीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एफपीएल अमेरिका स्थित वॉलमार्ट समूह का हिस्सा है। 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद 'टर्म शीट' के अनुसार, एबीएफआरएल के 7.31 करोड़ शेयर 79.50 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचे गए। यह मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एबीएफआरएल के 86 रुपये के बंद भाव से करीब 7.6 प्रतिशत कम है। गोल्डमैन सैक्स इस सौदे का एकमात्र 'बुकरनर' है। इस लेनदेन में 7.31 करोड़ शेयर की बिक्री शामिल है, जो मुंबई स्थित एबीएफआरएल की करीब छह प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

# अच्छे मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान

**मुंबई, एजेंसी**

देश में इस वर्ष सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक दी है और इससे कृषि एवं एफएमसीजी क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि यदि मानसून की तीव्रता और वितरण कृषि क्षेत्रों में अनुकूल बना रहता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कृषि-आधारित क्षेत्रों में 10-15 प्रतिशत तक की सालाना आय वृद्धि संभव है।

इससे ट्रैक्टर, कृषि इनपुट, ग्रामीण एनबीएफसी और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। गोलफाई का मानना है कि खाद्य महंगाई में नरमी और अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.16 प्रतिशत पर आने जैसे संकेत भारतीय रिजर्व बैंक को 06 जून की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।



• कृषि आधारित क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत तक सालाना आय वृद्धि संभव
• एफएमसीजी क्षेत्र की आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद

यदि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी रही तो अगस्त तक और 0.25 प्रतिशत की कटौती संभव है। इस तरह की मौद्रिक नरमी आवास, ऑटो और ऋण आधारित खपत क्षेत्रों में मांग को गति दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण आय में तेज सुधार के कारण एफएमसीजी, दोपहिया वाहन और कृषि उपकरणों जैसे खपत आधारित क्षेत्रों में छह से आठ प्रतिशत की बिक्री वृद्धि संभव है। डाबर, मैरिको, इमामी, हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों को ग्रामीण बाजारों से अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।



**एक नजर**

### थाने में पत्रकारों की पिटाई पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से उन दो पत्रकारों की याचिका पर बुधवार को जवाब मांगा, जिन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध रेत खनन पर रिपोर्टिंग करने के कारण राज्य के एक थाने में उनके साथ मारपीट की गई। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दोनों पत्रकारों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान की याचिका पर मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,302

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक दो और मौतों के साथ इस साल मरने वालों की संख्या सात हो गयी है। पिछले 24 घंटों में करीब 300 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### हैदराबाद में ट्रॉली बैग में मिला महिला का शव

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचुपल्ली में बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव ट्रॉली बैग में मिला, जिसे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच लग रही है और संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव ट्रॉली बैग में डालकर फेंक दिया गया। अनुमान है कि शव को करीब 10-15 दिन पहले ट्रॉली बैग में डाला गया था। महिला की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंधम में बाचुपल्ली थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

**पटना।** गुजरात के अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या 6ई921 के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली। उन्होंने बताया कि इस विमान में 192 यात्री सवार थे। हालांकि, अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि धमकी भरा संदेश कैसे आया।

# राहुल का बयान देशद्रोह से कम नहीं

## भाजपा अध्यक्ष का पलटवार- नेहरू-गांधी परिवार के आत्मसमर्पणों से भरा है इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आत्मसमर्पण वाले बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह न केवल सशस्त्र बलों और देश का घोर अपमान है, बल्कि यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो हम उस पर हंसते।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मचाई गई तबाही के बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं! उन्होंने कहा, यह देशद्रोह से कम नहीं है। नड्डा ने 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा, राहुल गांधी, आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।



• अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी के आत्मसमर्पण के बयान पर जताई तीखी प्रतिक्रिया

उन्होंने कहा, आत्मसमर्पण आपकी पार्टी कांग्रेस के शब्दकोश में है, आपके डीएनए में है। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया, और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने पड़ोसी देश के समर्थन में बोलने में पाकिस्तानी सेना प्रमुख, उसके प्रधानमंत्री और वहां के आतंकवादी सरगनाओं को भी पीछे छोड़ दिया है। आरोप लगाया राहुल गांधी के कटाक्ष बीमार और खतरनाक मानसिकता को दर्शाते हैं। त्रिवेदी ने भारत की प्रतिष्ठा को कमतर आंकने के लिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के उपनामों का उपयोग करते हुए गांधी को 'राहुल मुनीर' और 'राहुल शरीफ' कहा।

### कांग्रेस ने फिर कहा- मोदी जी, 'नरेंदर बनिए सरेंडर' नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला किया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी ट्रंप का एक फोन आता है और मोदी ने सरेंडर कर दिया। ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन मोदी जी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं जो सरेंडर कर चुके हैं।

### शाहदरा के गुरुद्वारे की भूमि पर वक्फ का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड का शाहदरा की एक संपत्ति (जहां गुरुद्वारा है) पर दावा जताने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वक्फ बोर्ड की विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में 2010 के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज कर दिया था। मामला 1980 के दशक का है, जब दिल्ली वक्फ बोर्ड ने हीरा सिंह (अब मृतक) के खिलाफ शाहदरा के एक गांव में स्थित एक मस्जिद के कब्जे के लिए मुकदमा दायर किया था। बोर्ड ने तर्क दिया कि संपत्ति वक्फ की संपत्ति थी। प्रतिवादी ने दावे को विवादित बताते हुए तर्क दिया कि केस समयसीमा पार कर चुका और दावा किया कि संपत्ति उसे मोहम्मद ने बेची थी।

# प्रदूषणकारी ईंधन से चलने वाली बसों की 2026 से दिल्ली में नो एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी किया निर्देश

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को निर्देश दिया कि सीएनजी, बिजली या नवीनतम बीएस-6 डीजल जैसे स्वच्छ ईंधन से न चलने वाली किसी भी बस को एक नवंबर 2026 से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यह आदेश दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों पर लागू होगा, जिनमें अखिल भारतीय पर्यटक परमिट और स्कूल बस परमिट के तहत चलने वाली बसों समेत विभिन्न श्रेणी की बस शामिल हैं। हालांकि, दिल्ली में पंजीकृत बसों को छूट दी गई है। दूसरे राज्यों की पुरानी और प्रदूषणकारी बसों से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता है। भले ही स्वच्छ ईंधन वाली बस अब अधिक आम हैं, लेकिन राजधानी में आने वाली कई बसों में अब भी अस्वच्छ ईंधन का उपयोग किया जाता है।

आयोग ने पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और जम्मू कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों को 2024 के मध्य या 2025 की शुरुआत तक स्वच्छ ईंधन वाली बसों का इस्तेमाल करने के लिए कहा था।

**रक्षा अलंकरण**



नई दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में बुधवार को 92 सैन्यकर्मियों को विशिष्ट सेवा सम्मान मिला। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति से परम विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करते लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला। एजेंसी

## ईडी ने गोवा भूमि घोटाले के सरगना को किया गिरफ्तार

**पणजी।** ईडी ने गोवा में करोड़ों के भूमि घोटाले के सरगना रोहन हरमलकर को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वह 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव में कुम्भरजुआ से निर्दलीय उम्मीदवार रहा है। पणजी की एक विशेष अदालत ने उसे 14 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने दावा किया कि छापों और तलाशी के बाद हुई जांच के दौरान हरमलकर फरार रहा। धन शोधन का यह मामला गोवा पुलिस की एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि हरमलकर और अन्य आरोपियों ने छद्म नाम, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और राजस्व अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ आदि के जरिये वास्तविक संपत्ति मालिकों के साथ धोखाधड़ी की है।

# अपशिष्ट निपटान के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से कोर्ट का इन्कार

**1984 भोपाल गैस त्रासदी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट को जलाने के खिलाफ दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई से बुधवार को इनकार कर दिया। इस त्रासदी में 5,479 लोगों की जान चली गई थी और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। कोर्ट ने जहरीले कचरे को स्थानांतरित करने और धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में निपटान करने के मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश में 27 फरवरी को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति संजय करोल और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वकील से पूछा, आप मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के समक्ष इस प्रयास में विफल रहे हैं। आपने इस अदालत के समक्ष भी इसे रोकने का प्रयास किया था। कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया गया। अब छुट्टियों के दौरान, आप चाहते हैं कि हम यह सब रोक दें।

# भारत में प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक दशक में 3.2 करोड़ लोग विस्थापित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में बाढ़ और तूफान समेत अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण वर्ष 2015 से 2024 के बीच 3.23 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन दर्ज किया गया। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वालों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपीन के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।

जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान आपदाओं के कारण 210 देशों और क्षेत्रों में 26.48 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ या उन्हें मजबूरी में विस्थापित होना पड़ा। पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, देशों के स्तर पर, पिछले दशक में बांग्लादेश, चीन, भारत, फिलीपीन और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे अधिक रहे।

• जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की रिपोर्ट

चीन में 4.69 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ जबकि फिलीपीन में यह आंकड़ा 4.61 करोड़ रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम था। इसमें कहा गया है, वर्ष 2015 से 2024 के बीच दुनिया के अधिकांश आपदा जनित विस्थापनों का कारण तूफान रहा जिसके चलते 12.09 करोड़ लोग विस्थापित हुए। इसी अवधि में बाढ़ से 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर तूफान से विस्थापनों में 'अम्फान' सहित अन्य चक्रवातों का योगदान लगभग 92 प्रतिशत है।

## एससीएओआरए अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कर रहा है काम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष ने बुधवार को सीजेआई बीआर गवई को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत की 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' एसोसिएशन (एससीएओआरए) पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम करने का आरोप लगाया। दावा किया कि एससीएओआरए ने शीर्ष कोर्ट के सामान्य बुनियादी ढांचे और बार सदस्यों से जुड़े मामलों पर संचार जारी किया था। एससीबीए अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि वह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस संस्था का कामकाज सुसंगत, अनुशासित रहने के साथ अतिक्रमण या टकराव से मुक्त रहे, खास तौर पर बार या सुप्रीम कोर्ट के बुनियादी ढांचे के सामान्य हितों से संबंधित मामलों में। सिंह ने बार में एकीकृत राय को बढ़ावा देने, निर्बाध सहयोग और संस्थागत शुचिता के प्रति सम्मान सुनिश्चित करने तथा बार एवं पीठ के बीच सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्र प्रभावित, फिर भी सरकार चुप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर कटाक्ष

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के कदमों के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र प्रभावित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मामले में पूरी तरह चुप हैं, हालांकि यह आश्चर्य की बात नहीं हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, विदेश मंत्रालय के अनुसार 2024 में 3,37,630 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में एक तिहाई विदेशी छात्र भारत से हैं। अमेरिका गए छात्र अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं तथा 2025 में वहां जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में छात्रों की आकांक्षाएं शायद पूरी न हो पाएं। उन्होंने कहा, ट्रंप ने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। चीनी छात्रों को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री चुप हैं। रमेश ने कहा, वे ऑपरेशन सिंदूर को केवल चार दिनों के बाद बंद करने के राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर पूरी तरह चुप हैं और उन्होंने इस पर चिंता का एक शब्द भी नहीं कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यों से भारतीय छात्रों और उनके परिवारों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

# बेंगलुरु में आरसीबी के लिए बिछे पलक-पांवड़े

## बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने टीम का किया गर्मजोशी से अभिवादन, विराट कोहली की झलक पाने को रहे बेताब

**बेंगलुरु, एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका अभिवादन किया। प्रशंसक करिश्माई विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। शिवकुमार ने कहा, विराट कोहली ने पिछले 18 सालों से अपना अनुभव, अपना प्यार और अपना दिल (आरसीबी को) देकर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है। मैं अपने राज्य के सभी युवाओं की तरफ से उनके प्रति प्यार और सम्मान लेकर यहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से हम इस अभियान में शामिल सभी को बधाई देते हैं। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। 18 साल का संघर्ष कोई छोटी बात नहीं है। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक इसका मजा ले सकें। चिसोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है।

### सरकार ने किया विधान सौध में चैंपियन आरसीबी का स्वागत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढियों पर स्वागत किया। एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी), शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई। इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे।



### तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली

**अहमदाबाद।** 18 साल के इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ विराट कोहली ने अपना हाल–ए–दिल इंस्टाग्राम पर लिखा, इस टीम ने सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है, जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। कोहली ने कहा, जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था। वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। कैप्शन में लिखा, समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, शानदार प्रदर्शन पार्टनर।

### चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने वंशिका से की सगाई

**कानपुर, अमृत विचार।** भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ में हुआ। वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं। कुलदीप और वंशिका बचपन से ही एक दूसरे को जानते हैं। जानकारी के अनुसार वंशिका ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। लखनऊ में हुये समारोह में कुलदीप के परिवार समेत क्रिकेटर रिंकू व यूपी के कई क्रिकेटर भी शामिल हुए। अपने संघर्ष और मेहनत के बल में टीम इंडिया में जगह बनाने वाले कुलदीप पूरे विश्व में चाइनामैन बॉलर के रूप में जाने जाते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टीम और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हुए कई मुकाम हासिल किए। कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 14 दिसंबर 1994 को हुआ था। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे।



# अनुभवहीनता से हमें नुकसान हुआ, युवा टीम भविष्य में बहुत कुछ जीतेगी : पोंटिंग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

पंजाब किंग्स के मुख्य को रिकी पोंटिंग ने माना कि आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से 6 रन की हार के साथ समाप्त हुआ।



पोंटिंग ने मैच के बाद कहा कि आप महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता से हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गयी। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इन्कार कर दिया।

दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज पर उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट थी। हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिये। पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके। पोंटिंग ने कहा कि मैंने सत्र शुरू होने से पहले मुल्लांपुर में श्रेयस (अय्यर) के साथ कहा था... यह एक बेखौफ, आक्रमण और अलग टीम बनाने के बारे में था।



# नए कैप्टन कूल के तौर पर उभरे अय्यर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **धोनी व रोहित के बाद श्रेयस टीम को आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में जरूरत हो सकती है।

महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को इस खिलाड़ी के रूप में समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला।

शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन 3 जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह बिंदास मुंबईकर के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले आईसीसी रिव्यू में कहा था कि मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ फ्रेंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रेंचाइजी के कप्तान बने।

## खेल डायरी



इंग्लैंड के लीसेस्टर में अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक द्वारा आउट किए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इंग्लैंड की एमी जोन्स।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन का भारत में टेस्ट खेलना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट से भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। गेंदबाज गुस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी, जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3–0 से जीती श्रृंखला में नहीं खेल सके। अगर एटकिंसन फिट नहीं होते हैं तो यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से चोटिल हैं।

### सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन कांस्य

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मुएथाई एसोसिएशन आईएफएमए द्वारा अंटालिया टर्की में आयोजित सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत के म्यू थाई खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक जीते। राजस्थान के साहिल ने दो कांस्य पदक एक टीम और एक व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। राजस्थान के ही आदित्य देवन्दा, छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी साहू और अरुणाचल की पनि मंजू जोराम ने एक–एक कांस्य पदक जीता।

# करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी ने भारत की उम्मीदें रखीं कायम

**जकार्ता, एजेंसी**

सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर के बाद बाहर हो गईं।

INDONESIA OPEN

करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट चले मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को हराया।

इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ

### थाईलैंड से अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एशिया कप**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में 5-14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को 6 सितंबर को जापान से खेलना है जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि पूल बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है। हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी जहां सभी को एक दूसरे से एक बार खेलना है।

# वेस्टइंडीज का इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला में किया सूपड़ा साफ



**लंदन, एजेंसी**

- **सात विकेट से मैच जीतकर श्रृंखला को 3-0 से किया अपने नाम, दोनों टीमें अब खेलेंगी तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला**

आदील राशिद के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की वनडे करियर की पहली अर्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें शुक्रवार से 3 मैचों की टी-20 श्रृंखला में भिड़ेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी से देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश से 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराए की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक 7 विकेट गंवा दिए। टीम नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही। शेरफेन रदरफोर्ड ने 70 रन बनाकर टीम को 250 रन के पार पहुंचने में योगदान दिया। गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने आठवें विकेट के लिए 11.2 ओवरों में 91 रनों की साझेदारी करके अपनी टीम को संघर्ष करने का मौका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की ओर से आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। जोसेफ 41 और मोती 63 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 121 रन बना लिए थे। जो रूट (44) व जोस बटलर (नाबाद 41) ने इसके बाद टीम को आसान जीत दिला दी।

# नॉर्वे शतरंज के आठवें दौर में हिकारू ने गुकेश को हराया

**स्टवान्गर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए।



इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12.5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका सेमीफाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की इगा स्वियातेक और विश्व की नवंबर वन खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने भी अगले दौर में जगह बना ली हैं।



स्पेन के अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।



बेंगलुरु में विधान सौधा में आरसीबी द्वारा आईपीएल 2025 जीतने के बाद टीम के सम्मान समारोह के दौरान एकत्रित प्रशंसकों की भीड़।

# 35 हजार क्षमता, पहुंच गए 3 लाख लोग

## अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी, नतीजा मातम में बदला जश्न

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे, आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। इसके अलावा 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा । वहीं एक प्रशंसक ने कहा कि क्षमता से अधिक भीड़ का पहुंचना लापरवाही उजागर करता है। स्टेडियम की क्षमता 35 हजार है, जबकि करीब 3 लाख भीड़ वहां पहुंच गई।

आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए । मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ़ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, हम अपने सितारों को देखने आए थे। मैंने समारोह के टिकट लिए थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिए और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने इस रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे ।



स्टेडियम में घुसने के लिए जद्दोजहद देखी गई।

### पिछले कुछ महीनों में यहां मची भगदड़

**जुलाई 2024, हाथरस सत्संग**

उप्र के हाथरस में भोले बाबा के नाम से चर्चित नारायण साकार हरि के सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत।

**जनवरी 2025, महाकुंभ**

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। मौनी अमावस्या के दिन घाट पर भगदड़ मच गई और 30 लोगों की मौत हो गई थी।

**जनवरी 2025, तिरुपति मंदिर**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ धाम दर्शन के लिए टोकन की बिक्री के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की जान चली गई थी।

## एक नजर

### असद सरकार गिरने के बाद पहली बार सीरिया से हमला

**इजराइल।** इजराइली सेना ने कहा कि सीरिया से मंगलवार को दो रॉकेट दागे गए जो इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स के खुले क्षेत्रों में गिरे। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार दिसंबर में गिरने बाद पहली बार सीरियाई क्षेत्र से इजराइल की ओर हमला किया गया है। सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दारा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों पर बमबारी की।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर 14 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दो-तीन जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में दत्ता खेल के सामान्य क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया था।

### भारत से फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका कम : डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सिंगापुर: भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धोखाधड़ी के 62 आरोपों में से 21 में दोषी पाए जाने पर बुधवार को ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई। एशियन रिपोर्ट चैनल की खबर के अनुसार, अरिवलागन मुथुसामी (40) ने छह माह के भीतर कम से कम 61 पीड़ितों से लगभग 3,10,000 सिंगापुर डॉलर की ठगी की।

# ट्रंप का कर विधेयक घृणित : मस्क

## कुछ दिन पूर्व दक्षता विभाग से इस्तीफा देने के बाद कहा- इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कर और खर्च में कटौती के विधेयक को घृणित करार किया है। रिपब्लिकन पार्टी के विधायी एजेंडे के केंद्रबिंदु माने जाने वाले इस विधेयक को निशाना बनाने वाला मस्क का यह बयान रिपब्लिकन पार्टी में उनकी प्रभाव की परीक्षा होगा। मस्क ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया था।

मस्क ने कुछ दिन पहले सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व किया था और हाल में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है लेकिन मैं अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, खर्च संबंधी संसद का यह बड़ा, अपमानजनक, घटिया विधेयक घृणित है। इसके लिए वोट देने वालों पर शर्म आती है: आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो चुका है और सीनेट में इस पर चर्चा होनी है। यह विधेयक मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करेगा। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को धमकी भरे अंदाज में एक पोस्ट में लिखा, अगले वर्ष नवंबर में हम उन सभी नेताओं को बर्खास्त कर देंगे जिन्होंने अमेरिकी जनता के साथ विश्वासघात किया है। यह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के रुख में बड़े बदलाव को दर्शाता है जिन्होंने ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान के समर्थन में कम से कम 25 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इससे पहले वह ट्रंप के प्रति पर्याप्त रूप से वफादार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन अब वह ऐसा सुझाव देते प्रतीत होते हैं कि यदि सांसद राष्ट्रपति की विधायी प्राथमिकता का समर्थन करते हैं तो उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाने और नयी कर कटौती को इसमें जोड़ने का प्रयास किया गया है।



### अस्पतालों को आपात स्थिति में गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशा-निर्देश वापस लेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था।

### तेल व गैस के नए खनन पर ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**अमेरिका।** पर्यावरणविदों ने अलास्का में तेल और गैस के नए खनन को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है और कहा है कि इससे जलवायु संकट में वृद्धि हो सकती है। दर्जनों प्रदर्शनकारी एंकरेज में गवर्नर माइक डनलेवी द्वारा आयोजित वार्षिक अलास्का सतत ऊर्जा सम्मेलन के आयोजन स्थल के बाहर एकत्र हुए, जहां अमेरिका के आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम, ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन मुख्य वक्ता थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिन पर अलास्का बिकाऊ नहीं है और हमारी सार्वजनिक जमीनों की रक्षा करें जैसे नारे लिखे थे।

### वियतनाम में बढ़े बुजुर्ग तो दो बच्चों की नीति खत्म की

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं।

वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई है: 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ: आस्ट्रेलिया

- रक्षामंत्री राजनाथ ने नई दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की



रक्षामंत्री राजनाथ के साथ मौजूद आस्ट्रेलियाई समकक्ष।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपने रणनीतिक संबंधों को और बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्बर पहलगाम आतंकी हमले पर नयी दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की।

सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं तथा पाकिस्तान से लगती अपनी सीमा पर भारत की गंभीर चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के दूसरी बार सत्ता में बने रहने के बाद मार्लेस भारत की यात्रा करने वाले पहले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई मंत्री हैं। मार्लेस की नई दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है।

### आतंकवाद विरोधी संदेश देने लिए अमेरिका पहुंचा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी सांसदों, अधिकारियों, विभिन्न थिंक टैंक के सदस्यों एवं नीतिगत मामलों के विशेषज्ञों से मुलाकात करेगा और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर, भारत के सामने मौजूद आतंकवाद की चुनौती और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी स्थिति की जानकारी देगा। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अमेरिका की राजधानी पहुंचा और बृहस्पतिवार तक यहां रहेगा।

### कंचनजंगा पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से मजबूत होंगे संबंध

**काठमांडू।** नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय ने कहा है कि भारतीय एवं नेपाली सेना के सदस्यों के कंचनजंगा पर्वत पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

राय ने यह टिप्पणी सोमवार को यहां सेना मुख्यालय में आयोजित नेपाल-भारत संयुक्त माउंट कंचनजंगा पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण समारोह के दौरान की। नेपाली सेना के 10 और भारतीय सेना के पांच जवानों के संयुक्त दल ने 19 और 20 मई को दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी। सोमवार को आयोजित समारोह में दल के सदस्यों ने इस अभियान का झंडा रक्षा मंत्री को सौंपा।


# बांग्लादेश : मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है।

- अंतरिम सरकार ने संशोधित किया कानून, देश के संस्थापक व पूर्व पीएम हसीना के पिता हैं मुजीबुर्रहमान



### संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर होगा मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई है जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। प्रस्ताव में गाजा में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संरा व मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है।

# संरा में भारतीय मुस्लिमों पर टिप्पणी करने पर बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर खराब और खतरनाक छवि पेश किए जाने को लेकर टिप्पण की थी।

भारत के साथ हालिया संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए रवाना हुए पाकिस्तानी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे बिलावल मंगलवार को मीडिया को अपने दृष्टिकोण से अवगत करा रहे थे। सवाल-जवाब सत्र के दौरान, मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो कि अमेरिकी टेलीविजन समाचार (एटीएन) के संरा में संवाददाता हैं, ने बिलावल से मुसलमानों के साथ भारत के व्यवहार पर उनकी टिप्पणियों के बारे में पूछा और उन्हें याद दिलाया कि संघर्ष के दौरान मीडिया को जानकारी देने वाली एक भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी थीं। फातही ने कहा, मैं आज आपके (बिलावल) द्वारा दिए गए एक बयान से शुरुआत करना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है कि कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

महोदय, मैंने दोनों पक्षों की ओर से प्रेस को घटनाक्रम से अवगत कराने के कार्य को देखा है, जहां तक मुझे याद है भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं। वह अपना दूसरा सवाल पूछने ही वाले थे कि बिलावल ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पाकिस्तानी नेता ने भारत की आलोचना की और हमेशा की तरह बयानबाजी जारी रखी।

- खराब और खतरनाक छवि पेश किये जाने पर पत्रकार ने घेरा



# सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- प्रतिबंध के बावजूद काजीरंगा के पास अवैध खनन बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि शीर्ष अदालत द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास पार्कुप पहाड़ क्षेत्र में अवैध खनन जारी है तथा और तेज हो गया है। न्यायालय ने 2019 में उद्यान के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में और उसके आसपास खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा में दुनिया में लुप्तप्राय एक सींग वाले गैंडों की लगभग 65 प्रतिशत आबादी निवास करती है। यह ब्रह्मपुत्र बाढ़ क्षेत्र और कार्बी आंगलोंग पहाड़ियों के बीच एक महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारे का हिस्सा है। उच्चतम न्यायालय ने सीईसी के पूर्व निष्कर्षों पर कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण वन्यजीव आवासों और वन्य परिदृश्यों के क्षरण को रोकने के लिए इस क्षेत्र में खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। असम में एक अज्ञात सरकारी कर्मचारी की शिकायत और फील्ड स्तरीय सत्यापन के आधार पर, सीईसी ने 30 मई को सुप्रीम कोर्ट को एक नई रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कहा गया कि चार अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के आदेश के बावजूद क्षेत्र में खनन गतिविधियां जारी हैं तथा और तेज हो गई हैं। बड़े पैमाने पर खनन जारी है, विशेष रूप से पार्कुप पहाड़ रेंज में, जो एक घोषित वन्यजीव अभयारण्य है और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की दक्षिणी सीमा बनाता है। दिसंबर 2024 में सरकारी कर्मचारी से प्राप्त शिकायत में 2019 से 2023 तक की गूगल अर्थ इमेजरी और स्थल-विशिष्ट डेटा शामिल थे। कथित तस्वीरों से पता चलता है कि खनन कोर्ट के 2019 के प्रतिबंध आदेश के बाद बंद हो गया था लेकिन 2021 के बाद फिर से शुरू हुआ तथा तेज हो गया।

- शीर्ष कोर्ट द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद खनन जारी



**प्रतिक्रिया** पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर दी प्रतिक्रिया

# समग्र दृष्टिकोण से ही सुलझेगा भारत-पाकिस्तान विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर कहा कि इस समस्या का कोई सैन्य समाधान नहीं है तथा इसके लिए एक अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें कूटनीतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक साधनों सहित भारत की पूरी ताकत का लाभ उठाया जा सके।

राघवन ने मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर भारत-पाकिस्तान संबंध विषय पर अपने विचार रखते समय इस बात पर जोर दिया कि भारत का वास्तविक प्रभाव उसकी आर्थिक जीवंतता, सामाजिक बहुलवाद, संस्थागत लचीलेपन और सांस्कृतिक पहुंच में निहित है, न कि केवल उसकी सैन्य शक्ति में। पाकिस्तान में सात साल तक सेवा देने वाले पूर्व राजनयिक ने कहा कि दरअसल पाकिस्तानी सेना भारत की सैन्य शक्ति से खतरा महसूस नहीं करती, बल्कि वह उसके सामने खड़ा होना चाहती है। उन्होंने कहा, पाकिस्तानियों को आपकी सेना की चिंता नहीं है, बल्कि एक राष्ट्र के रूप में आपकी समग्र प्रगति- आपकी आर्थिक वृद्धि, आपकी सामाजिक प्रगति, आपके समाज की बहुलता और आपकी संस्थाओं की ताकत उसकी चिंता है। यही वह चीज है जिससे वे वास्तव में डरते हैं, कोई सैन्य समाधान नहीं है, आपको अपनी पूरी ताकत लगानी होगी। राघवन ने कहा, वास्तविक अर्थों में आपकी ताकत बहुत बड़ी है, वास्तव में आपका सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनीतिक रूप से आधिपत्य पाकिस्तान की चिंता है। इसलिए अगर हम पूरी तरह से सुरक्षा आधारित संबंध की ओर बढ़ते हैं तो यह सब एक तरफ रह जाएगा। आपको पाकिस्तान से केवल दो, तीन या पांच साल के लिए ही नहीं, बल्कि बहुत लंबे समय के लिए निपटना है तथा यह देखते हुए आपको अधिक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। इस बात को रेखांकित किया कि पाकिस्तान के साथ स्थिति महज एक सामरिक या सैन्य मुद्दा नहीं है।



टीसीए राघवन

### संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे : राघवन

राघवन (69) ने जोर देकर कहा कि आज मुख्य चुनौती यह है कि एक कार्यशील द्विपक्षीय संबंध की अनुपस्थिति में उस पड़ोसी के साथ अस्थिर एवं टकराव वाली स्थिति का प्रबंधन कैसे किया जाए जिससे निपटना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ये संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे हैं। राघवन ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने का हालिया निर्णय दर्शाता है कि मेज पर कितने कम राजनयिक विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा, इस बार, एक तरह से आपके पास आईडब्ल्यूटी को स्थगित करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। बाकी जो कुछ भी किया जा सकता था, वह पहले ही किया जा चुका है।